

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



12 नए विधायकों ने विधानसभा सचिव से की मुलाकात..........

कोहली के ओपनिंग पार्टनर हो सकते हैं 11.50 करोड़ में... 11



वर्ष : 12 | अंक : 222 | पटना, बुधवार, 27 नवंबर, 2024 | विक्रम संवत 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# संवैधानिक आदर्शों को अपनाकर विकसित भारत बनाने में योगदान दें देशवासी : मुर्मु

नई दिल्ली/एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशवासियों से संवैधानिक आदर्शों को आचरण में लाने तथा मौलिक कर्तव्यों का पालन करने की अपील करते हुए वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का राष्ट्रीय लक्ष्य हासिल करने को कहा है।श्रीमती मुर्मु ने संविधान को अंगीकार किये जाने के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर मंगलवार को यहां संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा, 75 वर्ष पहले, आज ही के दिन, संविधान सदन के इसी सेंट्रल हॉल में, संविधान सभा ने एक नए स्वतंत्र देश के लिए संविधान बनाने का बड़ा काम पूरा किया था। उस दिन, संविधान सभा के माध्यम से, हम, भारत के लोगों ने, इस संविधान को अपनाया, अधिनियमित किया और खुद को समर्पित किया। हमारा संविधान हमारे लोकतांत्रिक गणराज्य की मजबूत आधारशिला है। हमारा संविधान हमारी सामूहिक और व्यक्तिगत गरिमा सुनिश्चित करता है। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारा संविधान एक जीवंत और प्रगतिशील दस्तावेज है। देश के दूरदर्शी संविधान निमाताओं ने बदलते समय की आवश्यकताओं के अनुरूप नये विचारों को अपनाने की व्यवस्था प्रदान की थी। देश ने संविधान के माध्यम से सामाजिक न्याय और समावेशी विकास से संबंधित कई महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल किए हैं। उन्होंने कहा कि एक नए दृष्टिकोण के साथ, भारत विदेशी राष्ट्रों के समुदाय में एक नई पहचान अर्जित कर रहा है। संविधान निमाताओं ने भारत को अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का निर्देश दिया था और आज भारत एक अग्रणी अर्थव्यवस्था होने के साथ-साथ विश्व-बंधु की भूमिका भी बखूबी निभा रहा है। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि संविधान की भावना के अनुरूप कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका की जिम्मेदारी है कि वे आम लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए मिलकर काम करें। उन्होंने इस बात पर खुशी जतायी कि उच्च न्यायालय के प्रयासों से देश की न्यायपालिका हमारी न्यायिक प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने का प्रयास कर रही है। इस अवसर पर उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला , संसदीय कार्य मंत्री किरेण रिजिजू, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, केन्द्रीय मंत्री, सांसद और विदेशी राजनयिक भी मौजूद थे।



## रणनीति के तहत व्यवधान पैदा करना लोकतंत्र के लिए खतरा : धनखड़

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को संविधान निमार्ता बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर को याद करते हुए कहा कि अगर पार्टियां पंथ को देश से ऊपर रखती हैं तो हमारी स्वतंत्रता दूसरी बार खतरे में पड़ जाएगी। संविधान को अंगीकार किए जाने की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर साल भर चलने वाले समारोहों की शुरूआत के लिए पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने आगाह किया कि रणनीति के तहत व्यवधान पैदा करना लोकतंत्र के लिए खतरा है। धनखड़ ने कहा, यह समय रचनात्मक संवाद, बहस और सार्थक चर्चा के माध्यम से हमारे लोकतांत्रिक मंदिरों की पवित्रता को बहाल करने का समय है ताकि हमारे लोगों की प्रभावी ढंग से सेवा की जा सके।

## शीतकालीन सत्र : दोनों सदनों में विपक्ष का हंगामा

# विस में बिहार माल और सेवा कर (द्वितीय संशोधन) विधेयक पारित



### कर की राशि भुगतान किये जाने पर ब्याज एवं पेनाल्टी से छूट : सम्राट

प्रात : किरण

पटना। बिहार विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन भी दोनों सदनों में सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच कई मौके पर तीखी नोक झोंक हुई। विस में आरक्षण व शराबबंदी को लेकर तो विप में स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर विपक्षी सदस्यों ने हंगमा किया। विस में तरारी विधान सभा क्षेत्र से नव निर्वाचित सदस्य विशाल प्रशांत शपथ लिया। विधान सभा की दूसरी पाली में विपक्ष के हंगामे व बहिष्कार के बीच सदन के पटल पर बिहार माल और सेवा कर (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2024 पेश किया गया। विधेयक को ध्वनिमत से पारित किया गया। अब यह विधेयक बिहार विधान परिषद में पेश किया जायेगा। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि जीएसटी एक फेडरल टैक्स सिस्टम है। केन्द्रीय जीएसटी एक्ट में किये गये किसी भी संशोधन के उपरांत राज्य स्तर पर भी बिहार जीएसटी एक्ट में संशोधन किया जाना आवश्यक है। केन्द्रीय जीएसटी एक्ट में किये गये संशोधनों के आलोक में अध्यादेश के माध्यम से बिहार जीएसटी एक्ट में संशोधन किया गया। उक्त संशोधनों को विधायीत करने हेतु बिहार माल और सेवा कर (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2024 का प्रारूप तैयार किया गया है। विधेयक प्रारूप में जीएसटी अधिनियम की कई धाराओं में संशोधन के साथ-साथ कुछ नई धाराएँ भी जोड़ी गईं। विधेयक के मुख्य अवयवों में जीएसटी के शुरूआती वर्षों के लिए करदाताओं द्वारा इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा के लिए विहित समय-सीमा को बढ़ाते हुए 30 नवम्बर, 2021 किया जाना, सामान्य रूप से प्रचलन के कारण कर का भुगतान नहीं किये जाने अथवा कम किये जाने की स्थिति में वसूली से छूट दिया जाना, वित्तीय वर्ष 2024-25 से आगे की अवधि के लिए कर निर्धारण हेतु नये सेक्शन का प्रावधान, जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण में अपील दायर करने हेतु प्रि-डिपोजिट की राशि में कमी किया जाना शामिल हैं। विधेयक प्रारूप के माध्यम से जीएसटी की शुरूआती वर्षों के लिए करदाताओं को राहत देने हेतु एमनेस्टी स्कीम (माफी स्कीम) का प्रावधान है, जिसमें कर की राशि का पूरा भुगतान किये जाने की स्थिति में ब्याज एवं पेनाल्टी से पूरी तरह से छूट दिया जाना प्रस्तावित है।

### विधानसभा में आरक्षण के मुद्दे पर बेहेस



पटना। बिहार विधानसभा में मंगलवार को आरक्षण और इसकी 65 प्रतिशत सीमा के मुद्दे पर विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच जमकर हंगामा हुआ और नाराज विपक्ष भोजनावकाश से पहले सदन से बहिर्गमन कर गया। विधानसभा में मंगलवार को भोजनावकाश से पहले की कार्यवाही के दौरान सभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव के आरक्षण के मुद्दे पर विपक्ष के कार्यस्थगन प्रस्ताव को खारिज किए जाने के तुरंत बाद ही नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने इस मुद्दे को उठाते हुए बिहार में जाति सर्वेक्षण के आधार पर आरक्षण सीमा में वृद्धि का श्रेय लेने की कोशिश की। उन्होंने अपने तर्क के समर्थन में अलग-अलग घटनाओं का उल्लेख करना शुरू किया, जिससे विपक्ष और वर्तमान के दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा सहित सत्ता पक्ष के बीच जोरदार बहस हुई। श्री यादव ने जब कहा कि यह महागठबंधन सरकार ही थी, जिसने ओबीसी, ईबीसी, एससी और एसटी के लिए आरक्षण की सीमा को बढ़ाकर 65 प्रतिशत किया तो सम्राट चौधरी ने इसका खंडन करते हुए कहा कि आपके माता-पिता के 15 साल के शासनकाल में इस वर्ग को एक भी आरक्षण नहीं दिया था। श्री चौधरी ने कहा कि यह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार ही थी, जिसने आरक्षण दिया और अब हर वर्ग इसका लाभ उठा रहा है। संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा, जब कास्ट सर्वे कराया गया था, उस समय राजद सरकार में थी। हालांकि, विपक्ष में होने के कारण भाजपा ने भी इसका समर्थन किया था। उन्होंने सदन को बताया कि कास्ट सर्वेक्षण कराने का पहला फैसला एनडीए सरकार ने लिया था। साथ ही, एनडीए सरकार के दौरान ही राज्य में आरक्षण की सीमा बढ़ाई गई थी। इससे नाराज होकर पूरा विपक्ष सदन से बहिर्गमन कर गया।

### विस परिसर में विपक्ष का प्रदर्शन


विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन महागठबंधन के विधायकों ने बैनर पोस्टर लेकर विधानसभा में प्रदर्शन कर नारेबाजी की। 65 प्रतिशत आरक्षण को संविधान की नौवीं अनुसूची में डालने की मांग को लेकर हंगामा किया। राजद के विधायक एवं मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने कहा कि संविधान की नौवीं अनुसूची में डाला जाए।

# पुश विज्ञान विवि का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करें : नीतीश

## मुख्यमंत्री ने जिला अतिथि गृह एवं बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय भवन का किया निरीक्षण

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जिला अतिथि गृह पटना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि जिला अतिथि गृह के पुराने कमरों को तोड़कर यहां जो 55 कमरे का नया अतिथि गृह भवन बना है, उसके अनुरूप नया निर्माण कराया जाय। अतिथि गृह के इस नये निर्माण से आने वाले अतिथियों को काफी सुविधा होगी। जिला अतिथि गृह के अंदर के रास्तों को भी ठीक कराने का मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया। उन्होंने परिसर में वृक्षारोपण का भी निर्देश दिया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय भवन परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने साइट प्लान के माध्यम से निमाणार्धीन कार्यों की प्रगति के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय भवन के बचे हुये निर्माण कार्य में तेजी लाकर यथाशीघ्र पूर्ण करायें। इसका निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने से शिक्षकों, कर्मियों, पशुपालकों एवं छात्र-छात्राओं को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की प्रधान सचिव एन विजयलक्ष्मी, भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, जिलाधिकारी डॉ चन्द्रशेखर सिंह सहित बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।



बोलें- आने वाले अतिथियों को होगी सुविधा






## समारोह प्रधानमंत्री ने संविधान दिवस पर आयोजित समारोह को किया संबोधित

# आतंकी संगठन को दिया जाएगा मुंहतोड़ जवाब : मोदी

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत की सुरक्षा को चुनौती देने वाले हर आतंकी संगठन को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। प्रधानमंत्री मंगलवार को संविधान दिवस पर सुप्रीम कोर्ट में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि मैं देश का यह संकल्प दोहराता हूं उन्होंने कहा कि सभी को संविधान दिवस की बधाई। भारत के संविधान का ये 75वां साल पूरे देश के लिए एक गौरव का विषय है। आज मुंबई में हुए आतंकी हमले की भी बरसी है। इस हमले जिनकी मृत्यु हुई उनको मैं श्रद्धांजलि देता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि हमारा संविधान, हमारे वर्तमान और भविष्य का मार्गदर्शक है। बीते 75 वर्षों में देश के सामने जो भी चुनौतियां आई हैं। हमारे संविधान ने हर चुनौती का समाधान करने के लिए उचित मार्ग दिखाया है। संविधान ने आपातकाल का सामना किया। संविधान से मिली शक्ति की वजह से ही आज जम्मू-कश्मीर में भी बाबा साहब आंबेडकर का संविधान पूरी तरह लागू हुआ है। आज पहली बार वहां भी संविधान दिवस मनाया जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि संविधान सभा की बहस के दौरान बाबा साहब आंबेडकर ने कहा था कि संविधान केवल वकीलों का दस्तावेज नहीं है। इसकी भावना हमेशा युग की भावना है। पीएम ने कहा कि आज यह आसान लगता है कि लोगों को नल से पानी मिल रहा है, लेकिन आजादी के 75 साल बाद भी सिर्फ तीन करोड़ घरों में ये सुविधा थी। संविधान की मूल प्रति में भगवान राम, माता सीता की तस्वीरें हैं। भारतीय संस्कृति के प्रतीक चित्र इसलिए हैं ताकि वो हमें मानवीय मूल्यों की याद दिलाते रहें। ये मानवीय मूल्य आज के भारत की नीतियों और निर्णयों का आधार हैं। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 10 साल में 53 करोड़ से ज्यादा भारतीयों के बैंक खाते खुले, जो बैंक के दरवाजे तक नहीं पहुंच पाए। पिछले 10 साल में 4 करोड़ से ज्यादा भारतीयों के घर पक्के हुए। उन्होंने कहा कि भारत के हर नागरिक का सपना विकसित भारत है। इसी ध्येय से हम काम कर रहे हैं। हमने दिव्यांगों को पहचान दिलाई है। हमने संविधान की भावना को सशक्त किया है। हमने त्वरित न्याय के लिए न्याय संहिता लागू की है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब वरिष्ठ नागरिकों को बैंकों में जाकर यह साबित करना पड़ता था कि वे जीवित हैं। आज वरिष्ठ नागरिक डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र की सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। देश के 100 जिले विकास की गति में आगे बढ़ रहे हैं। लोगों की रोजमर्रा जिंदगी की परेशानी दूर करने का काम भी चल रहा है। कुछ साल पहले तक देश में ढाई करोड़ घर अंधेरे में डूब जाते थे। देश में सबको बिजली कनेक्शन देकर हमने घरों को रोशन किया। सुदूर इलाकों में हजारों मोबाइल टावर लगाए गए। ताकि लोगों को 4 जी और 5 जी कनेक्शन की सुविधा मिले। पीएम मोदी ने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने संविधान सभा में अपने भाषण में कहा था कि भारत को ईमानदार लोगों के समूह की जरूरत है जो देश के हित को अपने से ऊपर रखते हैं। राष्ट्र प्रथम की यह भावना आने वाले कई वर्षों तक भारतीय संविधान को जीवंत रखेगी। मैंने उस मयार्दा का पालन करने की कोशिश की जो संविधान ने मुझसे मांगी थी, मैंने उसका अतिक्रमण करने की कोशिश नहीं की।

### मुख्यमंत्री ने संविधान दिवस की दी शुभकामनाएं

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को देशवासियों को संविधान दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा- सभी देशवासियों को संविधान दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं। भारतीय संविधान के निर्माण से जुड़े महान स्वतंत्रता सेनानियों एवं विद्वानों को सादर नमन ।

### विपक्ष ने संविधान को लेकर फैलाया झूठ : संजय

नई दिल्ली। जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए विपक्ष पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस मनाने की शुरूआत पीएम मोदी ने की थी। विपक्ष ने लोकसभा चुनाव में जनता के बीच संविधान को लेकर झूठ फैलाने की कोशिश की। लेकिन चुनावी राज्यों में हार के बाद विपक्ष का चेहरा बेनकाब हो गया है। जनता विपक्ष के झूठ और फरेब की राजनीति में आने वाली नहीं है।

## संक्षिप्त खबरें

### दानापुर रेल मंडल में संविधान दिवस का आयोजन

दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत मंगलवार को रेल मंडल में संविधान दिवस मनाया गया। मंडल मुख्यालय पर पूर्वाह्न में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी के साथ बड़ी संख्या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा संविधान की उद्देशिका को पढ़कर भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व- सम्पन्न, समाजवादी, पंथ निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिये, तथा उन सबमें व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्पित होकर संविधान को आत्मार्पित करने की बात दोहराई गई।

### हाई स्कूल में मनाया गया संविधान दिवस

फतुहा। मंगलवार को हाई स्कूल में संविधान दिवस (26 नवंबर) के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर प्रभारी प्रिंसिपल धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि 2015 से पहले 26 नवंबर को कानून दिवस मनाया जाता था। हालांकि, सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा 19 नवंबर, 2015 को फैसला हुआ कि लोगों में संविधान की महत्त्व को बताने के लिए 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाएगा। इसके बाद 26 नवंबर, 2015 को पहला संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम को अभिनन्दन सर, कुमारी स्मृति कुमकुम, अर्चना कुमारी, इरशाद अली, अंगूरी मैडम सहित अन्य शिक्षकों ने संबोधित किया। कार्यक्रम में सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### एक लड़की को जलांधर पंजाब से बरामद किया गया

दानापुर खगौल। नगर के अंतर्गत खगौल पुलिस ने इलाके से भागी एक 17 वर्षीय लड़की को जलांधर पंजाब से बरामद कर परिजनों को सौप दिया है। लड़की पढ़ाई नहीं करने को लेकर मां बाप द्वारा डांटने पर वह घर से भाग गई थी। खगौल थाना में पदास्थापित एसआई एकता कुमारी ने बताया कि विगत अगस्त महिने में लड़की के परिजनों ने खगौल थाना में अपनी बेटी के गुम होने की शिकायत दर्ज कराया था। जानकारी मिली कि लड़की पढ़ाई में कम नंबर आने और माता पिता के डांटने पर वह घर से भाग गई।लड़की घर से भाग कर सब से पहले वह दिल्ली पास नोएडा सेक्टर 69 चली गई थी। जहां अपने जान पहचान से करीब दो महीने निजी नौकरी की। इस के बाद उस ने अपने कुछ दोस्तों के सलाह पर एक अच्छी नौकरी के लिए पंजाब चली गई। एसआई ने बताया कि काफी छानबीन और टेक्निकल सेल के मदद लड़की को पंजाब के जालंधर से सही सलामत बरामद कर परिजनों को सौप दिया गया।

### संसद की कार्यवाही को बाधित करना उचित नहीं

पटना सिटी (प्राकि)। देश के 75वें संविधान दिवस समारोह का स्वागत करते हुए देश जगाओ-भारत बचाओ मंच के महासचिव बब्बन भाई ने देश की संसद, जहां देश समुचित संचालन एवं विकास हेतु नीतियां निर्धारित होती है, नए कानून बनाए जाते हैं। इसके प्रति मिनट के संचालन पर देश की जनता का लगभग ढाई लाख की राशि खर्च होती है, के संचालन को कुछ विपक्षी सांसदों द्वारा आए दिन ठप कर दिए जाने पर गहरी चिंता बुद्धजीवियों ने जताई है। साथ ही इसे देश विरोधी बताया है और केंद्र सरकार से अनुरोध किया है कि ऐसे सांसदों, जिन्हें जनता संसद में भाग लेने एवं चर्चा के लिए चुन कर भेजती है, के विपरीत कार्य करने को लेकर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। यह भी कहा है कि सरकारी कार्यों में बांधा डालने वालों के विरुद्ध कार्रवाई का प्रावधान हमारे संविधान में पहले से ही मौजूद है और वह आम जनता पर लागू भी होता है। अतः संविधान में समता के अधिकार के तहत पूरी कड़ाई के साथ सांसदों एवं विधायकों पर भी लागू हो। यह बात देश जगाओ-भारत बचाओ मंच के महासचिव बब्बन भाई ने जारी विज्ञप्ति में कही।

### संविधान का संरक्षण व संवर्धन हर भारतीय का दायित्व

पटना सिटी (प्राकि)। गुलजारबाग स्थित राजकीय पोलिटेक्निक में प्राचार्य डॉ श्री भगवान सिंह की अध्यक्षता में संविधान दिवस पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें वक्ताओं ने कहा कि संविधान को अपनाने के 75 वर्ष पूरे होने पर संविधान का संरक्षण व संवर्धन हर भारतीय का दायित्व है। प्रो ब्रजेन्द्र कुमार ने संविधान को भारतीयों का संरक्षक बताया। संगोष्ठी में धन्यवाद ज्ञापन प्रिंटिंग टेक्नोलाजी के प्रभारी विभागाध्यक्ष प्रो बीर बहादुर सिंह ने किया। आयोजन में रुचि कुमारी, हर्षिता कुमारी, मौसम वर्मा, प्राची कुमारी, नयन्सी कुमारी, सुशांत सिन्हा व प्रिंस कुमार ने संविधान दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला।

# पटना में संविधान दिवस पर विशेष जागरूकता अभियान का हुआ आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता

पटना। संविधान दिवस के अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार की केंद्रीय संचार ब्यूरो,सीबीसी, पटना द्वारा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) विक्रम, पटना में मंगलवार(26 नवम्बर, 2024) जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संविधान निमार्ता डॉ भीम राव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित, नालंदा कालेज, बिहारशरीफ के शिक्षा शास्त्र विभाग के अध्यक्ष एवं साहित्यकार डॉ ध्रुव कुमार, सीबीसी पटना के प्रमुख सह उपनिदेशक संजय कुमार, डाइट, विक्रम के प्रचार्य डॉ नवल ठाकुर, पूर्व शिक्षक अजय सहित अन्य के द्वारा कर के किया गया। इस अवसर पर सीबीसी पटना के प्रमुख सह उपनिदेशक संजय कुमार ने कहा कि संविधान दिवस के आयोजन के पीछे मकसद है लोगों को संविधान के बारे में जागरूक करना है। क्योंकि संविधान हमें हर तरह के मौलिक अधिकारों से मजबूत बनाता हैं। उन्होंने कहा कि हर नागरिक को



संविधान और कानून में संशोधन के बारे में जानकारी होनी चाहिये ।उन्होंने कहा कि एक अप्रैल 2024 से लागू तीन नये कानून के बारे में सभी को जानकारी होनी चाहिये जो दंड नहीं बल्कि न्याय दिलाने का काम करता है। मौके पर नालंदा कॉलेज, बिहारशरीफ के अध्यक्ष एवं साहित्यकार डॉ ध्रुव कुमार ने भारतीय संविधान पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि हमारा संविधान विश्व में सबसे सर्वश्रेष्ठ है जो हमें एक जुट रखने का काम करता है ।उन्होंने कहा कि भारत की अखंडता के पीछे हमारा मजबूत संविधान है ।उन्होंने तीन नए कानून की चर्चा करते हुए कहा कि संविधान में संशोधन होते रहे हैं और तीन नए कानून भी इसमें शामिल है जिसका उद्देश्य पीड़िता को न्याय दिलाना है । इस अवसर पर डाइट के प्रचार्य डॉ नवल ठाकुर ने कहा कि देश की आजादी के बाद देश को संचालित करने के लिए संविधान का निर्माण किया गया ।उन्होंने कहा कि बहुत मंथन कर डॉ भीम राव अंबेडकर ने भारतीय संविधान को अंतिम रूप दिया। उन्होंने कहा कि अंग्रजों ने भारतीयों को दण्ड देने के लिए कानून बनाये थे जिसमें बदलाव कर न्याय के लिए कानून में संशोधन किया गया है। मौके पर वरिष्ठ शिक्षक अजय ने कहा कि संविधान की जानकारी को लेकर ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का आयोजन बहुत ही अहम हैं । संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विचारों और अवधारणा से प्रेरित होकर डाइट के छात्र/ छात्राओं ने भारतीय संसद साहित डॉक्टर अंबेडकर का चित्र बनाया। चित्रांकन प्रतियोगिता के तीन सफल प्रतिभागी प्रथम पुरस्कार अनामिका रानी, द्वितीय पुरस्कार जीपू कुमार पासवान तथा तृतीय पुरस्कार के लिए धनंजय कुमार विश्वकर्मा और अर्चना कुमारी को पुरस्कृत किया गया ।मौके पर जनजागृति कला मंच पटना ने संविधान दिवस एवं राष्ट्रीय एकता विषय पर गीत संगीत पेश किया । कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी अमरेन्द्र मोहन ने किया धन्यवाद ज्ञापन अरविंद कुमार ने किया। इस अवसर पर डाइट के व्याख्याता संदीप कुमार, सीमा सिंह, प्रभाकर, सीबीसी के अरविंद कुमार, ऐश्वर्य सहित संस्थान के अन्य व्याख्याता भी उपस्थित थे।

# पूर्व मध्य रेल में संविधान दिवस का आयोजन



● महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह सहित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना पढ़ी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना/ हाजीपुर। भारतीय संविधान को अंगीकार किये जाने की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर पूर्व मध्य रेल में संविधान दिवस का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह के नेतृत्व में मुख्यालय, हाजीपुर स्थित प्रांगण में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा संविधान की प्रस्तावना हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिये तथा उन सबमें व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए संकल्प लेते हैं पढ़ी गयी। उन्होंने कर्मचारियों को संविधान के सिद्धांतों को अपने कार्य और जीवन में अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की ।संविधान दिवस के अवसर पर इसी प्रकार के समारोह दानापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय, धनबाद, सोनपुर एवं समस्तीपुर सहित पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडलो, यूनिटों, कारखानों, आदि में भी आयोजित किये गये जिनमें संविधान की प्रस्तावना पढ़ी गयी।

# राजद कार्यालय में संविधान और उनकी चुनौतियां विषय पर परिचर्चा



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय के बोर्ड रूम में संविधान दिवस के अवसर पर संविधान और उनकी चुनौतियां विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। अवसर पर परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि बिहार में जाति आधारित गणना कराकर 09 नवम्बर, 2023 को आरक्षण की सीमा बढ़ाकर 65 प्रतिशत तत्काल प्रभाव से सरकारी नौकरियों में लागू कराने का निर्णय लिया गया था, और इसके लिए संविधान की नौवीं अनुसूची में 65 प्रतिशत आरक्षण व्यवस्था को शामिल कराने का प्रस्ताव पारित कर केन्द्र सरकार को भेजा गया। लेकिन दलितों, पिछड़ों, अतिपिछड़ों और आदिवासियों के प्रति भाजपा की जो सोच रही है उसी के कारण एक साल बाद भी नौंवी अनुसूचि में आरक्षण व्यवस्था को शामिल कराने के प्रस्ताव स्वीकृति नहीं दिया जिसके कारण आज बिहार में दलितों, पिछड़ों, अतिपिछड़ों और आदिवासियों को लाखों पदों पर नौकरियों में नुकसान हो रहा है। एनडीए सरकार के इस तरह के शोषित, वंचित समाज के प्रति सोच के कारण बिहार में बढ़े हुए आरक्षण का लाभ नहीं मिल पा रहा है और 16 प्रतिशत नौकरियों में इन वर्गों को नुकसान हो रहा है। इस अवसर पर परिचर्चा को संबोधित करते हुए पटना लॉ कॉलेज के पूर्व प्राचार्य मो शरीफ ने कहा कि हमारा हिन्दुस्तान सारे जहां से अच्छा है और हमारा संविधान भी अच्छा है लेकिन अभी जो व्यवस्थाएं चल रही है उनके जुबान पर कुछ है और कार्यों में कुछ है जिसके कारण कहीं न कहीं असमंजस की स्थिति है। आज देश में जो गतिविधियां चल रही है वह कहीं से उचित नहीं है। इस अवसर पर एमीटी लॉ कॉलेज के डीन प्रो राजीव रंजन, बिहार विधान परिषद के पूर्व उपसभापति डॉ रामचन्द्र पूर्वे, ष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चैधरी, प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश राजद प्रवक्ता एजाज अहमद, राष्ट्रीय महासचिव बीनू यादव, विधायक मो कामरान, प्रदेश उपाध्यक्ष मो मुजफ्फर हुसैन राही, मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रवक्ता चितरंजन गगन सहित अन्य गणमान्य नेतागण उपस्थित थे।

# बीआईपीईएक्स- 2024 के अंतर्गत महिला डाक कर्मियों द्वारा निकाली गयी दो पहिया वाहन रैली

प्रात :किरण संवाददाता

पटना । जी.पी.ओ. के परिसर से मंगलवार को महिला डाक कर्मियों द्वारा एक स्कूटी रैली कुमारी सरिता, उप मुख्य डाकपाल (मेल एवं ट्रेजरी) के नेतृत्व में निकाली गई, जिसको बिहार के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल अनिल कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली में 100 के करीब महिला डाक कर्मी अपनी-अपनी स्कूटियों पर विभिन्न तख्तियों पर बीआईपीईएक्स-2024 के सन्देश को लिए हुए पूरे जोश खरोश के साथ पटना जीपीओ से तारामंडल, इनकम टैक्स गोलम्बर, डाक बंगला चौराहा, मौर्या होटल, कारगिल चौक, ज्ञान भवन, एक्जिवीसन रोड, पटना जंक्शन होते हुए वापस पटना जीपीओ पहुँची । इस अवसर पर श्री कुमार ने कहा, कि महिला सशक्तिकरण का इससे बेहतर और कोई उदाहरण नहीं हो सकता और बीआईपीईएक्स-2024 का भी मूल थीम महिला सशक्तिकरण



ही है` साथ ही साथ उन्होंने ये भी बताया कि आदिकाल से ही बिहार सशक्त महिला नेतृत्व वाले समाज का समृद्ध इतिहास रहा है। माता सीता, अहिल्या, गार्गी, भारती, आम्रपाली इत्यादि ये सभी बिहार की पावन धरती से सम्बंधित है और इतिहास के पन्नो पर इनकी ज्ञान, साहस, विद्वता एवं त्याग स्वर्णिम अक्षरों से लिखा है जो बिहार की प्राचीन समाज की उत्तरोत्तर विकास की नींव रखी । मीडिया से संबोधन में श्री कुमार ने बताया कि बिहार परिमंडल बीआईपीईएक्स-2024 के उद्घाटन के पहले दिन यानि की 28नवम्बर, महिलाओं के नाम ही रहेगा जिसमे सारे कार्यक्रम, स्वागत से लेकर मंच के संचालन कार्य महिलाओं द्वारा होंगे । श्री कुमार ने यह भी बताया कि मुख्य अतिथि के रूप में बिहार की स्वर कोकिला शारदा सिन्हा जी को आमंत्रित किया गया था, लेकिन उनके पंच तत्व में विलिन हो जाने के कारण उनके सम्मान में श्रद्धांजलि स्वरुप एक विशेष आवरण का विमोचन बिहार डाक परिमंडल द्वारा किया जाएगा, साथ ही साथ बिहार की महान महिला हस्तियों के सम्मान में पोस्ट कार्ड जरी किया जाएगा। इस अवसर पर पवन कुमार, निदेशक, डाक सेवाएं ने सभी महिलाओं को शुभकामनाएँ दी, साथ ही साथ यातायात पुलिस अधीक्षक को उनकी यातायात सम्बन्धी सुविधा उपलब्ध करने हेतु डाक विभाग की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में नरसिंह महतो, सतर्कता अधिकारी, रंजय कुमार सिंह, मुख्य डाकपाल, पटना जीपीओ, रॉबिन चंद्रा, सहायक निदेशक (फिलाटेली), अनिल कुमार, उप मुख्य डाकपाल (प्रशासन), पटना जीपीओ,संध्या कुमारी, सरिता कुमारी, कुमारी दीपशिखा, सहायक डाक अधीक्षक, श्वेता कुमारी, श्रुति, ममता कुमारी, रुची कुमारी एवं बिहार सर्किल कार्यालय एवं पटना जीपीओ के अधिकारी/कर्मचारीगण एवं आम जनता इस स्वर्णिम पल के साक्षी बने।

# वोटर लिस्ट में युवाओं का नाम जोड़ने को दलीय नेताओं संग बैठक



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के मतदाता सूची में युवाओं का नाम जोड़ने के लिए विशेष अभियान चल रहा है। इस कड़ी में मंगलवार को एसडीओ सत्यम सहाय की अध्यक्षता में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। इसमें एसडीओ ने मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य 28 नवंबर तक चलने की बात कही। इसमें 18-19 वर्ष के अर्हता प्राप्त युवाओं व बालिकाओं के नाम जोड़ने के लिए, मृत व्यक्ति के नाम को विलोपित करने, दोहरी प्रविष्टि को हटाने और संशोधित करने सहित अन्य निर्वाचन कार्य चल रहा है। इसमें राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से सहयोग की अपेक्षा की गई। बैठक का संचालन अवर निवार्ची पदाधिकारी निखिल ने किया। बैठक के दौरान राजनीतिक दलों से जुड़े प्रतिनिधियों ने सुविधा केंद्र खोलने का सुझाव और निर्वाचन कार्य निष्पादित करने को दिया। बैठक में राजद की ओर से पूर्व पार्षद बलराम चौधरी, मोहम्मद जावेद और अन्य राजनीतिक दलों के आधा दर्जन से अधिक प्रतिनिधि उपस्थित थे। दूसरी ओर एसडीओ सत्यम सहाय के निर्देश पर गुलजारबाग स्थित एफएनएस एकेडमी व गुजरी बाजार स्थित ओरिएंटल कॉलेज में जागरुकता शिविर लगाया गया। आयोजित शिविर में अवर निवार्ची पदाधिकारी निखिल ने जागरुकता अभियान में ऐसे युवा, जिनकी आयु एक जनवरी, 25 को 18 साल पूरा हो रहा है, ऐसे लोगों का आवेदन भी लिया गया। एसडीओ ने बताया कि 28 नवंबर तक अभियान चला कर ऑन लाइन व ऑफ लाइन आवेदन लिया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक अभियान में युवाओं व बालिकाओं का नाम जुड़ पाए।

# जीविका दीदियों ने नशा मुक्ति दिवस पर समक को नशा मुक्त बनाने का लिया संकल्प

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। पूरे प्रदेश में में नशा मुक्ति दिवस 2024 के अवसर पर जीविका के 16 सौ से अधिक संकुल स्तरीय संघ एवं 71 से अधिक ग्राम संगठनों के द्वारा माशा मुक्ति दिवस मनाया गया । इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समाज को नशामुक्त बनाने की दिशा में सामूहिक प्रयास करना था । इस अवसर पर जीविका दीदियों ने एकजुट होकर रैली निकाली और नशा उन्मूलन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया। ग्रामीण क्षेत्रों के सामुदायिक भवनों और ग्रामीण क्षेत्रों में जीविका दीदियों ने जागरूकता रैली निकाली । उन्होंने बैनर और नारों के माध्यम से नशा विरोधी संदेश प्रसारित किए। यह कार्यक्रम नशा मुक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक सार्थक कदम है । नशा छोड़ो, जीवन से नाता जोड़ो, एवं स्वस्थ समाज, नशामुक्त समाज,जैसे नारों के साथ दीदियों ने गांव-गांव में जनजागृति फैलाई। नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर जीविका दीदियों ने नशा मुक्ति अभियान से सम्बंधित स्लोगन



से लोगों को जागरूक किया, साथ ही इससे सम्बंधित संदेशों को मेहंदी के द्वारा अपने हथेलियों में भी उकेरी ' नशा मुक्ति दिवस के पूर्व संध्या पर संध्या चौपाल एवं कैडल मार्च का भी आयोजन किया गया । संध्या चौपाल के माध्यम से महिलाओं ने मध निषेध अभियान की सफलता हेतु रात्रि पहर में भी कड़ी निगरानी करने की बात कही । नशा मुक्ति दिवस कार्यक्रम में जीविका दीदियों ने उन महिलाओं को भी आमंत्रित किया जिन्होंने देशी शराब निर्माण एवं बिक्री को छोड़कर सतत जीविकोपार्जन योजना से लाभान्वित होते हुए समाज में मान-सम्मान के साथ खुशहाल जीवन व्यतीत कर रही हैं और लाभान्वित महिलाओं द्वारा अनुभव साझा भी किया गया । सभी ने बिहार में पूर्ण शराबबंदी हेतु एकजुट होने का आह्वान किया और नशा मुक्ति हेतु अपनी आवाज बुलंद की । नशा मुक्ति दिवस २०२४ के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम में नशा मुक्ति की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दीदियों और जीविका कर्मियों को सम्मानित भी किया गया । इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी सफलता सामुदायिक भागीदारी रही। जीविका के प्रयासों से आज न केवल महिलाएँ बल्कि पुरुष और युवा भी नशा मुक्ति अभियान का हिस्सा बन रहे हैं। ग्रामीण स्तर पर आयोजित इन कार्यक्रमों में हजारों लोगों की उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि बिहार में नशा उन्मूलन के प्रति जागरूकता तेजी से बढ़ रही है।

# छात्रों को बताया गया यातायात के नियम, पालन करने पर जोर



प्रात :किरण संवाददाता

शारदा विकास मंदिर के छात्रों को यातायात के नियमों के बारे में जानकारी दी गई। खासकर ऐसे छात्र-छात्राओं को, जो साइकिल से घर से स्कूल आने व लौटने का काम करते हैं। उन्हें यातायात के नियमों को समझाया गया और उसका पालन करने का निर्देश दिया गया। कहते हैं कि सावधानी हटी दुर्घटना घटी। प्रभु की कृपा दृष्टि बनी रहे, यही कामना है। मोहन चतुवेर्दी व मानस चतुवेर्दी ने छात्रों को बताया कि साइकिल या वहां से हमेशा बाय और किनारे से चले जब भी देखें कि आगे रास्ता जाम है तो साइकिल या वहां की गति पहले से ही धीमी कर दें साइकिल या वहां में हमेशा ट्यूब में हवा की मात्रा ठीक रखें हॉर्न को और ब्रेक से लेकर हेडलाइट किस समय-समय पर जांच कर लें। तेज गति में और लहरिया कट साइकिल या वहां नहीं चलाएं वाहनों को ओवरटेक भी करने की कोशिश भूलकर ना करें दोपहिया वाहन चलाते समय और पीछे बैठने वाले दोनों को हेलमेट पहनना जरूरी है ट्रैफिक सिग्नल का अनुपालन करें और सिग्नल लाल होने पर जेब्रा के पहले ही गाड़ी को रोक दें। साइकिल या दोपहिया वाहन पर क्षमता से अधिक भर ना ला दे इससे संतुलन की स्थिति बन सकती है जो दुर्घटना का कारण बनेगी।

# ऑटो गैंग ने हिलसा के व्यापारी से 3 लाख छिन जबरन वाहन से उतारा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

शहर में ऑटो गैंग लगातार सक्रिय होकर बाहर से आने वाले व्यापारियों को अपना शिकार बना रहा है। ताजा मामला बाइपास थाना क्षेत्र के चौकशिकारपुर आरओबी पर घटी। हिलसा में किराना की दुकान चलाने वाले सर्वेश कुमार ने बताया कि वह हिलसा से अकेले चला खरीदारी करने को बस से आया। एनएच30 के महादेव स्थान के पास वह उतरा। इस दौरान ऑटो पर सवार होकर मंडी जाने के लिए चला। ऑटो पर चालक के अलावा तीन अन्य लोग सवार थे। वह अपना पिट्ठू बैग भी रखा हुआ था। इसी दौरान चौकशिकारपुर आरओबी पर अचानक चालक ऑटो को रोक दिया। उसने कहा कि गाड़ी लोड नहीं ले रहा है, आप उतर जाओ। उसने उतरने से इनकार कर दिया। इस दौरान



उसके पास रहा तीन लाख छिन लिया गया और धक्का देकर जबरन ऑटो से उतार दिया और वाहन से भाग चला। ऑटो पर सवार लोगों में से एक मोटा व्यक्ति था। इसके बाद वह आसपास के लोगों से बातचीत किया। पीड़ित व्यापारी सर्वेश का कहना था कि वह लगातार चौक थाना और बाइपास थाना का चक्कर लगाता रहा। पहले वह चौक थाना पहुंचा यहां। उसने पुलिस पदाधिकारी को आपबीती सुनाई। इसके बाद बाइपास थाना क्षेत्र का मामला बताते हुए उसे वहां जाने को कहा गया। बाद में बाइपास की पुलिस भी चौंक थाना का क्षेत्र बताया। दो थाना के बीच वह चक्कर काटता रहा। अंततः बाइपास थाना की पुलिस ने युवक का आवेदन लेकर मामला दर्ज किया। इस संबंध में बाइपास थाना के थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि नालंदा जिला के हिलसा का युवक सर्वेश पटना आ रहा था। इसी दौरान ऑटो पर सवार अपराधियों के द्वारा उसके बैग में रखे गए तीन लाख लेकर फरार हो गए। सर्वेश ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि वह मूल रूप से हिलसा का रहने वाला है। वह वहां किराना की दुकान चलाता है। खरीदारी करने के लिए मंडी आया था। एनएच 30 पर महादेव स्थान के पास बस से उतरा। वह वहीं पर ऑटो पकड़ कर मंडी जा रहा था। ऑटो चालक के अलावा तीन लोग उस पर सवार था। सभी ने उसके बैग में रखे तीन लाख छिन लिए और उसे ऑटो से उतार दिया। अंततः बाइपास थाना में उसका आवेदन स्वीकार किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे को खंगाला जा रहा है। कुछ क्लू मिल पाया है। उस आधार पर रुपया छिनने वाले और ऑटो की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

# इलाज कराने एंबुलेंस या वाहन से आने वाले मरीज हिचकोला से परेशान

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

राजधानी का दूसरा सबसे बड़ा नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के परिसर में बने सड़क की स्थिति खास खराब है। खासकर अस्पताल में प्रवेश करने के बाद केंद्रीयकृत आपात सेवा की ओर जाने वाले रास्ते की स्थिति काफी जर्जर है। आपात सेवा में इलाज के लिए आने वाले मरीज को खासा परेशानी का सामना करना पड़ता है। खासकर प्रसव के लिए आने वाली गर्भवती महिलाओं को परेशानी होती है । गर्भवती को लेकर परिजन पहले केंद्रीय रजिस्ट्रेशन काउंटर पर पर्चा बनवाने आते हैं। चाहे वह ओपीडी का हो या फिर इमरजेंसी का। इस दौरान गर्भवती महिलाओं, फ्रैक्कर के शिकार, हेड इंज्यूरी से लेकर अन्य



चोटग्रस्त मरीजों को एंबुलेंस या अन्य वाहन से लाने पर खासा हिचकोले का सामना करना पड़ता है। इससे उसका मर्ज और बढ़ता जाता है। यही स्थिति बुजुर्गों की होती है। दो पहिया, तिपहिया या चार पहिया वाहन से आने वाले ऐसे बुजुर्ग मरीज भी रोड की जर्जर स्थिति से खासा परेशान हैं। खास करके ई कार्ट से या ट्राली से मरीज को इमरजेंसी से वार्ड में शिफ्ट करने या फिर अल्ट्रासाउंड या अन्य जांच के लिए सेंटर आफ एक्सीलेंस भवन में ले जाया जाता है, तब मरीज रोड की माली हालत से कराह उठता है । मगर इस ओर अस्पताल प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है। यदि गलती से दो पहिया वाहन चालक या उस पर सवार लोग गिर गए, तो बुरी तरह से जख्मी होना भी तय है। अब तो स्थिति यह बन गई है कि पैदल चलने वाले भी सड़क की जर्जर स्थिति के कारण गिर कर चोटिल होने को मजबूर हैं। मगर अस्पताल प्रशासन का ध्यान इस ओर नहीं है। इस संबंध में अधीक्षक और उपाधीक्षक दोनों का यही कहना होता है कि संबंधित विभाग से पत्राचार किया गया है। मगर रोड बनवाने का काम उनका है। जब उनसे स्वीकृति मिलेगी, टेंडर होगा, तभी सड़क बन पाएगी।

# पुनपुन बाराज से 13680 हेक्टेयर भूमि की होगी सिंचाई

## योजना के सभी लंबित पहलुओं पर जल्द कार्रवाई करें : विजय

- जल संसाधन मंत्री ने योजना की प्रगति को लेकर की समीक्षा बैठक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



जल संसाधन विभाग द्वारा पुनपुन बराज योजना के कार्यान्वयन और भविष्य की योजनाओं को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। मंत्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में पुनपुन बराज योजना के मूल स्वरूप के अधीन निर्धारित कमांड क्षेत्रों में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराए जाने के लिए कार्य की रूपरेखा पर विस्तरित चर्चा की गई। बैठक में प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल एवं अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। पुनपुन बराज योजना के मूल स्वरूप के अधीन अरवल, जहानाबाद एवं पटना जिला के 13680 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई सुविधा प्रदान किया जाना है। इसके अतिरिक्त औरंगाबाद जिले के कैरियर कैनाल में सिंचाई सुविधा मुहैया कराए जाने की मांग की जा रही है। पुनपुन बराज योजना अंतर्गत बराज का निर्माण कर लिया गया है, परन्तु भू-अर्जन की समस्या के कारण नहर निर्माण नहीं हो पाया है, जिससे इसके कमाण्ड क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है।

इसके समाधान हेतु मंत्री ने निर्देश दिया कि योजना के अधीन जहां भी भूमि अधिग्रहण की समस्याएं है, वहां प्रेशराइज्ड पाइप के माध्यम से किसान को सिंचाई उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था की जाए। मंत्री ने निर्देश दिया कि योजना के सभी लंबित पहलुओं पर जल्द कार्रवाई सुनिश्चित करें एवं औरंगाबाद जिले के कैरियर कनाल भाग के साथ साथ निर्धारित सिंचाई क्षेत्र को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से विस्तृत योजना प्रतिवेदन तैयार करे। इस योजना से क्षेत्र की कृषि उत्पादकता में वृद्धि होगी और किसानों की आय में सुधार होगा। बैठक में यह भी तय किया गया कि योजना के सभी पहलुओं को शीघ्रता से लागू करने के लिए ठोस प्रयास किए जाए । पुनपुन बराज योजना से अरवल जिला के करपी प्रखण्ड, जहानाबाद जिला के रतनी फरीदपुर, औरंगाबाद जिला के गोह प्रखण्ड एवं जहानाबाद प्रखण्ड तथा पटना जिला के पालीगंज, मसौढी एवं पुनपुन प्रखण्ड के किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी।

# फूल उत्पादकों की प्रशिक्षण से बढ़ेगी आमदनी : मंगल

## 15 जिलों के 40 फूल उत्पादक कृषकों को कृषि मंत्री ने पश्चिम बंगाल रवाना किया

- वित्तीय वर्ष 2024-25 में किसानों के बीच कुल 8 लाख मशरूम किट वितरण किया जाएगा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने बिहार के 15 जिलों के 40 फूल उत्पादक कृषकों को कृषि भवन पटना से मेदनीपुर पश्चिम बंगाल शैक्षणिक परिभ्रमण हेतु जा रही बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। साथ ही पटना जिला के किसानों के बीच मशरूम किट वितरण कर मशरूम किट वितरण योजना का भी शुभारम्भ किया। राज्य के फूल उत्पादक किसानों को फूलों की खेती की नई विधाएँ सीखने के लिए मेदनीपुर, पश्चिम बंगाल का परिभ्रमण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विभाग द्वारा किया गया है। श्री पांडेय ने बताया कि इस दो दिवसीय कार्यशाला में राज्य के 15 जिलों जहाँ गेंदा फूल की खेती मुख्य रूप से होती हैं। वहाँ के किसान सम्मिलित हैं। कृषकों को फूलों की आधुनिक खेती के बारे में विशेष जानकारी प्राप्त करने के लिए रवाना किया गया। इससे राज्य में फूल के उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। माननीय मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रशिक्षण पाकर कृषक अपनी आय में वृद्धि भी कर पायेंगे। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले फूल उत्पादक किसानों को फूलों की गुणवत्ता बढ़ाने हेतु इसकी खेती के लिए सूक्ष्म सिंचाई योजना का लाभ भी दिया जायेगा।

वैसे फूल उत्पादक किसान, जो शेडनेट में फूल की खेती करने के लिए इच्छुक हैं, उनको इस योजना में विशेष रूप से प्राथमिकता दी जायेगी। श्री पांडेय ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में किसानों के बीच कुल 8 लाख मशरूम किट वितरण किया जाना है, जिसका वित्तीय लक्ष्य 440 लाख रुपए है। इसके अलावा इसी वित्तीय वर्ष में झोपड़ी में मशरूम एवं वातानुकूलित मशरूम इकाई की योजना सरकार द्वारा चलायी जा रही है। झोपड़ी में मशरूम अन्तर्गत कुल 38 जिलों में 800 झोपड़ी निर्माण का लक्ष्य निर्धारित है एवं वातानुकूलित मशरूम उत्पादन इकाई अन्तर्गत 20 इकाई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मशरूम उत्पादन के प्रोत्साहन हेतु मशरूम किट पर कुल 90 प्रतिशत, झोपड़ी में मशरूम एवं वातानुकूलित मशरूम उत्पादन इकाई के लिए 50 प्रतिशत तक सहायतानुदान राज्य एवं भारत सरकार द्वारा दिया जा रहा है। इस मौके पर कृषि सचिव संजय कुमार अग्रवाल, एमडी, बिहार राज्य बीज निगम डॉ आलोक रंजन घोष, कृषि निदेशक नितिन कुमार सिंह, निदेशक उद्यान, अभिषेक कुमार, अपर सचिव द्वय शैलेंद्र कुमार एवं कल्पना कुमारी, मंत्री, स्वास्थ्य एवं कृषि विभाग के आप्त सचिव अमिताभ सिंह, निदेशक, बामेती धनंजय पति त्रिपाठी समेत अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# हमारे समूहिक स्वाभिमान का प्रतीक है संविधान गौरव दिवस : विजय

- हमारी डबल इंजन की सरकार ने संवैधानिक मूल्यों को धरातल पर उतारा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने भारत के संविधान के अंगीकृत होने के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर कहा कि इस वर्ष का संविधान दिवस अपने आप में विशेष गौरव का भाव समेटे हुए है । इसलिए हम इसे संविधान गौरव दिवस के रूप में मना रहे हैं। श्री सिन्हा ने आगे कहा कि भारत का सनातन समाज हमेशा से नियम, कायदे और मयादों की परिसीमा में चलने वाला समाज है। इसीलिए बाबा साहेब के निर्देशन में संविधान सभा के हमारे पुरखों ने संविधान के रूप में जो धरोहर सौंपी उसके मूल्य आज 75 साल बाद भी सुरक्षित और संरक्षित हैं। जबकि हमारे पड़ोसी देशों समेत दुनिया के अधिकांश देशों के अनुभव बताते इतने लंबे समय तक संविधान की भावनाएं शायद ही स्थिर रह पाती हैं। श्री सिन्हा ने कहा कि हमारा संविधान हमें विविधता के बीच एक रहने का संदेश देता है। उसी भावना को व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री ने एक हैं तो सेफ हैं का मंत्र देश के नागरिकों को दिया है। उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में देशभर में हमारी डबल इंजन की सरकार संविधान की मूल भावना के अनुरूप जनसरोकार के लिए काम में जुटी है। श्री सिन्हा ने कहा कि हमें तो ताज्जुब होता है कि आपातकाल के जरिए देश के लोकतंत्र का चीरहरण करने वाले लोगों को आज लोकतंत्र और संविधान खतरे में नजर आ रहा है । हमारे संविधान बनाने वालों के साथ अपना नेम और सरनेम जोड़ने वाले ऐसे लोग आरक्षण पर खतरे की बात करते हैं , जिन्होंने केंद्रीय शिक्षण संस्थानों को अल्पसंख्यक संस्थाओं का दर्जा देकर इन्होंने बड़े पैमाने पर पिछड़ों-अतिपिछड़ों को आरक्षण के लाभ से वंचित किया। सुप्रीम कोर्ट के बार-बार आदेश के बावजूद समान अचार संहिता लागू करने और तीन तलाक को समाप्त करने से मुंह चुराते रहे । इनके साथ आज आपातकाल के विरोध में राजनीति करने वाले वो लोग हैं जिन्होंने या तो कांग्रेस के नक्शेकदम पर चलते हुए जनपेक्षाओं का गला घोंटा है या फिर अपनी जमीर से समझौता किया है।

# लालू प्रसाद ने 15 साल के राज में किसी को आरक्षण नहीं दिया : सम्राट

- पीएम मोदी और नीतीश के रहते कोई ताकत आरक्षण खत्म नहीं कर सकती



पटना। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने संविधान दिवस पर बिहार की जनता को बधाई दी और कहा कि जिस संविधान की रचना में बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के साथ बिहार के डाक्टर राजेंद्र प्रसाद और सच्चिदानंद सिन्हा का ऐतिहासिक योगदान था , उस संविधान की आत्मा को आपातकाल थोपने वाली कांग्रेस और दलितों-पिछड़ों को आरक्षण दिये बिना बिहार में पंचायत चुनाव कराने वाले लालू प्रसाद ने सबसे ज्यादा चोट पहुंचायी। श्री चौधरी ने कहा कि लालू प्रसाद ने अपने 15 साल के राज में किसी को आरक्षण नहीं दिया। उन्होंने 2001-02 के पंचायती चुनाव बिना आरक्षण दिये ही कराये थे। उन्होंने कहा कि 2005 में नीतीश कुमार के नेतृत्व में बनी एनडीए सरकार ने 2006 में पहली बार पिछड़ा-अति पिछड़ा वर्ग के साथ महिलाओं को आरक्षण देकर पंचायत चुनाव कराये। उन्होंने कहा कि जब तक प्रधानमंत्री मोदी और नीतीश कुमार हैं, कोई ताकत संविधान और आरक्षण को समाप्त नहीं कर सकती। श्री चौधरी ने कहा कि पिछड़ा विरोधी कांग्रेस ने 1955 में बनी काका कालेलकर समिति की रिपोर्ट को कूड़ेदान में डाल दिया और मंडल आयोग की रिपोर्ट दबा दी। उप मुख्यमंत्री चौधरी ने कहा कि पिछड़े वर्ग से आने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अम्बेडकर को सम्मान देने के लिए पंचतीर्थ बनाये, सभी वर्गों को आरक्षण दिया और पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया। संविधान दिवस मनाने की शुरूआत भी मोदी सरकार ने की। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने सत्ता में रह कर लगातार संविधान का अपमान किया, संविधान की धारा-356 का दुरुपयोग कर 100 से अधिक निर्वाचित राज्य सरकारों को बर्खास्त किया, आरक्षण का विरोध किया और वर्षों तक अम्बेडकर को भारत-रत्न से वंचित रखा, वे लोग पिछले लोकसभा चुनाव के समय संविधान की प्रति लेकर जनता को धोखा दे रहे थे। श्री चौधरी ने कहा कि हरियाणा-महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव और बिहार-यूपी मे हुए उपचुनाव ने संविधान पर झूठ फैलाने वालों को नकार दिया।

# संभल की घटना संविधान की मूल भावना के खिलाफ : तेजस्वी

- बोलें-एकता और अखंडता ही अखंड भारत के प्राण और ताकत

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने यूपी के संभल की घटना को अत्यंत दुखकारी बताते हुए कहा कि यह घटना संविधान की मूल भावना के खिलाफ है। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को निशाने पर लेते हुए कहा कि जब किसी प्रदेश का मुख्यमंत्री बंटोगे तो कटोगे जैसे विध्वंसकारी नारे देने लगे तो समझों वह संवैधानिक कर्तव्यों, राजधर्म और हिंदुस्तान की आत्मा से पूर्णरूपेण विमुख हो चुका है। तेजस्वी ने एक प्रेस बयान जारी कर कहा, निर्दोष युवाओं को पुलिस द्वारा मारा जाना तथा सत्ता इन मौतों पर अट्टहास लगाए जाएं तो समझ लीजिये सत्ता के परिवर्तन की नितांत आवश्यकता है। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि वसुधैव कुटुंबकम्, अनेकता में एकता और सर्वधर्म समभाव की आत्मा वाले हिंदुस्तान के किसी राज्य में ऐसे कृत्य करने वाली सरकार को सत्ता में रहने का कोई नैतिक अधिकार और लोकतांत्रिक हक नहीं है। देश-प्रदेश चलाने के लिए न्यायिक चरित्र व न्याय की जरूरत होती है, अत्याचारी मनोभाव व नफरत भरे एकतरफा निर्णय की नहीं। पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कहा कि देश नफरती शक्तियों को पहचान चुका है तथा लोकतांत्रिक ढंग से ऐसे तत्वों को सत्ता से हटाने की ठान चुका है। नफरत का हारना बहुत जरूरी है। प्रेम का जीतना उससे भी अधिक जरूरी है। उन्होंने अपने बयान में सबसे प्रार्थना करते हुए कहा कि प्रेम चुनिए नफरत नहीं। एकता और अखंडता ही अखंड भारत के प्राण और ताकत हैं।

### आरक्षण की सीमा को बढ़ाए :

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ने बिहार विधान सभा में कहा कि हमारी मांग है कि तुरंत कैबिनेट में एक नया प्रस्ताव लाइए उसको तुरंत मंजूर कीजिए और आरक्षण 85 प्रतिशत बढ़ाये। हम साथ देंगे। उन्होंने कहा कि सरकार आरक्षित लोगों के रोजगार को लेकर चिंतित है तो आनन-फानन में यह बिल जाए हमलोग पास करा देंगे। वहीं सदन में तेजस्वी ने कहा कि,आज संविधान दिवस है। ऐसे में सरकार को आज के दिन यह बताना चाहिए कि बिहार में आरक्षण की सीमा को बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने का प्रावधान लागू करने में देरी क्यों हो रही है। तेजस्वी ने कहा कि महागठबंधन सरकार ने केंद्र सरकार से आरक्षण की सीमा को बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने के प्रावधान को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल किया जाए। लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार ने ऐसा नहीं किया। वहीं कोर्ट ने 20 जून 2024 को इसे निरस्त कर दिया। तेजस्वी ने कहा कि संविधान दिवस पर सरकार से अनुरोध करते हैं कि कोर्ट ने 65 प्रतिशत आरक्षण के प्रावधान को स्टडी करने की बात कही है तो विधानसभा की एक कमेटी बनाई जाए।

# संविधान की 75 वीं वर्षगांठ पर माले का संविधान बचाओ मार्च

## 26 जनवरी तक 2 महीने का चलेगा संविधान बचाओ अभियान




पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भारत का संविधान अपनाए जाने की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज भाकपा-माले के आह्वान पर विधानसभा से लेकर दूर दराज के गांव-इलाके में संविधान बचाओ मार्च का आयोजन किया गया। इसके साथ ही 2 महीने तक चलने वाले संविधान बचाओ अभियान की शुरूआत हो गई। इस मौके पर आज जगह-जगह संविधान की प्रस्तावना का पाठ भी किया गया। विधानसभा के अंदर माले विधायकों ने भी प्रदर्शन किया। माले विधायक दल के नेता महबूब आलम ने कहा कि भाजपा-आरएसएस हर दिन संविधान का एक पन्ना फाड़ डालने की कोशिश कर रही है। ऐसे में संविधान प्रदत्त अधिकारों को इस्तेमाल करते हुए हमें जनता का व्यापक संघर्ष खड़ा करना है। यही फासीवादी हमले को हराने का सबसे प्रभावी तरीका है। पटना में जीपओ गोलंबर से आयोजित संविधान मार्च का नेतृत्व पार्टी के पोलित ब्यूरो के सदस्य अमर, वरिष्ठ पार्टी नेता केडी यादव, महानगर सचिव अभ्युदय, मोहन, मुर्तजा अली, जितेन्द्र कुमार, कमलेश कुमार, माधुरी गुप्ता, शंभूनाथ मेहता सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता कर रहे थे।

कार्यक्रम में गालिब राखी मेहता, पन्नालाल सिंह, संजय यादव, गुरूदेव दास सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल थे। पटना के अलावा नवादा, दरभंगा, गया, मसौढ़ी, बिहारशरीफ, भागलपुर, सिवान, दाउदनगर, आदि मुख्यालयों पर भी मार्च निकाले गए। पटना में बुद्ध स्मृति पार्क पर आयोजित सभा को केडी यादव, शंभूनाथ मेहता और गालिब ने संबोधित किया। अध्यक्षता अभ्युदय ने की। वक्ताओं ने कहा कि यह बड़ी विडंबना है कि


# शराबबंदी के बाद बिहार में अमन-चैन का माहौल : जदयू

पटना। जद यू विधानपार्षद और मुख्य प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार और प्रदेश प्रवक्ता अरविंद निषाद ने मीडिया में जारी एक बयान में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार के द्वारा साल 2016 में बिहार में लागू किए गए पूर्ण शराबबंदी से राज्य में अमन-चैन का माहौल कायम हुआ है। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं के प्रति हो रहे भेदभाव और अत्याचार को देख माननीय मुख्यमंत्री ने साल 2016 में बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू किए जाने की घोषणा की जिसका एकमात्र मकसद घरों में हिंसा और उपेक्षा की शिकार हो रही महिलाओं को उनका वाजिब अधिकार और हक दिलाना था। स दौरान पार्टी प्रदेश प्रवक्ताओं ने नशा मुक्ति दिवस के मौके पर राज्य के लोगों से अपील करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी सरकार की तरफ से बिहार को पूर्ण रुप से नशा मुक्त बनाने के लिए गए संकल्प में अपना सहयोग प्रदान करें और बिहार को स्वस्थ प्रदेश बनाने में अपनी भूमिका का निर्वहन कर राज्य सरकार का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि राज्य में पूर्ण शराबबंदी लागू होने के बाद किए गए कई सर्वे में इसका सकारात्मक परिणाम देखने को मिला है। चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय और अनुग्रह नारायण सामाजिक अध्ययन संस्थान, पटना के द्वारा संयुक्त तौर पर किए एक सामाजिक सर्वेक्षण में करीब 80 फीसदी लोगों ने शराबबंदी के पक्ष में अपनी राय दी और कहा कि इस योजना से आम लोगों को फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि शराबबंदी कानून के लागू होने से राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में बड़े पैमाने पर कमी आई है। उन्होंने कहा कि शराबबंदी के लागू होने से लोगों के स्वास्थ्य पर अनुकूल प्रभाव पड़ा है जिससे कई तरह की बीमारियों में कमी देखने को मिली है।

# संविधान पर आई आंच के खिलाफ कांग्रेस लड़ेगी हर लड़ाई: मोहन प्रकाश

- बाबा साहब के बनाएं संविधान से चलेगा देश : अखिलेश
- संविधान की प्रस्तावना पढ़ कांग्रेस ने मनाया संविधान अंगीकरण दिवस

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में संविधान अंगीकरण दिवस को उत्साहपूर्वक मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने सभी उपस्थित कांग्रेसजन को संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराया और इसकी रक्षा के लिए मजबूती से हर जरूरी लड़ाई लड़ने की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार कांग्रेस के प्रभारी मोहन प्रकाश ने कहा कि बिहार से इस विशेष दिवस का सीधा जुड़ाव रहा है क्योंकि सच्चिदानंद सिंहा जो बिहार के सपूत थे उनसे हस्ताक्षर को संविधान का ड्राफ्ट पटना आया था। बाबा साहब आंबेडकर को याद करते हुए उन्होंने कहा कि यदि संविधान को लागू करने वाले लोग अच्छे नहीं हैं तो यही संविधान गलत हो जायेगा। इस ड्राफ्ट को रखते हुए भीमराव अंबेडकर ने एक भाषण दिया जिसमें उन्होंने सभी के लिए समान अवसर की वकालत की थी और इसे पूरी तरीके से संविधान के माध्यम से लागू भी कराया। समाजवाद और पंथ निरपेक्षता को जोड़ने पर हो हल्ला करने वाले लोग आज संविधान की धज्जियां उड़ाने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस देश में किसी भी कीमत पर नागरिकों के लाश के ढ़ेर पर चलकर वर्तमान सत्ता इस देश को पूरी तरीके से बर्बाद करने पर तुली हुई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि समान विचार वालों में सहिष्णुता होनी चाहिए और सहिष्णुता का असली सार्थकता तभी है जब विरोधी भी सहिष्णुता निभाएं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संविधान को जब अंगीकृत किया जा रहा था तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गोलवलकर और उनके लोगों ने इसका विरोध किया कि ये खंड खंड में संकलित है इसलिए इसे लागू नहीं किया जा सकता लेकिन कांग्रेस पार्टी ने मजबूती से इसे लागू कराया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष चंदन वागची, रामजतन सिन्हा, सांसद मनोज कुमार, पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, विजय शंकर दूबे, वीणा शाही, डा अशोक कुमार, प्रेमचन्द्र मिश्रा, नरेन्द्र कुमार, अफाक आलम, डा समीर कुमार सिंह, अजय निषाद, विधायक अबिदुर रहमान, विजेन्द्र चैधरी, राजेश कुमार, आनन्द शंकर, अजय कुमार सिंह, नीतू सिंह, प्रतिमा कुमारी दास, छत्रपति यादव, संतोष मिश्रा, विश्वनाथ राम, राजेश राठौड़, ब्रजेश प्रसाद मुनन, कपिलदेव प्रसाद यादव, शरवत जहां फातमा, आनन्द माधव, डॉ स्नेहाशीष वर्द्धन पाण्डेय, निधि पाण्डेय, आशुतोष शर्मा, शशि रंजन, मृणाल अनामय सहित सभी जिला अध्यक्ष एवं हजारों की संख्या में कांग्रेसजन शामिल हुए।

# भाजपा कार्यालय में मनाया गया संविधान गौरव दिवस

## संविधान के प्रति सच्ची आस्था एनडीए सरकार की प्राथमिकता : दिलीप

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



भाजपा प्रदेश कार्यालय में संविधान दिवस को संविधान गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। इसके साथ ही भाजपा का संविधान गौरव महोत्सव की शुरूआत हो गयी। संविधान गौरव दिवस समारोह के मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल सहित प्रदेश के दिग्गज नेताओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर सभी उपस्थित लोगों ने संविधान की प्रति पर माथा टेका और उसपर विश्वास व्यक्त किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि आज संविधान दिवस के मौके पर संविधान के प्रति आस्था पर चर्चा हो रही है। उन्होंने कहा कि आज राजनीतिक दलों को यह समझने की जरूरत है कि समाज को आज हम संविधान की बातों को समझा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को सम्मान देने का काम किया। उन्होंने आपातकाल को लेकर काँग्रेस को घेरते हुए कहा कि देश मे आपातकाल लगाया गया। इस दौरान सभी लोकतांत्रिक व्यवस्था का हनन कियाया गया। इससे बड़ा संविधान का देश में अपमान कभी नहीं हुआ। इससे पहले बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि संविधान में सामाजिक, आर्थिक, अभिव्यक्ति और उपासना की स्वतंत्रता दी गयी है। जनक राम ने कहा कि आज हम सभी संविधान दिवस मनाने के लिए इकट्ठा हुए है। किसी सरकार ने संविधान को इतना सम्मान देने का काम नही किया था, लेकिन जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने तब 2015 से 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाने की शुरूआत की गई। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने इसी संविधान के जरिये गरीबी मिटाने का तंत्र और मंत्र दिया।

भाजपा के पूर्व विधायक और प्रदेश प्रवक्ता मनोज शर्मा ने इस कार्यक्रम में संविधान की प्रस्तावना पढ़ी। इस कार्यक्रम का संचालन प्रेम रंजन पटेल ने किया। इस कार्यक्रम में उपस्थित नेतागण ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस कार्यक्रम में बिहार एवं झारखंड के माननीय क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेन्द्र, प्रदेश संगठन महामंत्री भीखूभाई दलसानिया, पूर्व मंत्री रामप्रीत पासवान, विधायक लखिन्द्र पासवान, संजय मयूख, गुरु प्रकाश, निवेदिता सिंह एवं पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी और कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना
अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–41 वर्ष 2024–25

समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदकों / ख्याति प्राप्त फार्मो / निबंधित दुकानदारों / कम्पनियों (जिसे Cupboard and Kitchen के कार्य करने का अनुभव हो उसे विशेष प्राथमिकता दी जायेगी) से निम्नलिखित कार्य के लिए मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता है, जो अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, भवन निर्माण विभाग, पटना, एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 30.11.2024 के अपराहन 12:30 अपराहन बजे तक प्राप्त किया जायेगा एवं उसी दिन 3:00 बजे अपराहृन में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।

कार्य का विवरणी :–

| क0 | सामग्री का नाम एवं विशिष्टयॉ |
|---|---|
| 1 | S/F/F Cupboard & Modular Kitchen & Curtain rod in officer's flat (Type-D) (Block-08 flat No.-104,201 & 202) at Gardanibagh, Patna for the year 2024-25 |

➢ विशेष जानकारी हेतु बेबसाईट बेबसाईट www.state.bihar.gov.in/.prdbihar.gov.in देखें या अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्यावधि में सम्पर्क करें।

कार्यपालक अभियंता,
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भ0नि0वि0, पटना

PR. No. 013330(BCD) 2024-25

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

संपूर्ण सुरक्षा केन्द्र में आएँ, नि:शुल्क एच.आईवी. व यौन जनित रोग जाँच एवं उपचार पाएँ।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना
अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–45 वर्ष 2024–25

समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदकों / ख्याति प्राप्त फार्मो / निबंधित दुकानदारों / कम्पनियों (जिसे Cupboard and Kitchen के कार्य करने का अनुभव हो उसे विशेष प्राथमिकता दी जायेगी) से निम्नलिखित कार्य के लिए मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता है, जो अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, भवन निर्माण विभाग, पटना, एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 30.11.2024 के अपराहन 12:30 अपराहन बजे तक प्राप्त किया जायेगा एवं उसी दिन 3:00 बजे अपराहृन में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।

कार्य का विवरणी :–

| क0 | सामग्री का नाम एवं विशिष्टयॉ |
|---|---|
| 1 | S/F/F Cupboard & Modular Kitchen & Curtain rod in officer's flat (Type-D) (Block-08 flat No.-404,501 & 502) at Gardanibagh, Patna for the year 2024-25 |

➢ विशेष जानकारी हेतु बेबसाईट बेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्यावधि में सम्पर्क करें।

PR. No. 13316 (BCD) 2024-25

कार्यपालक अभियंता,
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल,
भ0नि0वि0, पटना

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

पूर्व मध्य रेल
ई–ऑक्शन सूचना

ई–ऑक्शन सूचना सं. : कॉम/लीज/एसएलआर/ई–ऑक्शन/डीएनआर/24/7. भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, दानापुर मंडल द्वारा निम्न कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है:–
1. कार्य का नाम : 02 सालों के लिए दानापुर मंडल से आरम्भ होने वाली विभिन्न गाड़ियों में पार्सल लोड़िग के लिए एक मुश्त दरों के भुगतान पर एकल ट्रिप के आधार पर एस.एल.आर/एल.एच.बी को पट्टेदारी पर देने के लिए खुली ई–ऑक्शन। 2. अनुबंध की अवधि : 02 (दो) वर्ष। 3. कैटेलॉग संख्या : डीएनआर–पार्सल–24–7. 4. लॉट संख्या : 12296–एसएलआर–एफ1–दानापुर–एस.एम.भी.बी–23–1, 12391–एसएलआर–एफ1–राजगीर–नई दिल्ली–22–1, 12792–एसएलआर–एफ1–दानापुर–सिकंदराबाद–22–3, 12150–एसएलआर–एफ1–दानापुर–पूणे–24–1, 22351–एसएलआर–एफ1–पाटलीपुत्र–एस.एम.भी.बी–24–1, 5. ई–ऑक्शन की तिथि व समय : दिनांक 10.12.2024 को 11:00 बजे से 12:10 बजे तक। (प्रारम्भिक कुलिंग ऑफ की अवधि 30 मिनट एवं लगातार लॉट का समापन अन्तराल 10 मिनट है)। 6. वेबसाईट जहाँ ई–ऑक्शन का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in.

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/
पूमरे/दानापुर

पीआर/01590/डीएनआर/वा./एन/24–25/36

पूर्व मध्य रेल
खुली ई–निविदा सूचना
खुली ई–निविदा सूचना सं0–
08-GSU-SEE 24-25-02

मुख्य परियोजना प्रबंधक (गतिशक्ति)/सोनपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए 'खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। ई–निविदा की अंतिम तिथि 17/12/2024 को 15:00 बजे तक निर्धारित है। ई–निविदा संबंधी एवं निविदा प्रपत्र का अवलोकन वेबसाइट – www.ireps.gov.in पर किया जा सकता है।

**Name of work :** MFP-SPJ Section: Construction of RUB (2 x 6m span) by BOX pushing technique in place of ROB in lieu of level crossing No. 59 "C" at Km. 41/11-13 bet. Khudiram Bose Pusa-Karpurigram station. **Advertised value (In Rs.) :** 125816080.90, **Earnest Money (In Rs.) :** 779100.00

उपरोक्त निविदा सूचना वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी रेल का अधिकार–किसी भी निविदा को स्थगित करने/निरस्त करने अथवा निविदा में सुधार करने हेतु रेलवे का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निविदा दाता का इसमें कोई दावा मान्य नहीं होगा।

वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (गतिशक्ति)
पूर्व मध्य रेल, सोनपुर

पीआर/01584/एसईईजीएस/इंजी0/टी/24–25/36

## संक्षिप्त खबरें

### आसमान में हल्का धुंध और कुहासा छाए रहने की सम्भावना

मुजफ्फरपुर। उत्तर बिहार में अगले 4दिनो तक मौसम के शुष्क रहने की सम्भावना है।इस अवधि में हल्का कुहासा छाया रहेगा। यह जानकारी ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, कृषि मौसम विभाग जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केन्द्र डा0 राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय द्वारा जारी 27से 30 नवम्बर तक के लिए जारी मध्यावधि मौसम पूवार्नुमान में दी है।विगत मौसम पूवार्नुमान अवधि के आकलन में बताया गया है कि पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 26.0 एवं 12.5 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 98 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 57 प्रतिशत, हवा की औसत गति 4.2 कि0मी0 प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 1.1 मि0मी0 तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 0.6 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से0मी0 की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 17.1 एवं दोपहर में 25.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में मौसम शुष्क रहा। पूवार्नुमान की अवधि में अधिकतम तापमान 25 से 27 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12--14 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की सम्भावना है। उत्तर बिहार के जिलों में आसमान साफ और मौसम के शुष्क रहने का अनुमान है। गेहूं बुआई के लिए मौसम को अनुकूल बताते हुए किसानो को प्राथमिकता के साथ गेहूं बुआई करने की सलाह दी गई है।

### संविधान दिवस पर संगोष्ठी व सामूहिक प्रस्तावना पाठ का आयोजन

दरभंगा।सीएम साइंस कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर मंगलवार को ह्यभारतीय संविधान में प्रस्तावना का महत्वह्व विषय पर संगोष्ठी एवं सामूहिक प्रस्तावना पाठ का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य प्रो. दिलीप कुमार चौधरी ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में संविधान में निहित महत्वपूर्ण बातों की चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय संविधान अनेक अर्थों में विशिष्ट है। कार्यक्रम पदाधिकारी डा. सत्येंद्र कुमार झा ने संविधान की कई विशेषताओं का उल्लेख किया। इस अवसर पर प्रो. दिलीप कुमार झा, मो. खालिद अनवर, डा. विश्व दीपक त्रिपाठी, डा. निधि झा, डा. आर्यिका पॉल, डा. डीपी साह, डा. युगेश्वर साह, प्रवीण कुमार झा, डा. रोहित कुमार झा, चेतकर झा, सुनिधि गुप्ता, ज्योति कुमारी आदि सहित दो दर्जन से अधिक स्वयंसेवकों की सार्थक उपस्थिति रही।

### मारपीट की घटना में आठ जख्मी

कल्याणपुर, समस्तीपुर। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना सहित सड़क दुर्घटना में जख्मियों को सामुदायिक अस्पताल में ईलाज के लिए लाया गया। जहां चिकित्सक ने मारपीट के जख्मी की पहचान लदौरा गांव के अरविंद कुमार की 35 वर्षीय पत्नी विनीता कुमारी, उसी गांव के 78 वर्षीय रामफल सिंह, अरविंद कुमार सिंह के 13 वर्षीय पुत्र अमित कुमार 19 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार, 49 वर्षीय शत्रुघ्न प्रसाद सिंह, सड़क दुर्घटना में रामपुरा गांव के रामलाल बैठ के 26 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार बैठा फुलहारा गांव के अरुण दास के पुत्र 30 वर्षीय संजीव दास व बेलसंडी गांव के स्वर्गीय सुमन सहनी के 22 वर्षीय पुत्र प्रवीण कुमार जख्मी में शामिल है। जानकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर बीके ठाकुर ने दी।

### वारंटी गिरफ्तार

कल्याणपुर, समस्तीपुर। स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बाजार समिति के सुजीत कुमार उर्फ मनी को गिरफ्तार किया। इस संबंध में प्रभारी थाना अध्यक्ष दीपक कुमार झा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी मध्य निषेध के प्राथमिकी आरोपी थे। वहीं दूसरी ओर न्यायालय के आदेश पर एन बी डब्लू वारंटी खजूरी गांव के श्याम बाबू को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

# संयुक्त किसान मोर्चा एवं ट्रेंड यूनियन संगठनों ने निकाली चेतावनी रैली

प्रात : किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर ।संयुक्त किसान मोर्चा एवं केंद्रीय ट्रेड यूनियन संगठनों से जुड़े तमाम किसान संगठन, ट्रेड यूनियन संगठन तथा खेत मजदूर संगठनों द्वारा आज चेतावनी रैली का आयोजन किया । यह रैली इन संगठनों द्वारा 26 नवंबर को देश व्यापी चेतावनी रैली के आह्वान पर निकाली गई। जिले के कंपनी बाग स्थित महान शहीद खुदीराम बोस स्मारक से शुरू होकर संयुक्त किसान मोर्चा एवं ट्रेड यूनियन संगठनों की यह संयुक्त रैली जिला समाहर्ता के समक्ष पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई। सभा की अध्यक्षता किसान संगठन की ओर से भूप नारायण सिंह एवं ट्रेड यूनियन की ओर से शंभू शरण ठाकुर ने संयुक्त रूप से किया। वक्ताओं ने कहा कि देश के विकास में मजदूर किसानों एवं अन्य मेहनतकश वर्गों का अहम योगदान रहा है। उनकी उन्नति ही सही अर्थों में देश की प्रगति का सूचक है। लेकिन हमारे देश की सरकारें -चाहे केंद्र की हो या राज्यों की बड़े पूंजी पतियों, बड़े कॉर्पोरेट , बड़े जमीदारों के निहित स्वार्थ में काम करती है ।हमारे देश का शासक वर्ग साम्राजवादी शक्तियों के साथ गठजोड़ करता है और साम्राज्यवाद नव उदारवादी नीतियों को लागू करता है। जिस कारण एक ओर जहां देश की आम जनता खासकर मेहनतकश अवाम महंगाई का शिकार है वहीं मुट्ठी भर अमीरों, धन्ना सेठ पूंजी पतियों, बड़े जमीदारों एवं लुटेरों के पास देश की धन संपदा का बड़ा हिस्सा इनके कब्जे में है ।बाकी देश के गरीब, किसान मजदूर हर तरह का मेहनतकश वर्ग गरीबी, बेकारी, महंगाई एवं बदहाली का जीवन जीने को मजबूर है, आत्महत्या करने को मजबूर हैं। वहीं सरैया में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की चारदीवारी एवं शौचालय तोड़कर अस्पताल की 62 फीट जमीन माफियाओं ने कब्जा कर लिया है ।सरकार अस्पताल की जमीन को कब्जा मुक्त कराने की बजाय इसके लिए आंदोलन कर रहे आंदोलनकारियों पर ही लाठी चला रही है। प्रदर्शनकारियों के प्रतिनिधिमंडल द्वारा 20 सूत्री मांग पत्र जिलाधिकारी को सौंपा गया ।जिसमें एमएसपी की कानूनी गारंटी करने, बड़े पूंजीपति के हित में लाई गई स्मार्ट प्रीपेड मीटर की योजना को रद्द करने, मजदूर विरोधी चार श्रम संहिता कानून को वापस लेने, डी बंदोपाध्याय भूमि सुधार आयोग की सिफारिश को सार्वजनिक करने एवं उनके सिफारिशों को लागू करने ,बिहार में पुनः मंडी को चालू करने ,कैमूर में वन अभ्यारण के नाम पर आदिवासियों के उजारने की साजिश को बंद करने, वन अधिकार कानून 2006 को लागू करने, मनरेगा मजदूरों को 200 दिन काम देने एवं 600 रुपए मजदूरी लागू करने, आंगनबाड़ी, रसोईया, ममता एवं सभी योजना कर्मियों को राष्ट्रीय स्तर पर 26000 की न्यूनतम वेतन लागू करने एवं 60 वर्ष से ऊपर सभी बुजुर्ग, वृद्ध खेत मजदूर और किसानों को 10000 की मासिक पेंशन देने देने, सरैया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को अतिक्रमण मुक्त कराने तथा 24 नवंबर की सभा को रोकने वाले अधिकारियों को दंडित करने आदि मांगे शामिल हैं। सभा को अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के इलियास, आई एफ टी यू के दिनेश दास, बिहार राज्य किसान सभा के अजय कुमार सिंह , ए आई के एफ के नंदकिशोर तिवारी, ए आई सी टी यू के चंद्र मोहन प्रसाद , ए आई के के एम एस के कालीकांत झा, ए आई यू टी यू सी के बैजनाथ पंडित, आई एफ टी यू के अजमुल्ला अंसारी, ए आइ के एम के एस के राजू शाह ,ए आई टी यू सी के रंजन महतो, टी यू सी सी के प्रमोद पटेल ,स्वामी सहजानंद सरस्वती किसान संगठन के शंभू शरण ठाकुर आदि ने संबोधित किया।

# गंगा मुक्ति आंदोलन पर राष्ट्रीय विमर्श हेतु नुक्कड़ सभा आयोजित




प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जयप्रभा नगर, मझौलिया, मुजफ्फरपुर में गंगा मुक्ति आंदोलन का राष्ट्रीय विमर्श ह्लगंगा बेसिन समस्या और समाधानह्व को लेकर नुक्कड़ सभा आयोजित की गई।गंगा मुक्ति आंदोलन के संस्थापक अनिल प्रकाश ने बताया कि तीन दिवसीय राष्ट्रीय विमर्श 28 झ्र29झ्र 30 नवम्बर को चंद्रशेखर भवन , मिठनपुरा , मुजफ्फरपुर में आयोजित होगा । जिसमें ह्लगंगा बेसिन समस्या और समाधानह्व को लेकर विमर्श की जाएगी। तीन दिवसीय राष्ट्रीय विमर्श में उत्तराखंड,उत्तरप्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र,मध्यप्रदेश, असम, दिल्ली,पड़ोसी देश नेपाल के प्रतिनिधि शामिल होंगे इसके अतिरिक्त बंगलादेश, सिंध नदी पाकिस्तान के स्थानीय समुदाय ऑनलाइन शामिल होंगे। मछुआ समुदाय, किसान, पशुपालक, गड़ेरिया, बुनकर और दाह संस्कार कराने वाले डोम समुदाय के लोग, रविदास समाज के लोग हिंदू मुसलमान, सिख ईसाई के प्रतिनिधि शामिल होंगे इसके साथ ही वैज्ञानिक , पर्यावरणविद विशेषज्ञ,अर्थशास्त्री, नदी पर कार्य कार्य करने वाले,साहित्यकार , सांस्कृतिकर्मी,जल श्रमिक संघ, पीपल नीम तुलसी अभियान, संयुक्त किसान मोर्चा, पसमांदा मुस्लिम महाज,बागमती संघर्ष मोर्चा, नदी बचाओ अभियान,पचपनिया समाज, गंगोत्री समाज, रविदास महासभा, बिहार राज्य मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड, कोशी नव निर्माण मंच, नदी बचाओ जीवन अभियान, भारत परिवार, गांव जवार जन संगठन, जनवादी सांस्कृतिक मोर्चा, ए आई एस एफ, डी एस ओ, आइसा, रंग लोक,सरला श्रीवास सामाजिक सांस्कृतिक शोध संस्थान,एकता परिषद, भंसा घर, समेत लगभग 30 संगठन के प्रतिनिधि शामिल होंगे। आयोजन समिति में मुख्य रूप से, डॉक्टर धर्मेन्द्र,टी पी सिंह, प्रयाग सहनी, नरेश सहनी,चंदेश्वर राम, गौतम मल्लाह, मोहम्मद इदरीश, खुर्शीद अकबर, उदय, राजा राम सहनी, कृष्णा प्रसाद, अरविंद वरुण, कृष्णमोहन, गौरव कुमार, अर्जुन कुमार, काशीनाथ सहनी, अरविन्द मुकुल, इसराइल मंसूरी,लखींद्र प्रसाद यादव, महेंद्र यादव, लोक क्रांति, केदार पटेल होंगे।धन्यवाद ज्ञापन गंगा मुक्ति आंदोलन के मीडिया सलाहकार सुनील सरला ने किया।

## संविधान दिवस के अवसर पर डीएम ने पदाधिकारीयों व कर्मियों को याद दिलाया प्रस्तावना




प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। संविधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी राजीव रौशन द्वारा पदाधिकारीयों एवं कर्मियों को प्रस्तावना पढ़ाया गया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को भारत में संविधान दिवस मनाया जाता है। 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा भारत के संविधान को स्वीकृत किया गया था और 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान पूर्ण रूप से लागू हुआ था। हम अपने देश की एकता तथा अखंडता के प्रति निष्ठावान रहने की प्रेरणा देता है। आज का दिन हमें संविधान में निहित समानता, स्वतंत्रता तथा न्याय के आदर्शों की याद दिलाता है ।भारत का संविधान नागरिकों के अधिकारों तथा कर्तव्यों का मार्गदर्शन करता है। संविधान सभा के द्वारा भारत के संविधान को 2 वर्ष 11 माह और 18 दिन में मनाया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता राजस्व नीरज कुमार दास,अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था राकेश कुमार रंजन द्वारा,जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी आशुतोष कुमार,वरीय उप समाहर्ता अमृता कुमारी, आईटी प्रबंधक पूजा चौधरी एवं समाहरणालय परिसर के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित आदि थे। हम,भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को,सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय,विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवंबर, 1949 ई. को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं ।

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान कराया जायेगा : बीडीओ



प्रात : किरण संवाददाता

कुशेश्वरस्थान(दरभंगा)। 27 नवंबर को होने वाले पैक्स चुनाव को लेकर कुशेश्वरस्थान प्रखंड एवं कुशेश्वरस्थान पूर्वी प्रखंड मुख्यालय में चुनाव में प्रतिनियुक्त कर्मियों को मतदान में उपयोग होने वाले सामग्री का वितरण किया गया। उक्त दोनों प्रखंड के बीडीओ क्रमशः ललन कुमार चौधरी एवं अशोक कुमार जिज्ञासु की उपस्थिति में कर्मियों को बैलेट पेपर, स्वास्तिक चिन्ह वाले मुहर,इंक पैड, मतदाता सूची सहित अन्य सामग्री देकर उन्हें आवंटित बूथ पर पहुंचा दिया गया है। प्रत्येक बूथ पर चार चार कर्मी प्रतिनियुक्त किया गया है। कुशेश्वरस्थान के बीडीओ श्री चौधरी ने बताया कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच औराही के 3, भदहर 4, सुल्तानपुर सन्हौली 2, मसानखोन 3, हिरणी 3, हरौली 3, झझरा 2 तथा दिनमो पैक्स के 2 कुल 22 मतदान केन्द्रों पर सुबह 7 बजे से अपराह्न 4.30 बजे तक मतदान होगा। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। सभी बूथों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। वहीं पूर्वी बीडीओ जिज्ञासु ने बताया कि उसरी के 3, इटहर के 4, गोलमा के 5,महिसोट के 2,केवटगामा के 5,भिण्डुआ में 4, कुशेश्वरस्थान दक्षिणी में 3,कोला उजुआ में 3 तथा सुघराईन में 3 कुल 32 बूथों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान कराया जायेगा। मतदान केन्द्र के दो सौ मीटर की परिधि में धारा 144 लागू किया गया है। इसके उलंघन करने पर विधि सम्मत कार्रवाई किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर चार चार चुनाव कर्मी की नियुक्ति किया गया है।

# जयनगर डी.बी. कॉलेज में एल्युमनी लेक्चर सीरीज का शानदार आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर डी.बी. कॉलेज में एल्युमनी लेक्चर सीरीज कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वक्ताओ ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मातृ संस्थान मां के समान होती है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। एलुमनी लेक्चर सीरीज के क्रम में पूर्ववर्ती छात्र परिसर में अपने बिताए पल को करेंगे तरो ताजा। उक्त उद्गार वाणिज्य विभागाध्यक्ष डा. शैलेश कुमार सिंह ने एल्युमनी लेक्चर सीरीज की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए व्यक्त किया। डी.बी. कॉलेज जयनगर के वाणिज्य विभाग द्वारा उद्यमिता स्टार्टअप और डिजिटल अरेस्ट विषय पर एल्युमनी लेक्चर सीरीज का शुभारंभ प्रधानाचार्य डा. नंद कुमार , मुख्य वक्ता प्रीतम बैरोलिया भूगोल विभागाध्यक्ष डा. श्याम कृष्ण वाणिज्य विभागाध्यक्ष डा. शैलेश कुमार सिंह बॉटनी विभागाध्यक्ष डा. रंजना ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। भूगोल विभागाध्यक्ष डा. श्याम कृष्ण ने कहा कि थ्री आर का उद्देश्य पूर्ववर्ती छात्रो को एकमंच पर लाकर भूत वर्तमान और भविष्य पर चर्चा कर आपसी सहयोगात्मक वातावरण का निर्माण करना है। लेक्चर सीरीज-1 को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता अध्यक्ष कैट जयनगर प्रीतम बैरोलिया ने कहा कि मैं 26 वर्षो के बाद महाविद्यालय परिसर में आकर अपने दिनों को स्मरण कर रहा हूं। 1991 की तुलना में व्यापक स्तर पर बदलाव हुआ है। परंतु अभी और प्रयास की जरूरत है। उद्यमिता स्टार्टअप और डिजिटल अरेस्ट पर प्रकाश डालते हुए छात्र छात्राओ का मार्गदर्शन किया। महाविद्यालय की जीवंतता को पुनः स्थापित करने के लिए सुपर 10 के संकल्प को दोहराया और कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यो के लिए एलुमनी एसोसिएशन जरूरी ह। मैं थ्री आए की प्रासंगिकता को आगे बढ़ाने का संकल्प लेता हूं। अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य डा. नंद कुमार ने कहा कि संस्थान के पूर्ववर्ती छात्र छात्राएं जो अपने अपने फील्ड में एक्सपर्ट है। ऐसे एलुमनी का व्याख्यान त्रैमासिक आधार पर आयोजित होगा जिससे छात्र छात्राओं को सीखने का अवसर प्राप्त होगा। छात्र छात्राओं में मूल्य परक शिक्षा और महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास की जिम्मेदारी शिक्षकों के साथ साथ अभिभावक और पूर्ववर्ती छात्र छात्राओं की भी है। आशा है इसके लिए पूर्ववर्ती छात्र सकारात्मक सहयोग करेंगे। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए डा. आनंद राज ने कहा कि, अतिथियों, शिक्षकों के सहयोग के बगैर यह आयोजन असंभव था, मैं सभी के प्रति आभार प्रकट करता हूं। मौके पर मुख्य रूप से डा. धर्मेंद्र कुमार, डा. अनंतेश्वर यादव सहित वाणिज्य और कला संकाय के अभिषेक कुमार, आशुतोष शर्मा, सचिन कुमार, अनीश, गौतम, विवेक, सागर, हर्षराज, हिमांशु भारद्वाज, श्यामली, निशा, अंजलि, सुरुचि, मुस्कान सहित कई छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता संघ और एआईएलयू. के द्वारा सविंधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता




मधुबनी जयनगर अनुमण्डल मुख्यालय स्थित वकालत खाना परिसर में अनुमंडल अधिवक्ता संघ और ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन के संयुक्त तत्वावधान में सविंधान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुमण्डल अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष विजय कांत चौधरी व संचालन संघ के संयुक्त सचिव कुमार राणा प्रताप सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत देश के प्रथम राष्ट्रपति महान स्वतंत्रता सेनानी भारत रत्न डा. राजेन्द्र प्रसाद और सविंधान निमार्ता डा. भीम राव अम्बेडकर के फोटो पर पुष्प माल्यर्पण श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद करते हुए समारोह पूर्वक कार्यक्रम को मनाया । कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों आम लोगो के द्वारा अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को सम्बोधित किया और संविधान के तहत चलने और आम जनो को संविधान की विस्तृत जानकारी देने का संकल्प लिया। भारत रत्न डा .राजेन्द्र प्रसाद के जयंती को संघ के द्वारा अधिवक्ता दिवस के रूप भी मनाया । वक्ताओं ने डा. राजेन्द्र प्रसाद व भीम राव अम्बेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारो को अपनाते हुए स्वयं को अधिवक्ता के रूप में स्थापित करने के लिए उनके बताये हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। सविंधान दिवस पर सविंधान को 75 वर्ष पूरे होने की जानकारी दी गई। स्वतंत्र भारत के इतिहास में 26 नवम्बर 1949 का बेहद यादगार और ऐतिहासिक पल बताया ।यही वह दिन था जब भारत का संविधान बनकर तैयार हुआ और देश ने संविधान को अपनाया था। हर वर्ष इसी दिन 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। संविधान नागरिको के बीच संवैधानिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए सामाजिक अधिकारिता न्याय है। सविंधान का पालन राष्ट्र का मार्गदर्शन करने वाले लोकतांत्रिक सिद्धान्तों की याद दिलाता है। कार्यक्रम को अधिवक्ता डा.बिरेन्द्र झा पी.एन. झा. दिनेश कुमार पूर्वे,भरत कुमार रजक, ओम प्रकाश सिंह,चन्देश्वर प्रसाद, श्याम किशोर सिंह, दिलीप कुमार झा,संघ के महासचिव इन्द्र कुमार सिंह,उमेश पूर्वे सूर्य नारायण पूर्वे, प्रीत लाल पासवान, राम शरण साहु, रामसुख नायक,कृष्ण कुमार सिंह, राजेश कुमार महतो,संतोष कुमार मंडल, मुकेश कुमार, मिथिलेश कुमार, मिथिलेश पासवान, सुमन कुमार समेत कई सदस्यो ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम में कई लोगों ने भाग लिया।

## संविधान के माध्यम से ही भारत की सभी कार्यप्रणाली सुचारू रूप से चल रही हैं : डॉ मदन लाल

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। संविधान दिवस के शुभ अवसर पर महात्मा गांधी महाविद्यालय, सुंदरपुर, दरभंगा में राजनीति विज्ञान विभाग के द्वारा एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ मदनलाल केवट ने किया।प्राधानाचार्य ने कहा की संविधान के माध्यम से ही भारत की सभी कार्यप्रणाली सुचारू रूप से चल रही हैं । मुख्य वक्ता डॉ मनोज कुमार के लनामिवि उप परीक्षा नियंत्रक ने कहा कि संविधान में उपेक्षित एवम वंचितो, पीड़ितों के लिए साकारात्मक नियम बनाया गया है। संविधान ही एक माध्यम है जो 140 करोड़ लोगो को एक साथ पिरोने का कार्य किया हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अथिति महाविद्यालय के शासी निकाय के सचिव डॉ हरिनारायण सिंह ने कहा की संविधान ही हर समस्या का समाधान है ।संविधान के माध्यम से ही सत्ता को बिना हिंसा और क्रांति से परिवर्तन कर पाते हैं ।वही सम्मानित अथिति डॉ रामदेव चौधरी ने कहा की संविधान के माध्यम ही भारत जैसे विशाल देश में अनेकता में एकता हैं। सभी लोगो को संविधान की किताबे पढ़ना चाहिए ।इस कार्यक्रम में मंच संचालन रामनाथ शर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ अविनाश कुमार ने किया तथा इस कार्यक्रम में पल्लवी कुमारी ,स्नेहा कुमारी ,सागर कुमार आदि ने संबोधन किया। तथा कार्यकर्म में बड़ी संख्या में शिक्षक,कर्मचारी ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

## पूर्व मंत्री ने की पुष्कर के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग

प्रात : किरण संवाददाता

राज्य के पूर्व मंत्री व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अजीत कुमार मंगलवार को क्षेत्र के माधोपुर हजारी गांव पहुंचे, जहां अपराधियों के गोली का शिकार हुए पुष्कर के परिजनों से मिले एवं उन्हें ढ़ाढ़स बंधाया। उन्होंने इस घटना को दुखद एवं दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए समाज के लिए अपुर्णिय क्षति बताया। इस अवसर पर स्वर्गीय पुष्कर की आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को धैर्य धारण करने के लिए प्रार्थना भी किया । शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करने पहुंचे इलाके के सैकड़ो लोगों के बीच श्री कुमार ने पीड़ित परिवार को हर हालत में न्याय दिलाने का घोषणा किया। बताते चलें कि 14 नवंबर को दिन के उजाले में अपराधियों द्वारा प्रखंड मुख्यालय में पुष्कर को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के 13 दिन बाद भी अभी तक कांड का उद्बेदन नहीं होने तथा संलिप्त अपराधियों के द्वारा परिजनों को मुकदमा उठाने का धमकी दिए जाने पर पूर्व मंत्री ने गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि इस मामले में जो भी अपराधी संलिप्त हैं उसे पुलिस तुरंत सलाखों के अंदर करें, नहीं तो हम इसके लिए परिजन व समाज के साथ सड़क पर उतरेंगे। उन्होंने कहा कि इस घटना को मैं चुनौती के रूप में स्वीकार किया हूं, न्याय दिलाने के लिए पुलिस महानिदेशक से लेकर सरकार व पार्टी फोरम पर भी इस मामले को मजबूती से उठाऊंगा। श्री कुमार के साथ परिजन से मिलने वालों में भूमिहार ब्राहमण समाजिक फ्रंट के प्रखंड अध्यक्ष रंजन कुमार, सुजीत कुमार, पैक्स अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, गौतम सिंह, चुन्नू सिंह , मुखिया विनोद सिंह, अधिवक्ता अमर सिंह, रंजीत कुमार सिंह , राधा मोहन सिंह , गणेश सिंह , विवेक सिंह, विनोद सिंह, श्रीकांत सिंह, मोहन सिंह आदि प्रमुख थे।

## संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी हम भारत के लोग भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न समाजवादी पंथ निरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिको को सामाजिक आर्थिक और राजनैतिक न्याय विचार अभियक्ति विश्वास धर्म और उपासना की स्वतंत्रता प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में 26 नवंबर 1949 ई0 को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत अधिनियमित और आत्मार्पित करते है ।उपरोक्त संकल्प संविधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने समाहरणालय के पास बाबा साहब अम्बेडकर मूर्ति के पास आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियो कर्मियो आदि को दिलाई ।उक्त अवसर पर उन्होने कहा कि यह पूरे देश की जनता का पर्व है। देश के हर नागरिक के लिए यह गर्व का दिन है। देश का एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हमारा यह कर्तव्य है कि हम लोग इस उत्सव को पूरे उत्साह एवं जोश के साथ मनाए। देश के आजाद होने के बाद हर भारतीय नागरिक संविधान द्वारा उसे दिये गये मौलिक अधिकारो का आनंद लेते आ रहा है। लेकिन हमे इसके साथ-साथ देश के कानून का पालन करने और संविधान में दिये गये मौलिक कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहना चाहिए। इसके पूर्व जिलाधिकारी सहित उपस्थित सभी ने बाबा साहेब की मूर्ति पर माल्यार्पण भी किया।

## जनसुरज के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पैतृक गांव पहुंचने पर आयोजित अभिनंदन समारोह

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी हरलाखी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत खिरहर गांव में जन सुराज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कई देशों में भारत के राजदूत रह चुके मनोज भारती का नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान जन सुराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पैतृक गांव पहुंचने पर आयोजित अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ज्यादा लोगो को नहीं पहुंचने से कुर्सिया खाली रह गई। वही कुर्सिया खाली रहने को लेकर पूरे गांव में तरह-तरह की चचाएं भी चल रही थी। जानकारी के अनुसार यह कार्यक्रम दो घंटा में समापन हो गया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनसुराज प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने कहा कि प्रशांत किशोर की सोच से प्रभावित होकर उन्होने जनसुराज से जुड़ गया। उन्होने कहा कि बिहार को बदलने के लिए जनसुराज जरूरी है। पिछले पचास साल में पहले कॉग्रेस को फिर लालू यादव, फिर नीतीश कुमार को मौका मिला। लेकिन बिहार से न तो पलायन रुका और न ही शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त हुआ। समारोह में रिटायर्ड डीआईजी अरविंद ठाकुर, दरभंगा जिलाध्यक्ष बिलटू सहनी, डॉ. मनोज झा, रत्नेश्वर ठाकुर, शशांक शेखर, मो. मुस्तफा, सरिता देवी सहित अन्य ने संबोधित किया। मौके पर नेत्री रजनी ठाकुर, मो. आलम, सुशील ठाकुर, सोनफी महतो, अमरेंद्र भारती, शिवेन्द्र कुमार, आनंद मोहन, जीवछ पासवान आदि लोग मौजूद थे। समारोह के दौरान ज्यादा लोग नही पहुंचने को लेकर पूरे गांव में तरह-तरह की चचाएं चल रही थी।

## केवटी विधायक ने कई क्षेत्र के अहम मुद्दों को लेकर सदन का ध्यान आकृष्ट कराया

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।केवटी विधायक डॉ० मुरारी मोहन झा ने बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन निवेदन,ध्यानाकर्षण,शून्यकाल एवं तारांकित प्रश्नों के माध्यम से अपने विधानसभा क्षेत्र के कई अहम मुद्दों को लेकर सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया । निवेदन के माध्यम से सिंहवाड़ा प्रखंड के कालीगांव से चमनपुर को जाने वाली सड़क जो कई वर्षों से अत्यंत जर्जर की स्थिति में हैं अतिशीघ्र निर्माण हेतु सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया ,ध्यानाकर्षण के माध्यम से केवटी प्रखंड अंतर्गत पीडब्लूडी सड़क केवटी चौक से इठरवा दरिमा होते हुए चकभवानी तक जाने वाली सड़क जो अत्यंत जर्जर हो चुका हैं सदन में प्रश्न के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करवाया,शून्यकाल के माध्यम से राज्य में कार्यरत गृह रक्षक (होम गार्ड) के जवान जिनसे बिहार पुलिस कर्मियों की तरह कार्य लिया जाता हैं लेकिन उन्हें राज्य कर्मी का दर्जा नहीं प्रदान किया गया हैं प्रश्न के माध्यम से सरकार से राज्यकर्मी की दर्जा देने की मांग की और तारांकित प्रश्न के माध्यम से सरकार से मांग किया कि केवटी एवं सिंहवाड़ा प्रखंड में स्थित स्टेडियम में आधुनिक स्तरीय सुविधा बहाल किया जाय जिससे सुदूर ग्रामीण के प्रतिभाशाली खिलाड़ी भी अपनी प्रतिभा को राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर पर दिखा सके और शेखपुरदानी पंचायत अंतर्गत स्थित प्राथमिक विद्यालय नवटोलिया का भवन नहीं रहने के कारण छात्र/छात्राओं को शिक्षा ग्रहण करने हेतु वर्ग का संचालन वटवृक्ष के नीचे किया जा रहा हैं सदन के माध्यम से सरकार को अतिशीघ्र वर्ग कक्ष निर्माण हेतु आग्रह किया ।

## भारतीय संविधान का मैथिली भाषा में विमोचन होने से देश स्तर पर बढ़ा मिथिला का सम्मान : सांसद

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।भारतीय संविधान की प्रति का मैथिली भाषा में विमोचन होने पर दरभंगा के सांसद सह लोकसभा में पार्टी के सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने प्रसन्नता व्यक्त की है तथा इसे साढ़े आठ करोड़ मिथिलावासियों के हित में केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा उठाया गया ऐतिहासिक पहल बताया है। मैथिली भाषा में संविधान की प्रति विमोचन होने की खुशी में पद्म श्री तथा पद्म भूषण से सम्मानित मिथिला के लाल व बॉलीवुड के मशहूर गायक उदितनारायण ने सांसद डा ठाकुर के दिल्ली स्थित आवास पर पहुंचकर प्रसन्नता व्यक्त की तथा केंद्र सरकार तथा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया। सांसद डा ठाकुर ने अपने आवास पर गायक उदितनारायण का मिथिला के संस्कृति के अनुसार पाग एवं अंगवस्त्र से सम्मानित भी किया। सांसद डा ठाकुर ने राष्ट्रपति श्रीमति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनकर देश के पीएम नरेन्द्र मोदी सहित अन्य गणमान्यों के हाथों हुए मैथिली भाषा में संविधान की किताब के विमोचन को साढ़े आठ करोड़ मिथिलावासियों के लिए ऐतिहासिक है। सांसद डा ठाकुर ने मोदी सरकार द्वारा मैथिली भाषा में संविधान के विमोचन के फायदे गिनाते हुए कहा कि अब इसका उपयोग शिक्षा न्यायिक,सरकार, सरकार तथा दूसरे आधिकारिक संदर्भो में आसानी से किया जा सकता है तथा बौद्धिकता तार्किकता पांडुलिपि हर दृष्टिकोण से लाभकारी साबित होगा। सांसद डा ठाकुर ने भारतीय संविधान को जीवंत और प्रगतिशील दस्तावेज बताते हुए कहा कि साढ़े सात दशकों में हमारा संविधान सच्चे अर्थों में लोकतांत्रिक मूल्यों पर लाभदायक साबित हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### पति-पत्नी की मृत्यु एक साथ

बरियारपुर (मुंगेर)। बरियारपुर प्रखंड के पड़िया पंचायत के वार्ड संख्या एक मैं मैं पति-पत्नी की मृत्यु एक साथ होने का समाचार प्राप्त हुआ हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार 36 वर्षीया निमीखा देवीके मृत्यु दोपहर दो बजे दिन के बाद पति अवधेश प्रसाद यादव को दिल का दौरा पड़ने से ईलाज के लिये चिकित्सको के पास लाया गया। जहां चिकित्सकों ने अवधेश प्रसाद यादव को मृत घोषित कर दिया। मामला उस वक्त उजागर हुआ जब पत्नी निमीखा देवी सुगर रोग से ग्रसित थी ओर पति 67 अवधेश प्रसाद यादव दिल के धड़कन रोग से पिडित दोनों ईलाज रत रहते थे दोनों लंम्बी अबधी से ईलाज रत रहा करते थे।निमिखा देवी का मायके गौडैचंणडेला प्रखंड अमरपुर जिला बांका के हुदय नारायण यादव के पुत्री थी।वही अबधेश प्रसाद यादव जगदीश यादव के पुत्र थे।

### बिन्दादियारा हरिणमार पंचायत के पैक्स चुनाव स्थगित

बरियारपुर प्रखंड मे छः पैक्स चुनाव होनी थी जिनमे बिन्दादियारा हरिण मार पंचायत के पैक्स चुनाव स्थगित कर दिया गया है। पैक्स अध्यक्ष पद के लिए प्रयाप्त सदस्यों द्वारा कौरम नही पुरा होने के कारण पैक्स चुनाव स्थगित किया जाता है इस की सूचना दिये गए हैं।इसकी जानकारी प्रखंड पैक्स निर्वाचन पदाधिकारी सह प्रखंड बिकास पदाधिकारी स्वेता कुमारी ने दिया है।उन्होंने कहा बिन्दादियारा हरिणमार पंचायत में सदस्यों द्वारा कौरम नही पुरा होने के कारण चुनाव स्थगित किया जाता है।वही बिन्दादियारा कल्याणटोला, बरियारपुर उत्तरी,बरियारपुर दक्षिणी, करहरिया पुर्वी, करहरिया दक्षिणी पंचायत मे पैक्स चुनाव अपने निर्धारित तिथि दिनांक 3 दिसंबर को अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत मत पैटियो में डाली जायेगी।

### चाचा और सगे भाई ने एक युवक के साथ कि मारपीट

जमुई [ झाझा ] थानाक्षेत्र के बूढ़नेर गांव में जमीन के बंटवारा की मांग करने पर सोमवार की रात्रि ने एक युवक के साथ उसके चाचा और सगे भाई ने मारपीट कर टांगी से वार कर गम्भीर रूप से किया घायल। जिसके बाद घायल किसी तरह जान बचाकर रजला पहुंचा और डायल 112 को सूचना दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस रजला गांव के पास पहुंचकर घायल को रजला से उठाकर रेफरल अस्पताल झाझा में भर्ती करवाया। जहाँ घायल का इलाज किया गया। घायल की पहचान मुकेश रजक के रूप में हुई है।

# ई.अलीगंज में 10 पैक्सों में मतदान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण संपन्न, 48.8 प्रतिशत की हुई वोटिंग

## सुबह 7 से 3 अपराह्न तक मतदाताओं की लगी रही लम्बी कतार

● जिलाधिकारी ने आढ़ा मतदान केन्द्र का लिया जायजा

प्रात: किरण, संवाददाता



जमुई/ ई०अलीगंजः- प्रखंड में 26 नवम्बर को प्रथम चरण में मंगलवार को सुबह प्रखंड के 10 पैक्सों चुनाव कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुआ। जिसको लेकर सुबह 7:00 से 3:00 अपराह्न तक मतदाताओं की लम्बी कतार देखने को मिली खास कर महिलाओं ने पैक्स चुनाव में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। वहीं मतदान शांतिपूर्ण निष्पक्ष कराने को लेकर जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा एवं एसपी चन्द्र प्रकाश ने कई बूथों का जायजा भी लिया। वहीं प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया की प्रखंड के 23 बूथों पर मतदान की प्रकिया कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच चल रही है। 10 पैक्सों में कुल 12,689 मतदाता है, वहीं प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिषेक भारती ने जानकारी देते हुए बताया की अबगिला चौरासा पंचायत में पैक्स अध्यक्ष पद से निर्विरोध निर्वाचन के बाद शेष 10 पंचायतों के प्रथम चरण में पैक्स चुनाव जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण मतदान हो रही है।, वहीं उन्होंने बताया की

मतदान केंद्र पर सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था होगी।. दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की तैनाती है। मतदाताओं को किसी तरह की दिक्कत न हो इस बात का पूरा ख्याल रखा गया. वहीं उन्होंने बताया की प्रखंड में लगभग 48.8 प्रीतिशत की मतदान हुई है, मतदान की समय समाप्ति के बाद प्रखंड मुख्यालय में कड़ी सुरक्षा के बीच वोटों की गिनती होगी और जीते हुए प्रत्याशी को सर्टिफिकेट दिया जाएगा।

# विद्यालयों में नेतागीरी करने वाले शिक्षक होंगे जिलाबदर

## शिक्षकों पर कार्रवाई के लिए हेड मास्टर को पावर

प्रात : किरण, संवाददाता

गिद्धौर। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को क्या पढ़ाया और आगे क्या पढ़ाएंगे। अब इसे हर दिन डायरी में दर्ज करना होगा। सरकारी स्कूलों में यह नई व्यवस्था शुरू की गई है। अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिया है कि अगर हेडमास्टर अनुशंसा करके भेजते हैं तो अधिकारी उस पर कार्रवाई करेंगे।

यही नहीं,अगर शिक्षक शैक्षणिक कार्य में रुचि नहीं लेते हैं या स्कूल में रहकर नेतागिरी करते हैं तो ऐसे मामले में भी जिलाबदर भी हो सकते हैं।अपर सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर सभी जिले के अधिकारियों को इसको लेकर निर्देश दिया है। अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस सिद्धार्थ ने इसको लेकर निर्देश जारी किया है। इसके साथ ही सरकारी स्कूलों में नई व्यवस्था लागू करने के साथ कई बदलाव भी किए गए हैं। शिक्षकों पर कार्रवाई करने के लिए अब हेड मास्टरों को भी शक्ति दे दी गई है। हेडमास्टर की अनुशंसा पर अब शिक्षकों का पंचायत से लेकर प्रखंड तक बदल सकता है। यह व्यवस्था बीपीएससी,सक्षमता और नियमित शिक्षकों पर लागू होगी। नियोजित शिक्षक अभी भी इससे बाहर होंगे। अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिया है कि सभी शिक्षकों को अलग से डायरी मिलेगी। इसमें शिक्षक प्रतिदिन अपनी ली हुई कक्षाओं का विवरण देंगे। इसमें उन्हें देना होगा कि आज किस कक्षा में कौन सा विषय और कौन सा पाठ पढ़ाया। इसके लिए हर दिन छुट्टी से पहले उन्हें डायरी में यह भी दर्ज करना होगा कि अगले दिन वे बच्चों को क्या पढ़ाएंगे। हेडमास्टर हर दिन इस डायरी को सत्यापित करेंगे। पहले स्तर पर बीईओ और दूसरे स्तर पर डीपीओ इसकी मॉनिटरिंग करेंगे।

### आमने सामने की टक्कर में कुल 3 लोग हुए घायल

जमुई [ झाझा ] मंगलवार की दोपहर दो बजे थानाक्षेत्र के महापुर मोड़ के पास बाइक की आमने सामने में भीषण टक्कर हो गया जिसमें दोनो बाइक पर सवार कुल तीन घटना में घायल हो गया। घायल दशरथ यादव ने बताता की अपने गांव महापुर से निकलकर चांय गांव जा रहा था कि तभी मोड़ के पास सामने से तेज गति से आ रहे बाइक ने मेरे बाइक में टक्कर मार दिया वही दूसरी तरफ से घायल तनवीर ने बताया कि सामने से आ रहे बाइक चालक ने मेरे बाइक में टक्कर मारा है। घटना देखकर स्थानीय लोगों ने हो हल्ला किया जिसके बाद दोनो घायलों के परिजन भी मौके स्थल पर पहुंचकर सभी घायलों को इलाज के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। घायल में एक महापुर गांव के रहने वाले दशरथ यादव तथा अन्य दो घायल में तुम्बापहाड़ गांव के रहने वाले तनवीर अंसारी और उसके रिश्ते में लगने वाले दादा अनवर अंसारी के रूप में हुई है। सभी घायलों का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना में अनवर अंसारी की स्थिति नाजुक बनी हुई है।

# परेशानी : मजदूरों के पलायन व खेतों में नमी बड़ा कारण,किसानों के पास मशीन ही एकमात्र विकल्प

## समय पर धान की कटनी नहीं होने से फसल पर बुरा असर, किसान चिंचित

प्रात : किरण संवाददाता



गिद्धौर। मजदूरों की कमी तथा खेतों में अत्यधिक नमी के वजह से प्रखंड के किसानों की धान की कटनी प्रभावित हो रही है। फलतः प्रखंड के किसानों को रवि फसलों की गेहूं बुवाई समय से नहीं हो पा रही है। कृषि कार्यालय के अनुसार इस रवि सीजन में सैकडो. हेक्टेयर खेतों में रबी फसल की बुवाई करने का लक्ष्य निर्धारित है। जिसमें अब तक प्रखंड क्षेत्र में तिलहनी फसल 35 फीसदी जबकि दलहनी फसल 40 फीसदी अच्छादित किया जा चुका है। वहीं मजदूर की कमी के कारण ससमय धान की कटनी नहीं होने के कारण अभी मात्र 30 से 40 फीसदी धान की कटनी संभव हो पाई है। फलस्वरुप गेहूं की बुवाई संभव नहीं हो पा रही है। बता दें कि प्रखंड क्षेत्र में मजदूरों की कोई कमी नहीं है। लेकिन क्षेत्र में कोई नियमित काम नहीं होने के कारण क्षेत्र के मजदूर दूसरे प्रदेश के ईट भट्टों पर मजदूरी करने के लिए पलायन कर जाते हैं। जिस कारण धान कटनी और गेहूं कटनी के समय किसानों को मजदूरों की समस्या से रूबरू होना पड़ता है। हालांकि धान रोपनी के समय ईट भट्ट बंद हो जाने के बाद क्षेत्र में मजदूरों की कोई कमी नहीं होती है। मजदूरों की कमी के कारण खेतों में तैयार फसलों को घर लाने के लिए किसान के पास मशीन ही एकमात्र विकल्प रह जाता है।हालांकि मशीन से फसल कटाई के बाद जानवरों के लिए चारा की कमी की समस्या के साथ-साथ फसल के अवशोष को जलने से खेतों की उर्वरा शक्ति की हानि भी होती है।

# अपार समाहर्ता ने बरियारपुर प्रखंड के रतनपुर ग्राम पंचायत में अगहनी धान के फसल कटनी प्रयोग का निरीक्षण किया

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। समोवार को अपर समाहर्ता मुंगेर मनोज कुमार ने बरियारपुर प्रखंड के ऋषि कुंड के समीप स्थित रतनपुर ग्राम पंचायत के खड़ग सरही गांव में अगहनी धान के फसल कटनी प्रयोग का निरीक्षण किया। अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, योजना एवं विकास विभाग, बिहार द्वारा बिहार राज्य फसल सहायता योजना अंतर्गत कृषि वर्ष 2024-25 के अधिसूचित एवं बीमित फसलों का फसल कटनी प्रयोग संपादित करवाया जा रहा है। जिला सांख्यिकी कार्यालय, मुंगेर द्वारा रतनपुर पंचायत में अगहनी धान के कटनी प्रयोग के तहत प्राथमिक कार्यकर्ता राजीव कुमार, किसान सलाहकार को यह प्रयोग आवंटित किया गया था, जिन्होंने इस फसल कटनी प्रयोग का संपादन अपर समाहर्ता सहित अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया और ऐप के माध्यम से इसका डाटा अपलोड किया। अपर समाहर्ता ने फसल कटनी प्रयोग के पूरी प्रक्रिया का बारीकी से निरीक्षण किया और प्रत्येक चरण के बारे में प्रयोगकर्ता एवं जिला सांख्यिकी पदाधिकारी से विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने धान में नमी की मात्रा एवं इसके सुखवन प्रयोग के संपादन के संबंध में भी जानकारी ली। अगहनी धान के अलावा भदई मक्का और गन्ना, रब्बी गेहूं और मकई अर्थात कुल पांच फसलों का पंचायत स्तरीय फसल कटनी आयोजित किया जाता है, जिसके तहत प्रत्येक पंचायत में 5 फसल कटनी प्रयोग संपादित किया जाता है। शेष फसलों का अंचल वार फसल कटनी प्रयोग आवंटित किया जाता है। फसल कटनी प्रयोग के विधिवत संपादन एवं शुद्ध-शुद्ध उत्पादकता के आंकलन के लिए फसल कटनी प्रयोगों की विभिन्न प्रक्रियाओं का निरीक्षण जिला स्तरीय, अनुमंडल स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा किया जाता है।फसल कटनी प्रयोग के लिए रतनपुर पंचायत के खड़ग सरही ग्राम के बटाईदार कारें लाल मंडल के खेत का चयन किया गया था, जो बटाई पर खेती करते हैं। फसल कटनी प्रयोग के दौरान रैंडम तालिका के आधार पर खेत में 10 मीटर लंबाई एवं 5 मीटर चौड़ाई के आयताकार खंड को चिन्हित कर इसके अंदर पड़ने वाले अगहनी धान फसल की कटनी कराई गई। अपर समाहर्ता ने स्वयं अपने हाथों में हंसुआ पकड़कर फसल काटना प्रारंभ किया। जिला सांख्यिकी पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी ने भी हंसुआ से फसल को काटा और तत्पश्चात मजदूरों द्वारा चिन्हित क्षेत्र के अंदर स्थित फसल की कटनी की गई। अपर समाहर्ता ने इस अवसर पर कहा कि सभी पदाधिकारी को फसल कटनी प्रयोग का निरीक्षण अवश्य करना चाहिए। इससे उन्हें ग्रामीण जीवन से जुड़ने का भी मौका मिलता है। कटनी प्रयोग का जीपीएस फोटो एवं डाटा क्रॉप कटिंग एक्सपेरिमेंट ऐप पर अपलोड किया गया। फसल कटनी के बाद पिटनी एवं दौनी का कार्य किया गया, जिससे प्राप्त धान के दाने की तौल की गई। 50 वर्ग मीटर क्षेत्र में कटनी किए गए धान के दाने का वजन इलेक्ट्रॉनिक तराजू पर 16.360 किलोग्राम मापा गया। धान के हरे दाने को अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय से प्राप्त विशेष बोरे में सीलबंद किया गया और इसे 15 दिनों तक धूप में सुखाकर सुखवन प्रयोग किया जाएगा और सुखे दाने का वजन दर्ज किया जाएगा। प्राप्त उपज के आधार पर प्रति हेक्टेयर धान की उत्पादकता 32.720 क्विंटल आंकी गई, जिसे सामान्य उत्पादकता माना जा सकता है। किसान ने बताया कि इस पंचायत में धान की खेती कम ही होती है, अरहर की खेती ज्यादा होती है। अपर समाहर्ता द्वारा अगहनी धान फसल कटनी प्रयोग के निरीक्षण के दौरान जिला सांख्यिकी पदाधिकारी आनंद प्रकाश, प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती श्वेता कुमारी, अंचल अधिकारी कमल किशोर, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी, बरियारपुर जितेंद्र कुमार, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी जमालपुर श्रीराम प्रवेश, स्थानीय पैक्स अध्यक्ष सुनील कुमार राय, प्रभारी राजस्व पदाधिकारी श्रीहरि विक्रम, कृषि समन्वयक राणा प्रताप सिंह, भामिनी भूषण प्रसाद सिंह, किसान सलाहकार राजीव कुमार, राजेश कुमार, रंजन कुमार ओम, पुटुक लाल पासवान एवं पंचायत के स्थानीय किसान रामशंकर राय, संजय चौधरी, राजू मंडल भी उपस्थित थे।

# नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर जन जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर । मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग के तत्वावधान में मंगलवार को स्थानीय प्रेक्षा गृह में नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस अवसर पर उपेंद्र ट्रेनिंग एकेडमी में सोमवार को आयोजित वाद विवाद, निबंधन लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता के 18 सफल प्रतिभागियों को जहां मेडल एवं प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया वहीं, मद्य निषेध के प्रति जन जागरूकता को लेकर प्रेक्षागृह में ही एक नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद, अपर समाहर्ता मनोज कुमार, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी आनन्द प्रकाश, डीपीओ शिक्षा सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि नशा सर्वदा अनुचित है, फिर चाहे वह किसी भी प्रकार का क्यों न हो। कुछ लोग तनाव दूर करने का बहाना बताकर शराब का सेवन करते हैं, जो अनुचित है। यह जिलेवासियों का सौभाग्य है कि वे योग नगरी, मुंगेर में रहते हैं और तनाव को दूर करने के लिए योग से बेहतर कुछ भी नहीं। शराब न सिर्फ आपके तन को बल्कि मन और स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। अपने जीवन शैली से मादक एवं नशीले पदार्थ को दूर कर योग को अपनाने से आप तनाव सहित कई तरह की बीमारियों से स्वयं को दूर कर सकते हैं। सकारात्मक सोच और अच्छे कार्य विचार से आप तनाव से दूर रह सकते हैं। अच्छे विचारों को ग्रहण करें। नशा से दूरी बनाने के बाद से आज सभी परिवार काफी सुखी हैं और उनके परिवार व बच्चे आज समाज की मुख्य धारा से जुड़कर आगे बढ़ रहे हैं। नशा के दुष्प्रभाव पर समाज में चर्चा होनी चाहिए, ताकि युवा एवं अन्य लोग इससे दूरी बनाएं और युवा वर्ग देश का भविष्य बन समाज और देश के निर्माण में अपना मुख्य योगदान दें। मद्य निषेध के लिए राज्य सरकार ने जो मुहिम चलाई है, उसमें आप भी सहयोग दें। शराब बेचने, सेवन करने वाले अथवा इससे संबंधित जो भी कार्य कर रहे हैं, उनके खिलाफ अभियान चलाएं, डायल 112 पर पुलिस को सूचना दें और ऐसे असामाजिक तत्वों से समाज को मुक्त कराने में पुलिस प्रशासन की मदद करें। उन्होंने मद्य निषेध विभाग के अधीक्षक से प्रखंड स्तर पर भी इस तरह के जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करने की बात कही। उन्होंने कहा कि आज युवा वर्ग विशेष कर नशे के दलदल में खुद को धकेल रहे हैं, और इसमें कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा समाज में ही रहकर शराब के अलावे अन्य नशीले एवं मादक पदार्थों का धड़ल्ले से बिक्री कर रहे हैं। ऐसे तत्वों पर भी पुलिस प्रशासन की कड़ी नजर है और उनके खिलाफ भी कठोर से कठोर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं युवाओं से अपील करते हुए खुद को नशा से दूर बनाने और पढ़ लिखकर अपनी प्रतिभा के दम पर अच्छे रोजगार प्राप्त समाज तथा देश के निर्माण में अपना योगदान देने की बात कही।इस मौके पर जन जागरूकता के लिए शराब से परिवार व समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव पर नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया, जिसमें कलाकारों की प्रस्तुति से उपस्थित लोगों ने काफी सराहा। वहीं नशा मुक्ति कार्यक्रम 2024 के तहत सोमवार को उपेंद्र ट्रेनिंग एकेडमी में आयोजित वाद विवाद, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। वाद विवाद प्रतियोगिता में बैद्यनाथ बालिका उच्च विद्यालय के दशम की छात्रा सारिका कुमारी प्रथम, ग्यारहवीं की सिमरन द्वितीय, उपेंद्र ट्रेनिंग एकेडमी के ग्यारहवीं की छात्रा मेहर प्रवीण तृतीय, टाउन उच्च विद्यालय के नवम के छात्र शुभ कुमार प्रथम, मध्य विद्यालय वासुदेवपुर के अष्टम के छात्र दिव्यांशु कुमार, उपेंद्र ट्रेनिंग एकेडमी के विवेक कुमार तृतीय स्थान पर रहे। वहीं निबंध प्रतियोगिता में बैजनाथ बालिका उच्च विद्यालय के दशम की छात्रा महिला मनोहर प्रथम, उच्च विद्यालय माधोपुर के ग्यारहवीं की छात्रा अलफिया अफरोज द्वितीय तथा चंद्रशेखर सिंह उच्च विद्यालय के ग्यारहवीं की छात्रा लक्ष्मी कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं, जबकि +2 हाई स्कूल मकसूसपुर के सप्तम का छात्र आदित्य राज प्रथम, नंद कुमार उच्च विद्यालय के नवम का छात्र आदित्य कुमार द्वितीय तथा +2 हाई स्कूल मकसुसपुर के अनुराग कुमार तृतीय स्थान पर रहे। चित्रकला प्रतियोगिता में बैजनाथ राजकीय बालिका उच्च विद्यालय के दशम की छात्रा असिफा प्रवीण प्रथम, +2 मॉडल उच्च विद्यालय की नवम की छात्रा सविता कुमारी द्वितीय तथा चंद्रशेखर सिंह बालिका उच्च विद्यालय की कुमारी शालिनी तृतीय स्थान पर रही। वहीं मध्य विद्यालय वासुदेवपुर के अष्टम का छात्र बिट्टू कुमार प्रथम, अंकित कुमार द्वितीय तथा मध्य विद्यालय बेलन बाजार के अष्टम का छात्र पियुष कुमार तृतीय स्थान पर रहे। जिलाधिकारी ने सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी।

### पुलिस ने अज्ञात युवक के शव को किया बरामद, छानबीन में जुटी पुलिस

जमुई [ झाझा ] झाड़ियों में शव देखे जाने के बाद इसकी जानकारी झाझा पुलिस को दिया। सूचना मिलने पर एसआई कुंज बिहारी दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया । मामला झाझा थानाक्षेत्र के सर्किल नम्बर एक बोड़वा बाजार से आगे गंडो घाट के समीप पहाड़ी क्षेत्र के घने झाड़ियों से पुलिस ने 25 वर्षीय एक युवक का शव बरामद किया है। शव को देखे जाने से ऐसा प्रतीत हुआ कि उसके सिर पर गहरा चोट का निशान हैं। घटना स्थल पर लगभग दो घण्टे तक पुलिस शव की शिनाख्त को लेकर आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ करवाया लेकिन कुछ भी पता नही चल सका। जिसके बाद पुलिस घटना स्थल पर कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल जमुई भेज दिया। एसएचओ संजय कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम में भेजकर पुलिस अज्ञात युवक के मिले शव की शिनाख्त करते हुए हर बिंदुओ पर छानबीन की प्रक्रिया में जुटी हुई है। शव को कब्जे में लेने के बाद एफएसएल टीम को भी मौके स्थल पर बुलाया गया । एफएसएल टीम शव मिले स्थल पर साक्ष्य को जुटाया। इधर शव की पहचान को लेकर एसआई ने शव की शिनाख्त को लेकर पहचान से सम्बंधित तलाशी लेते हुए आसपास के क्षेत्रों में पता लगाया लेकिन शव की शिनाख्त नही हो सका।

# संविधान दिवस के मौके पर डीएम ने पदाधिकारी और कर्मियों को शपथ दिलाया



● बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके पद चिन्हों पर चलने की अपील किया

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। भारत संविधान दिवस के अवसर पर मंगलवार को समाहरणालय में जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के लिए शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी राजीव कुमार, जिला अल्प संख्यक कल्याण पदाधिकारी सह जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी राघवेंद्र कुमार दीपक, सहित समाहरणालय संवर्ग के प्रधान लिपिक एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।जिलाधिकारी ने इस अवसर पर भारत के संविधान की उद्देशिका, ह्यह्यहम भरत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्पित हैंह्लह्ल की शपथ दिलाई। उन्होंने इस अवसर पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब द्वारा रचित संविधान भारत की एक नई पहचान है। बाबा साहब के पद चिन्हों पर चलने की भी बात कही।

# कई मुद्दों को लेकर ईसीआरएमसी ने रेलकर्मियों के बीच किया चुनाव प्रचार

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई [ झाझा ] रेलवे में यूनियन की मान्यता प्राप्ति को लेकर 4-6 दिसम्बर को रेलकर्मियों के बीच होने वाले चुनाव को लेकर ईसीआरएमसी यूनियन दानापुर से पटना शाखा के कार्यकारिणी सदस्य मधुसूदन कुमार, सचिव अरविंद कुमार, चन्देश्वर राय, अमित कुमार सिन्हा, अभय कुमार के अलावे शाखा झाझा के सचिव संजय कुमार यादव, अध्यक्ष देवाशीष नचिकेता, संयुक्त सचिव वीरेंद्र कुमार, कार्यकारणी अध्यक्ष उत्तम कुमार अन्य यूनियन के पदाधिकारी ने रेलकर्मियों के बीच चुनाव में मतदान करने के लिए हुंकार भरा। पटना शाखा के कार्यकारिणी सदस्य ने बताया की इस बार हर रेलकर्मियों ने एक ही बात ठान लिया है कि सत्ता में जो यूनियन है उसे हटाना है क्योंकि सत्ता में रह रहे यूनियन ने रेलकर्मियों के हित के लिए कुछ भी नही किया है बल्कि उन्हें ठगने का काम किया है।एनएफआईआर से सम्बद्ध ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कॉंग्रेस ( ईसीआरएमसी) की ओर से झाझा के रेलवे मेमू कारशेड, पीडब्ल्यूआई, क्रुलोबी, आईओडब्ल्यू विभाग, रेलवे अस्पताल सहित अन्य सभी विभागों में रेलकर्मियों के बीच चुनाव में मतदान करने को लेकर रेलकर्मियों के बीच प्रचार प्रसार किया गया। युनियन के लोगों ने कहा कि हमारी यूनियन सत्ता में न रहते हुए भी रेलकर्मियों के लिए कई ऐसे महत्वपूर्ण कार्य किया जिसकी गणना की जाए तो वह कम होगा। सत्ताधारी यूनियन झाझा सहित पूरे दानापुर डिवीजन में रेलकर्मियों के लिए कुछ भी ऐसा कार्य नही किया है जिसकी गणना भी रेलकर्मी कर सके। उन्होंने आगे कहा कि एनएफआईआर की एकमात्र ताकत भारतीय रेलवे की मानवपूंजी और उसकी सहायक शक्ति है। उन्होंने आगे कहा कि इस बार हमलोग रेलकर्मियों के हित के लिए प्रमुख मुद्दे को रखा है जिसमे रेलवे में एनपीएस को समाप्त किया जाए तथा एकीकृत पेंशन योजना( यूपीएस) को सभी मामलों में ओपीएस यानी पुरानी पेंशन स्कीम के बराबर सुधारा जाए। किसी कर्मचारी के कैरियर के दौरान न्यूनतम 5 पदोन्नति सुनिश्चित किया जाए, टावर वैगन चालक की पदोन्नति 420प रुपए ग्रेड पे तक किया जाए, 45 वर्षीय एवं उससे अधिक आयु की महिला कर्मचारियों के लिए स्पेशल केजुअल लीव का प्रावधान किया जाए सहित अन्य कई ऐसे मुद्दों के साथ रेलकर्मियों के बीच पहुंचकर उनका समर्थन चुनाव में मत के साथ मांग रहे हैं। मौके पर यूनियन के अन्य सदस्य भी मौजूद थे।

# जदयू कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर जिला अध्यक्ष ने की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर जिला अतिथिगृह में जनता दल यूनाइटेड के मुंगेर जिला संगठन के सभी प्रखंड अध्यक्ष नगर के अध्यक्षों, प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्षों की बैठक जिला अध्यक्ष नचिकेता मंडल की अध्यक्षता में हुई जिसके मुख्य अतिथि जेडीयू के प्रमंडल प्रभारी, विशिष्ट अतिथि मुंगेर विधानसभा प्रभारी, जमालपुर विधानसभा प्रभारी, तारापुर विधानसभा प्रभारी, प्रदेश महासचिव सह सूर्यगढ़ा विधानसभा प्रभारी मौजूद थे। आगामी 30 नवंबर 2024 को टाऊन हॉल मैदान में आयोजित जेडीयू के कार्यकर्ता सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने के लिए बैठक में चर्चा हुई। पार्टी के सभी प्रखंड और नगर अध्यक्षों ने एक सुर में इस कार्यक्रम को सफल करने के लिए आश्वस्त किया। प्रखंड में तैयारी की बैठकों में कार्यकताओं का उत्साह चरम पर है। वहीं माननीय सांसद के केंद्रीय मंत्री बनने के बाद उनका पहला कार्यक्रम कार्यकताओं के साथ होने जा रहा है और इस कार्यक्रम के माध्यम से अपने नेता के स्वागत के लिए भी जिले के कोने कोने से कार्य करता उत्साहित है और हजारों हजार की संख्या में कार्यकर्ता इस सम्मेलन में भाग लेंगे। जेडीयू जिला अध्यक्ष नचिकेता मंडल ने कहा कि मुख्यमंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने 2025 विधानसभा में एनडीए के लिए 225 सीटों का लक्ष्य रखा है और इस लक्ष्य सात प्रतिशत जमीन पर उतरने की जिम्मेवारी हम सभी पार्टी के कार्यकताओं की है। यह कार्यकर्ता सम्मेलन उस लक्ष्य को प्राप्त करने के संघर्ष का शंखनाद करेगा और मुंगेर के साथियों के का जोश पूरे बिहार को ऊर्जा देगा यह हम सबों को विश्वास है। पंचायत प्रखंड और जिला के सभी साथी समन्वय बना एक दूसरे का सहयोग कर इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाएंगे। प्रदेश महासचिव शोरभ निधि ने कहा कि बिहार विधानसभा के उपचुनाव का परिणाम इस बात का संकेत है कि बिहार की जनता का निर्णय आ गया है कि आने वाले 2025 के विधानसभा चुनाव में भी नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में एनडीए की सरकार पूर्ण बहुमत ही नहीं बल्कि ऐतिहासिक बहुमत से जीतेगी।

# हथियार के बल पर ट्रक चालक से रुपए की मांग किया

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] थानाक्षेत्र के धवटिया गांव के रहने वाले एक ट्रक चालक ने दर्जनभर लोगों पट हथियार के बल पर रास्ता रोककर रुपए मांगने और जान मारने की धमकी देने को लेकर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। ट्रक चालक मनोज कुमार ने दर्ज आवेदन में बताया कि रविवार की देर शाम को भागलपुर पीरपैंती से सीमेंट उतार कर खाली ट्रक को लेकर झाझा थानाक्षेत्र में पड़ने वाले पैरगाहा कटहरा नदी एवं दुहरपहड़ी के बीच ज्योही पहुंचा तभी बिना नम्बर प्लेट के चार बाइक पर बैठे 12 लोगों ने हथियार दिखाते हुए रास्ता रोक लिया और मुझे पकड़कर रुपए को लेकर मेरी तलाशी हुए ट्रक की तलाशी लेकर जो भी रुपये है देने की बात करते हुए जान मार देने की धमकी दिया। ट्रक चालक ने बताया उक्त सभी लोगों में आठ लोगों की पहचान किया जिसमें धमना गांव के रहने वाले कुंदन कुमार, कुमार यादव, राहुल कुमार, रांगा गांव के उमेश यादव, बेलहर थानाक्षेत्र के सौताडीह गांव के बिक्की यादव, योगियाटिला गांव के श्रीकांत यादव, नीतीश कुमार, करहरा गांव के कुलदीप शामिल था जबकि अन्य 4-5 लोग अज्ञात था। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस के द्वारा छानबीन की जा रही है।

सम्पादकीय

# कांग्रेस अब भी प्रासंगिक

बेशक कांग्रेस महत्वपूर्ण चुनावों में पराजित होती रही है, उसमें बिखराव और अलग-अलग नजरिये भी सामने आते रहे हैं, लेकिन कांग्रेस आज भी जिंदा और प्रासंगिक राजनीतिक पार्टी है। करीब 20 फीसदी मतदाताओं की पसंद आज भी कांग्रेस है। मतदाताओं और समर्थकों की संख्या करोड़ों में है। भारतीय लोकतंत्र के लिए कांग्रेस की मौजूदगी और उसका राजनीतिक अस्तित्व बेहद जरूरी है। कांग्रेस लोकतंत्र में अपनी बात कहने और सत्ता से असहमति जताने का विस्तृत, पुराना और पुख्ता मंच है। महाराष्ट्र जनादेश के मद्देनजर जो राजनीतिक और चुनावी विश्लेषक कांग्रेस का फातिहा पढ़ रहे हैं और उसके वजूद पर सवाल उठा रहे हैं, दरअसल वे अपनी पेशेवर ईमानदारी से बेईमानी कर रहे हैं। उनके विश्लेषण पूर्वाग्रही और कांग्रेस-विरोधी हैं। यथार्थ स्थिति यह है कि लोकसभा में आज भी कांग्रेस के 98 सांसद और नेता प्रतिपक्ष हैं। तेलंगाना, कर्नाटक और हिमाचल में कांग्रेस सरकारें हैं। झारखंड, तमिलनाडु जैसे राज्यों में कांग्रेस सत्ता में साझेदार दल है। दरअसल देश के 20 राज्यों में सत्तारूढ़ भाजपा के लिए कांग्रेस आज भी प्रथम, प्रत्यक्ष चुनौती है। किसी भी लोकतंत्र में राजनीतिक दल खत्म, अस्तित्वहीन नहीं हुआ करते। भाजपा ही इसका सबसे बड़ा, प्रमाणित उदाहरण है। 1984 के आम चुनाव में भाजपा मात्र दो सांसदों तक सिमट गई थी। उसके शिखर-पुरुष अटल बिहारी वाजपेयी भी चुनाव हार गए थे, लेकिन 1996 के बाद भाजपा हर लोकसभा चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभर रही है। मई, 2014 से लगातार वह देश की सत्ता पर काबिज है। यह स्थिति कांग्रेस की क्यों नहीं हो सकती? कांग्रेस को 1989 के बाद लोकसभा चुनाव में कभी भी बहुमत हासिल नहीं हुआ। हालांकि उसकी अल्पमत और गठबंधन की सरकारें बनती रही हैं और उन्होंने अपने कार्यकाल भी पूरे किए हैं। यही बिंदु है, जिस पर कांग्रेस नेतृत्व को व्यापक मंथन करना है। सवाल है कि मंथन कौन करेगा और वह कितना ईमानदार प्रयास होगा? मंथन की दिशा कौन तय करेगा और किसका नेतृत्व सर्व स्वीकार्य होगा? यही बुनियादी चिंता और विरोधाभास भी है। इतने बड़े और राष्ट्रीय समर्थन के बावजूद कांग्रेस का नेतृत्व एक एनजीओ या एक कंपनी सरीखा लगता है, जिसमें ह्वविरोधह्ल की कोई गुंजाइश ही नहीं है। नेतृत्व सिर्फ मल्लिकार्जुन खडगे ही नहीं हैं। वह तो कुछ साल के लिए निर्वाचित अध्यक्ष हैं, लेकिन आज भी नेतृत्व तो गांधी परिवार ही करता है। दरअसल कांग्रेस कार्यसमिति पार्टी का सर्वोच्च, निर्णायक निकाय है। वह राजनीतिक चापलूसों का मंच है। अधिकतर नेता राज्यसभा में घुसेड़े गए हैं। अलबत्ता वे लोकसभा या विधानसभा चुनाव जीतने लायक भी नहीं हैं, लेकिन वे कांग्रेस की देशव्यापी रणनीति, संसदीय रणनीति, वैचारिक आधार-भूमि तय करने वाले हैं। जब उन्हें देश के यथार्थ का ज्ञान अथवा एहसास ही नहीं है, तो दशकों से वे ही पार्टी की रणनीति कैसे तैयार कर रहे हैं? कांग्रेस को जनादेश आखिर कैसे मिलेंगे? महाराष्ट्र जनादेश की प्रतिक्रिया में अलग-अलग बयान दिए गए हैं। यहां तक कहा गया है कि यह जनता का फैसला नहीं है, लिहाजा कांग्रेस को स्वीकार्य नहीं है। क्या जनादेश पर सवाल, संदेह जताते हुए कांग्रेस आत्ममंथन कर सकती है? क्या ऐसा चिंतन आत्मघाती ही साबित नहीं होगा? दरअसल कांग्रेस के लिए यह आमूल परिवर्तन का दौर है। बेशक इसकी शुरूआत गांधी परिवार को ही करनी चाहिए। कांग्रेस को गांधी परिवार से मुक्त नहीं किया जा सकता। वह पार्टी की धुरी है, लेकिन परिवर्तन कौन करेगा? कार्यसमिति में बदलाव कब संभव हैं? नई पीढ़ी की भूमिका क्या होगी, जो नए दौर के नए एजेंडे तय करने में सार्थक साबित हो सकती है? यह पारदर्शिता का भी दौर है।

## भाजपा के हिंदुत्व पर भारी पड़ा झारखंड मुक्ति मोर्चा का आदिवासी कार्ड

वनाच्छादित, खनिज संपदा से भरपूर और आदिवासी बहुल झारखंड के अब तक के राजनीतिक इतिहास में यह पहला मौका है, जब जनता ने लगातार दूसरी बार किसी दल को सत्तासीन होने का जनादेश दिया है। यहां इंडिया गठबंधन ने 81 सीटों में से 56 सीटें जीतीं, जबकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन 24 सीटों पर सिमट गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की झारखंड मुक्ति मोर्चा ने सबसे अधिक सीटें (34) हासिल कीं, जबकि कांग्रेस ने 16, राष्ट्रीय जनता दल ने 4 और सीपीआई (एमएल) ने 2 सीटें जीतीं। वहीं, दूसरी तरफ तीन सीट के नुकसान के साथ भाजपा ने 21, दो के नुकसान के साथ एजेएसयू ने एक सीट हासिल की। पहली बार एक सीट जेडीयू के खाते में गई। इनके अन्य सहयोगियों को भी दो सीटों का नुकसान हुआ, उन्हें केवल एक सीट मिली। वहीं, पिछले विधानसभा चुनाव यानी 2019 में झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा को 30, भाजपा को 25, कांग्रेस को 16, जेवीएम को तीन तथा एजेएसयू को दो और आरजेडी को एक सीट मिली थी। झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात के बाद हेमंत सोरेन सरकार बनाने का दावा पेश कर चुके हैं। 28 नवंबर को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा। इस चुनाव में हाल के वर्षों में राजनीति व पूंजीपतियों के नये उभरे समीकरण के चलते इस क्षेत्र पर वर्चस्व स्थापित करने के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी। इस बार भाजपा पूरे जोश के साथ झारखंड का चुनाव जीतने के लिये वैसी ही आमादा दिखी, जैसी वह छत्तीसगढ़ और ओडिशा में थी जहां उसने जीत दर्ज करने के लिये सारे पैंतरे लगाये और सफलता पायी थी। झारखंड में आदिवासी वोट निर्णायक होते हैं। झारखंड में एक तिहाई से ज्यादा (28) अनुसूचित जनजाति सीटें हैं। आबादी का 26 फीसदी हिस्सा आदिवासी है। 21सीटों में आदिवासियों की आबादी कम से कम एक लाख है। इन सीटों पर झामुमो की अच्छी पकड़ है। भाजपा इसे तोड़ने में सफल नहीं रही। इस बार झारखंड में चुनाव प्रचार के दौरान राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छह, अमित शाह ने 16, योगी आदित्यनाथ ने 14 सभाएं कीं। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने तो झारखंड में ही डेरा डाल रखा था। भाजपा के कई धुरंधर नेताओं ने झारखंड में धुआंधार प्रचार किया। संथाल परगना क्षेत्र में घुसपैठ को लेकर भाजपा काफी आक्रामक रही। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने तो यहां तक कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनाइए, घुसपैठियों को उल्टा लटका देंगे। उन्होंने घुसपैठियों को ही झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस का वोट बैंक बताया। जमशेदपुर में स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि वोट और तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले घुसपैठियों को संरक्षण दे रहे हैं। उन्होंने चंपई सोरेन और सीता सोरेन के अपमान को आदिवासियों का अपमान बताया। भाजपा ने ह्लबंटोगे तो कटोगेह्व का नारा देकर घुसपैठ की चर्चा करते हुए हिंदुत्व कार्ड खेला। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दिए गए नारे बंटोगे तो कटोगे को भाजपा के नेताओं ने इस चुनाव में खूब उछाला। यह नारा बीजेपी के लिए नुकसानदेह ही साबित हुआ। वहीं, इंडिया गठबंधन की तरफ से राहुल गांधी की छह सभाओं के अलावा लगभग पूरा जोर हेमंत सोरेन और उनकी पत्न ी कल्पना सोरेन ने ही लगाया। पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने स्टार प्रचारक के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की, उन्होंनें पचीस दिनों तक यहां कैंप कर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में धुआँधार प्रचार किया, तो हेमंत सोरेन ने पूरी ईमानदारी से गठबंधन धर्म का पालन किया। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपनी योजनाओं की चर्चा के साथ आदिवासी कार्ड खेला। झारखंड मुक्ति मोर्चा का आदिवासी कार्ड भाजपा के हिंदुत्व कार्ड पर भारी पड़ गया। आदिवासियों का भरोसा गुरुजी शिबू सोरेन के पुत्र हेमंत सोरेन पर ही रहा। झारखंड में हेमंत सोरेन के पक्ष में सहानुभूति भी काफी प्रभावी रहा। हेमंत सोरेन अपने चुनाव प्रचार के दौरान लगातार यह संदेश देने की कोशिश करते रहे कि आदिवासी चेहरे को कुचलने के लिए किस तरह उन्हें गलत तरीके से जेल में डाला गया। इसमें वे कामयाब भी रहे।

# संभल की दुर्भाग्यपूर्ण घटना से उपजे जटिल सवाल

एक सम्प्रदाय विशेष के हिंसक हमलों ने आज तेजी के साथ हिंसा, असहिष्णुता, नफरत, बिखराव और घृणा की साम्प्रदायिक जीवन शैली का रूप ग्रहण कर लिया है। यह खतरनाक स्थिति है, कारण सबको अपनी-अपनी पहचान समाप्त होने का खतरा दिख रहा है। भारत मुस्लिम सम्प्रदायवाद से आतंकित रहा है। आवश्यकता है धर्म को प्रतिष्ठापित करने के बहाने राजनीति का खेल न खेला जाए। धर्म और सम्प्रदाय के भेद को गड्मड् न करें। धर्म सम्प्रदाय से ऊपर है। धर्म में धार्मिकता आये, कट्टरता न आये। राजनीति में सम्प्रदाय न आये, नैतिकता आए, आदर्श आए, श्रेष्ठ मूल्य आएँ, सहिष्णुता आये, सह-अस्तित्व के प्राचीन मूल्य एवं जीवनशैली आये।



**ललित गर्ग**
**लेखक**

यह दुर्भाग्यपूर्ण एवं त्रासद है कि उत्तर प्रदेश के संभल में एक बार फिर एक सम्प्रदाय विशेष के लोगों ने जो हिंसा, नफरत एवं द्वेष को हथियार बनाकर अशांति फैलायी, वह भारत की एकता, अखण्डता एवं भाईचारे की संस्कृति को क्षति पहुंचाने का माध्यम बनी है। स्थानीय अदालत के आदेश पर एक मस्जिद के सर्वे के दौरान हिंसा एवं उन्माद का भड़क उठना और इसके चलते तीन लोगों की जान चले जाना, चुनौतीपूर्ण, विडम्बनापूर्ण एवं शर्मनाक है। इस घटना में कई अन्य लोग घायल भी हुए, जिनमें 30 से अधिक पुलिसकर्मी भी हैं। इस हिंसा को टाला जा सकता था यदि अदालत के आदेश पर हो रहे सर्वेक्षण का हिंसक विरोध नहीं किया जाता। ध्यान रहे कि जब ऐसा होता है तो बैर बढ़ने के साथ देश की छवि पर भी बुरा असर पड़ता है। निःसंदेह इस सम्प्रदाय विशेष को भी यह समझने की आवश्यकता है कि जब देश कई चुनौतियों से दो-चार है, तब राष्ट्रीय एकता एवं सद्भाव को बल देना सबकी पहली और साझी प्राथमिकता बननी चाहिए। एक उन्मादी, विभाजित और वैमनस्यग्रस्त समाज न तो अपना भला कर सकता है और न ही देश को आगे ले जा सकता है। समय आ गया है कि उन मूल कारणों पर विचार किया जाए, जिनके चलते साम्प्रदायिक तनाव, नफरत एवं द्वेष बढ़ाने वाली घटनाएं थम नहीं रही हैं। संभल की स्थानीय अदालत ने उस याचिका पर जामा मस्जिद के सर्वेक्षण का आदेश दिया था, जिसमें दावा किया गया था कि मुगल बादशाह बाबर ने इस मस्जिद का निर्माण एक मंदिर के स्थान पर किया था। स्थानीय अदालत के आदेश पर इसी मंगलवार को जब प्रारंभिक सर्वे किया गया था तब भी इलाके में तनाव फैला था, लेकिन उसे दूर कर लिया गया था। समझना कठिन है कि गत दिवस सर्वे के दौरान ऐसे प्रयास क्यों नहीं किए गए जिससे किसी तरह की अव्यवस्था और अशांति न फैलने पाए। रविवार को सर्वे के दौरान जिस तरह पुलिस पर पथराव किया गया और वाहनों में तोड़फोड़ करने के साथ उन्हें आग के हवाले किया गया, उससे लगता है कि कुछ उन्मादी तत्वों ने उपद्रव की तैयारी कर रखी थी। ऐसी घटनाएं सामाजिक तानेबाने को क्षति पहुंचाने के साथ कानून एवं व्यवस्था के समक्ष चुनौती भी खड़ी करती हैं। यह चिंता की बात है कि यह एक चलन सा बनता जा रहा है कि जब सार्वजनिक स्थलों पर कोई धार्मिक आयोजन होता है, किसी अदालती आदेश पर जांच कार्य होता है तो प्रायः पहले किसी बात को लेकर विवाद होता है और फिर हिंसा शुरू हो जाती है। कई बार तो यह हिंसा बड़े पैमाने पर और किसी सुनियोजित साजिश के तहत होती दिखती है। उत्तर प्रदेश के संभल में हुई भीषण हिंसा यही संकेत करती है कि उसे लेकर पूरी तैयारी की गई थी। संभल की ताजा घटनाओं के मूल में भड़काऊ नारे एवं संकीर्ण धार्मिकता के मनसूंबे सामने आये हैं। इस तरह की घटनाओं का बार-बार होना अच्छा नहीं है, मंदिर-मस्जिद के एक और मामले ने तनाव की स्थिति उत्पन्न करके शांति एवं सौहार्द को खण्डित किया। यदि मस्जिद पक्ष का यह मानना है कि जामा मस्जिद के सर्वे का आदेश सही नहीं तो उसे ऊपरी अदालत का दरवाजा खटखटाना चाहिए था। अदालत के आदेश की अवहेलना करने के लिए हिंसा का सहारा लेने का कहीं कोई औचित्य नहीं और तब तो बिल्कुल भी नहीं जब निचली अदालत के किसी फैसले के खिलाफ ऊंची अदालतों में जाने का रास्ता खुला हो। यह भी देखा जाना चाहिए कि क्या कुछ राजनीतिक दल एवं सम्प्रदाय विशेष के लोग किसी भी बहाने भड़कने और हिंसा करने के लिए तैयार बैठे रहते हैं? वास्तव में जैसे यह एक सवाल है कि क्या भारतीय संस्कृति के अस्तित्व एवं अस्मिता से जुड़े इन धार्मिक स्थलों के नाम पर पथराव, तोड़फोड़ और आगजनी करना जरूरी समझ लिया गया है? इन प्रश्नों पर संकीर्ण धार्मिकता से परे होकर गंभीरता के साथ विचार होना चाहिए। इसी तरह पुलिस प्रशासन को भी यह देखना होगा कि वैमनस्य बढ़ाने वाली घटनाएं क्यों बढ़ती चली जा रही हैं? यह सही है कि 1991 का पूजा स्थल अधिनियम किसी धार्मिक स्थल में बदलाव का निषेध करता है, लेकिन इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि यह अधिनियम ऐसे किसी स्थल के सर्वेक्षण की अनुमति भी प्रदान करता है और इसी कारण वाराणसी में ज्ञानवापी परिसर का सर्वेक्षण हुआ और धार में भोजशाला परिसर का भी। मथुरा में ईदगाह परिसर के सर्वेक्षण का मामला सुप्रीम कोर्ट के समक्ष विचाराधीन है। मंदिर-मस्जिद के विवाद नए नहीं हैं। इन विवादों को सुलझाने की आवश्यकता है। इसका एक तरीका न्यायपालिका का सहारा लेना है और दूसरा आपसी सहमति से विवाद को हल करना। इससे बेहतर और कुछ नहीं कि जहां भी ऐसे विवाद हैं, उन्हें दोनों समुदाय आपस में मिल-बैठकर हल करें। इसका सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि समाज में सद्भाव, सौहार्द एवं शांति बनी रहेगी। यह समझा जाना चाहिए कि इन दोनों उपायों के अतिरिक्त हिंसा एवं नफरत कोई उपाय नहीं है। इसी के साथ यह भी समझना होगा कि देश को अतीत से अधिक भविष्य की ओर देखने और मंदिर-मस्जिद विवादों से बाहर निकलने की आवश्यकता है। इससे इन्कार नहीं कि विदेशी आक्रमणकारियों ने अनगिनत मंदिरों का ध्वंस किया। अतीत में हुए इन ज्यादतियों, अत्याचारों एवं विध्वंस घटनाक्रमों को सुधारने की संभावनाएं किसी भी दृष्टि से गलत नहीं कही जा सकती। देश का चरित्र बनाना है तथा स्वस्थ, सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण समाज की रचना करनी है तो हमें एक ऐसी आचार संहिता को स्वीकार करना होगा जो जीवन में पवित्रता दे। राष्ट्रीय प्रेम व स्वस्थ समाज की रचना की दृष्टि दे एवं कदाचार-संकीर्णता-कट्टरता के इस अंधेरे कुएँ से निकाले। बिना इसके देश का विकास और भौतिक उपलब्धियां बेमानी हैं। व्यक्ति, परिवार और राष्ट्रीय स्तर पर हमारे इरादों की शुद्धता महत्व रखती है, जबकि हमने इसका राजनीतिकरण कर परिणाम को महत्व दे दिया। घटिया उत्पादन के पर्याय के रूप में जाना जाने वाला जापान आज अपनी जीवन शैली को बदल कर उत्कृष्ट उत्पादन का प्रतीक बन विश्वविख्यात हो गया। यह राष्ट्रीय जीवन शैली की पवित्रता का प्रतीक है। इसी तरह भारत भी आज विश्वविख्यात होने की दिशा में अग्रसर हो रहा है, तो उसकी बढ़ती साख एवं समझ को खण्डित करने वाली शक्तियों को सावधान करना ही होगा। भारत जैसी माटी में जन्म लेना बड़ी मुश्किल से मिलता है। विश्व बंधुत्व एवं वसुधैव कुटुम्बकम की विचारधारा वाला यह राष्ट्र विभिन्न संस्कृतियों एवं सम्प्रदायों को अपने में समेटे है ।

# संविधान, संसद और हमारी सरकार

इस बार भी मुझे यही आशंका है कि सरकार सदन चलाना ही नहीं चाहती। सरकार के तेवर बता रहे हैं कि उसे किसी की परवाह नहीं है। न सदन की गरिमा की, न सदन के सदस्यों के मान-अपमान की और न जनाकांक्षाओं की। लोकसभा और राज्य सभा के हिस्से में पहली बार सरकार के कठपुतली पीठासीन प्रमुख आये हैं, जो सदन को नियमों, और परम्पराओं के अनुरूप चलने के बजाय सरकार के इशारों से चलना चाहते हैं। आप कल्पना कर सकते हैं कि जो सरकार संविधान की लाल जिल्द देखकर बिदकती हो वो संविधान और संसद की गरिमा की रक्षा क्या खाक करेगी?




**राकेश अचल**
**लेखक**

विषय गंभीर है, इसलिए इसे गंभीरता से ही पढ़िए। देश के संविधान के 74 साल पूरे हो गए हैं और 75 वां साल शुरू हो गया है। इसी दीघार्यु संविधान से आज की सरकार धर्मनिरपेक्षता को निकाल फेंकना चाहती है, लेकिन लाख-लाख शुक्रिया कि सरकार की बदनीयत पर देश की सबसे बड़ी अदालत ने पानी फेर दिया। इसी संविधान की शपथ लेकर संसद में जाने वाले लोग दूसरी तरफ संसद को बहरा और गूंगा बनाने पर आमादा हैं। अब सवाल ये है कि हमारा संविधान और संसद क्या किसी सनक का शिकार हो सकता है? देश के संविधान की प्रस्तावना में पिछली सरकार द्वारा जोड़े गए दो शब्द आज की सरकार और उसके समर्थकों की आँख में कांटे की तरह चुभ रहे है। इन्हें विलोपित करने के लिए फिलहाल संसद में प्रस्ताव नहीं आया है लेकिन कुछ लोग सर्वोच्च न्यायालय जा पहुंचे। सुप्रीम कोर्ट ने संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी और पंथनिरपेक्ष शब्दों को हटाने की मांग वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि प्रस्तावना के मूल सिद्धांत पंथनिरपेक्ष लोकाचार को दशार्ते हैं। केशवानंद भारती और एसआर बोम्मई सहित कई फैसलों में कहा गया है कि पंथनिरपेक्षता संविधान की एक बुनियादी विशेषता है। इन दो शब्दों को लेकर आज की सरकार और संविधान के बीच का टकराव साफ देखा जा सकता है। हाल ही में सम्पन्न हुए महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा के चुनावों में संविधान की मूल भावना के खिलाफ सरकार और सरकारी पार्टी ने बटोगे तो कटोगे का बीभत्स नारा उछाला। लेकिन किसी ने सरकार को रोका नहीं। आखिर किसके पास इतनी ताकत है कि जो वो सरकार को संविधान के खिलाफ जाने से रोके? ये काम या तो देश की सबसे बड़ी अदालत कर सकती है या फिर जनता की अदालत। जनता की अदालत संसद होती है उसे गूंगा-बहरा बनाने की कोशिश की जा रही है। संसद के शीत सत्र के पहले ही दिन लोकसभा की कार्रवाई केवल 1 मिनिट चली और तत्काल स्थगित कर दी गयी। लोकसभा अध्यक्ष ने सदन चलने की कोई कोशिश नहीं की। लगता है जैसे वे घर से ही सोचकर निकले थे कि संसद की कार्रवाई को चलाना ही नहीं है। प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र दामोदर दास मोदी ने संसद में प्रवेश से पहले ही कह दिया कि जिन लोगों को जनता ने ठुकरा दिया है वे मुठ्ठी भर लोग संसद में हंगामा करते है। अब कोई मोदी जी से कैसे पूछे कि सदन में जनता द्वारा चुने हुए लोग ही प्रवेश करते हैं ठुकराए हुए नहीं। और ये लोग मुठ्ठी भर नहीं हैं सैकड़ों की संख्या में हैं। इन्हें इस तरह से लांछित नहीं किया जा सकता। मुश्किल ये है कि माननीय प्रधानमंत्री न संसद के बाहर सवालों का सामना करते हैं और न संसद में। उनकी अग्निवीर सेना संसद में संविधान के बजाय मोदी- मोदी के नारे लगाकर आतंक पैदा करना चाहती है। आखिर मोदी जी महाराष्ट्र में जीते हैं तो झारखण्ड में बुरी तरह हारे भी हैं। फिर इस नारेबाजी का क्या अर्थ है ?इससे क्या हासिल होने वाला है? हमारी मौजूदा बैशाखी पर टिकी सरकार को शायद ये भरम हो गया है कि हमारा संविधान उनके मतलब का नहीं है, क्योंकि जब संविधान बनाया गया तब माननीय मोदी जी थे ही नहीं। आपको बता दें कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना एक संक्षिप्त परिचयात्मक कथन है। प्रस्तावना किसी दस्तावेज के दर्शन और उद्देश्यों को बताती है। इसे 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान सभा द्वारा अपनाया गया था। इसके बाद 26 जनवरी 1950 को देश का संविधान लागू हुआ था। दरअसल, 1946 में जवाहरलाल नेहरू ने संवैधानिक ढांचे का वर्णन करते हुए उद्देश्य प्रस्ताव पेश किया था। 1947 (22 जनवरी) में इसे अपनाया गया। इसने भारत के संविधान को आकार दिया और इसका संशोधित रूप भारतीय संविधान की प्रस्तावना में परिलक्षित होता है। भारतीय संविधान की प्रस्तावना में केवल एक बार 42वें संशोधन अधिनियम, 1976 के जरिए संशोधन किया गया है। समाजवादी, पंथनिरपेक्ष और अखंडता शब्द 42वें संशोधन अधिनियम, 1976 के जरिए प्रस्तावना में जोड़े गए। संप्रभु और लोकतांत्रिक के बीच समाजवादी और पंथनिरपेक्ष शब्द जोड़ दिए गए। राष्ट्र की एकता को बदलकर राष्ट्र की एकता और अखंडता कर दिया गया। ये शब्द भाजपा को अजीर्ण पैदा करते हैं। इसीलिए भाजपा न जाने कब से संविधना से इन शब्दों को हटाने की फिराक में हैं, लेकिन कहते हैं की ऊपर वाला बड़ा दयालु है। गंजों को नाखून नहीं देता। संविधान में संशोधन के लिए जितनी ताकत [ संख्या बल ] चाहिए उतना भाजपा अभी तक जुटा नहीं पायी। हारकर उसने अदालत की शरण ली। शीर्ष अदालत में भाजपा नेता डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी, सुप्रीम कोर्ट के वकील अश्विनी उपाध्याय और बलराम सिंह ने इसे लेकर याचिकाएं दाखिल की थीं। याचिकाओं में 1976 में 42वें संशोधन के जरिये संविधान की प्रस्तावना में शामिल किए गए दो शब्दों पंथनिरपेक्ष और सामाजवाद को हटाने की मांग की गई। याचिकाओं में कहा गया कि ये दोनों शब्द 1949 में तैयार किए गए संविधान के मूल प्रस्तावना में नहीं हैं। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने इन याचिकाओं पर सुनवाई की और 22 नवंबर को आदेश सुरक्षित रखा था। अब शीर्ष अदालत में भी भाजपा का सपना चकनाचूर हो चुका है। इसकी खीज आप संसद में साफ देख सकते हैं। सरकार ने मन बना लिया है की उसे संसद में हंगामे को बहना बनाकर किसी भी सवाल का उत्तर देना ही नहीं है। देश का दुर्भाग्य ये है कि देश के पास इस समय एक कजहिजी हुई, बौखलाई हुई, मन से हारी हुई एक ऐसी सरकार है जो विपक्ष को फूटी आँख नहीं देखना चाहती आपको याद होगा कि इसी पार्टी की सरकार ने पिछली संसद में किस तरह से थोक में सांसदों को सदन से बाहर का रास्ता दिखाकर अपनी मनमानी की थी।

# संभल : देश को कौन जला रहा है ?

**राजेंद्र शर्मा**

दुर्भाग्य ये यह सब एक प्रकार से सुप्रीम कोर्ट की शह से ही हो रहा है। याद रहे कि काशी की ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर इस तरह से विवाद खड़ा किए जाने का मुद्दा जब सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा था और इस तरह की कार्रवाइयों को 1991 के धार्मिक स्थल कानून के आधार पर चुनौती दी गयी थी, डीवीइ चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस तकनीकी तर्क के आधार पर सर्वे का अनुमोदन कर दिया था कि सर्वे की मांग, सिर्फ यह जानने की मांग है कि क्या वहां कोई मंदिर रहा था? और यह मांग, धार्मिक स्थल की प्रकृति को बदलने की मांग से अलग है, जो कि 1991 के कानून के अंतर्गत प्रतिबंधित है। उत्तर प्रदेश में संभल के दुःखद घटनाक्रम के संबंध में, एक प्रभावशाली राय यह है कि यह दंगा जान-बूझकर शासन के इशारे पर कराया गया था, जिससे एक दिन पहले ही गाढ़े रंग से रेखांकित होकर सामने आये प्रदेश में नौ विधानसभाई सीटों के उपचुनाव में खुली धांधली के सवालों की ओर से ध्यान हटाया जा सके। सभी जानते हैं कि उप-चुनावों में 23 नवंबर को घोषित नतीजों में, भाजपा ने सपा से तीन सीटें छीन ली हैं। इन नतीजों में मुरादाबाद की कुंदरकी की सीट जैसे चमत्कार भी शामिल हैं, जहां करीब 65 फीसद मुस्लिम मतदाताओं के बावजूद और मुस्लिम वोटों में किसी खास विभाजन के न होने के बावजूद, भाजपा के उम्मीदवार को एक लाख से ज्यादा वोटों से विजयी घोषित किया गया है। वैसे इन उपचुनावों के सिलसिले में यह उल्लेखनीय है कि मतदान के दिन, 20 नवंबर को ही समाजवादी पार्टी ने कुंदरकी के अलावा भी कम से कम तीन चुनाव क्षेत्रों–अंबेडकर नगर में कटेहरी, मुजफ्फरनगर में मीरापुर तथा कानपुर में सीमामऊ–में बड़े पैमाने पर चुनाव धांधली और खासतौर पर मुस्लिम मतदाताओं को पुलिस द्वारा रोके, डराए-धमकाए जाने और उन पर लाठियां बरसाए जाने के, सप्रमाण आरोप लगाए थे। यहां तक कि प्रायः विपक्ष की शिकायतों को अनसुना करने वाले चुनाव आयोग तक को, अलग-अलग चुनाव क्षेत्रों में करीब आधा दर्जन पुलिस अधिकारियों के निलंबन के आदेश जारी करने पड़े थे। मतगणना के बाद, विपक्ष चुनाव धांधली की इन शिकायतों को जोरदार तरीके से उठाता, उससे पहले ही अगली सुबह संभल में दंगा करा दिया गया, जिसमें इन पंक्तियों के लिखे जाने तक चार और कई खबरों के अनुसार एक ही समुदाय के पांच लोगों की जान जा चुकी थी और पुलिसवालों समेत भारी संख्या में लोग घायल हो गए थे। खैर! संभल की त्रासदी किसी षडयंत्र के अर्थ में भले ही जान-बूझकर नहीं करायी गयी हो, लेकिन दंगा जिस तरह से भड़काया गया है, उस अर्थ में जरूर यह दंगा प्रशासन की मिलीभगत से कराया गया है। यह संयोग ही नहीं है कि एकाएक एक जिला अदालत द्वारा इस कस्बे के सबसे पुराने स्मारक, साढ़े चार सौ साल पुरानी शाही मस्जिद में यह पता लगाने के लिए कि क्या वहां पहले मंदिर रहा था, सर्वे कराने के आदेश दे दिए। आश्चर्यजनक रूप से ये आदेश मुस्लिम पक्ष की अनुपस्थिति में, अल्पसंख्यकों के लिए बिना किसी पूर्व-सूचना के ही जारी कर दिए गए। फिर भी यह सर्वे बिना किसी अप्रिय घटना के हो भी गया। लेकिन, आश्चर्यजनक रूप से 24 तारीख की सुबह सर्वेक्षण टीम, पुलिस की सुरक्षा में और जय श्रीराम के नारे लगाते समूह के साथ, दोबारा सर्वेक्षण के लिए पहुंच गयी। बताया जाता है कि दोबारा सर्वे करने के लिए किसी प्रकार का अदालती आदेश तक नहीं था। उसके बाद वही हुआ जो सकता था। सर्वेक्षण के पक्ष और विरोध में तनाव पैदा होने लगा। विरोध में भीड़ जमा हो गयी और जल्द ही भीड़ और पुलिस के बीच झड़प की नौबत आ गयी। और फिर वह हुआ, जो उत्तर प्रदेश में योगी राज में हर बार होता है–पुलिस ने मुसलमानों के खिलाफ युद्ध जैसा छेड़ दिया। ज्यादातर जानें पुलिस की गोलीबारी में गयी हैं, हालांकि पुलिस ने गोली चलाने से इंकार ही किया है। पुलिस ने 2, 500 लोगों के खिलाफ एफआइआर दर्ज की बताते हैं। दुर्भाग्य से उत्तर प्रदेश पुलिस की इन जुल्म-ज्यादतियों को चूंकि वर्तमान शासन का पूरा-पूरा अनुमोदन हासिल है बल्कि शासन द्वारा इन्हें बढ़ावा ही दिया जाता है, इसलिए न सिर्फ इन पर रोक-टोक का कोई दरवाजा नहीं है, मुसलमानों की किसी भी तरह की सुनवाई की उम्मीद ही तेजी से खत्म होती जा रही है। कहने की जरूरत नहीं है कि इस हताशा ने भी संभल के दंगे की आग में घी डालने का काम किया है। यह नाउम्मीदी इस बात से और भी मुकम्मल हो जाती है कि बढ़ते पैमाने पर अदालतें, समस्या के समाधान का साधन बनने के बजाए, समस्या भड़काने का ही साधन बनती जा रही हैं।

# जेंडर रेसियो व ईपी रेसियो बढ़ाने के लिए करें कारगर कार्रवाई : आयुक्त

■ बड़े बकायेदारों के विरूद्ध नोटिस, बॉडी वारंट की कार्रवाई करने के साथ ही अखबारों में उनसे संबंधित नोटिस को प्रदर्शित कराने का निर्देश

प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया( घनश्याम ) ।तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त सरवणन एमआयुक द्वारा समाहरणालय सभाकक्ष में पंचायती राज के विभिन्न योजनाओं, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण, नीलाम पत्र वाद, राजस्व एवं निर्वाचक सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण से संबंधित गतिविधियों की गहन समीक्षा की गयी।

अर्हता तिथि 01.01.2025 के आधार पर निर्वाचक सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण से संबंधित गतिविधियों की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने कहा कि मतदाता सूची से




संबंधित कार्य गुणवत्ता एवं गहनता के साथ करें। इस कार्य की सतत निगरानी जरूरी है। जेंडर रेसियो सहित ईपी रेसियो बढ़ाने पर विशेष बल देते हुए कारगर कार्रवाई करें। उन्होंने निर्देश दिया कि बूथवार आ-कड़ा निकाले और कम उपलब्धी वाले मतदान केंद्र पर जेंडर रेसियो बढ़ाने हेतु बी0एल0ओ0 को टारगेट देकर ज्यादा से ज्यादा महिलाओं का नाम निर्वाचक सूची में दर्ज कराएं। प्रयास यह करें कि एक भी महिला का नाम मतदाता सूची में नहीं छू-टे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त जेंडर रेसियो के लक्ष्य को ससमय एचिव करें। साइंस्टेफिक स्ट्रेटेजी अपनाते हुए कार्य करें। इससे बेहतर परिणाम सामने आयेगा।

उन्होंने निर्देश दिया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बी0एल0ओ को पुरस्कृत करें। साथ ही अपेक्षाकृत कम प्रगति वाले अथवा शिथिलता बरतने वाले बी0एल0ओ0 को दंडित भी करें।

नीलाम पत्र वाद की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने कहा कि पश्चिम चम्पारण जिला में अच्छा कार्य हुआ है। विगत दिनों राज्य स्तर पर सम्पन्न बैठक में पश्चिम चंपारण को सराहना मिली है, इसे और बेहतर करने की आवश्यकता है। निर्धारित लक्ष्य को ससमय पूरा करें। उन्होंने निर्देश दिया कि नीलाम पत्र वाद की प्रॉपर तरीके से ट्रैकिंग करें। पूरे सिस्टम को एक्टिव करें। सभी वादों को ऑनलाइन एंट्री कर लें। बड़े बकायेदारों के विरूद्ध ठोस कार्रवाई करें। बड़े बकायेदारों के विरूद्ध नोटिस, बॉडी वारंट की कार्रवाई करने के साथ ही अखबारों में उनसे संबंधित नोटिस को प्रकाशित कराया जाय।

राजस्व एजेंडा के दौरान ऑनलाइन म्यूटेशन, परिमार्जन प्लस, अभियान बसेरा-2, आधार सीडिंग, ई-मापी, भूमि हस्तानांतरण की गहन समीक्षा आयुक्त द्वारा की गयी। साथ ही उत्तरोत्तर सुधार के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। इसके साथ ही धान अधिप्राप्ति, फोटीफाईड चावल प्राप्ति, जिला परिषद में 15 वीं वित आयोग एवं षष्टम राज्य वित आयोग की राशि के व्यय, लोक प्रहरी, जिला परिषद में संविदा पर रिक्त पदों पर नियोजन, पंचायत सरकार भवन के लिए भूमि की स्थिति, मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर लाइट योजना, स्वास्थ्य उपकेन्द्रों का निर्माण आदि से संबंधित बिन्दुओं की गहन समीक्षा आयुक्त द्वारा की गयी।

बैठक के प्रारंभ में जिलाधिकारी, श्री दिनेश कुमार राय के द्वारा आयुक्त का स्वागत किया गया तत्पश्चात पावर प्वाईंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभागीय योजनाओं एवं उपलब्धियां की जानकारी दी गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु जिला प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है

# नशामुक्ति दिवस पर कई कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया( घनश्याम ) । नशामुक्ति दिवस 26 नवंबर 2024 के अवसर पर आज समाहरणालय सभाकक्ष में जिले में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में जिलास्तरीय पदाधिकारी, मद्य निषेध की समस्त टीम, जीविका दीदियां, विद्यार्थी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

इस अवसर पर अधिवेशन भवन, पटना में आयोजित कार्यक्रम का लाइव वीडियो प्रसारण किया गया, जिसे समाहणालय सभाकक्ष में उपस्थित लोगों ने देखा और सुना।

नशामुक्ति दिवस के अवसर पर जनजागरूकता फैलाने के उदेश्य से प्रभात फेरी सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके साथ ही होर्डिंग्स/फ्लैक्स, बैनर के माध्यम से भी लोगों को जागरूक एवं प्रेरित किया गया।

नशामुक्ति दिवस पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता चित्रकला, निबंध, वाद-विवाद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को आज समाहरणालय सभाकक्ष में पुरस्कार



देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में राज वर्मा, नवीन कुमार शर्मा, सृष्टि राज, अंशु कुमारी, भूपेन्द्र शर्मा, रश्मि कुमारी, उर्विशा गर्ग, अंशुमान गुप्ता, अनुष्का कुमारी के नाम शामिल हैं।

अधीक्षक, मद्य निषेध ने बताया कि 26 नवंबर नशामुक्ति दिवस घोषित है। मद्य निषेध नीति के कार्यान्वयन हेतु सभी प्रकार के नशीले पदार्थों की बुराईयों का प्रचार-प्रसार कर लोगों में नशीले पदार्थों को परित्याग करने की चेतना जागृत करने हेतु आज कई कार्यक्रम का आयोजन पश्चिम चम्पारण जिले में किया गया है।

उन्होंने बताया कि जिलास्तर पर आयोजित प्रभातफेरी राज हाईस्कूल से शुरू होकर विपिन हाई स्कूल में जाकर समाप्त हुआ। इस प्रभातफेरी में विभिन्न विद्यालयों के लगभग 1500 बच्चे शामिल हुए। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव-सह अवर न्यायाधीश, श्री अमरेन्द्र कुमार राज संविधान दिवस के अवसर पर संविधान सप्ताह की शुरूआत करते हुए विपिन हाई स्कूल के कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रभातफेरी कार्यक्रम में डीईओ, डीपीओ, एसएसए सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी शामिल थे।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारीबअनिल कुमार सिन्हा अधीक्षकबमद्य निषेधबमनोज कुमार सिंह वरीय उप समाहर्ता बेबी कुमारी वरीय कोषागार पदाधिकारी संजू कुमारी डीपीएम जीविका आर के निखिल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जब्त शराब बोतलों पर प्रशासन का चला बुलडोजर 1368 लीटर अंग्रेजी शराब को विनष्ट किया गया

प्रातः किरण, संवाददाता

बगहा।बगहा पुलिस जिला अंतर्गत सभी थानों द्वारा जब्त करीब 1368 लीटर शराब को चौतरवा थाना पि-रसर में विनष्ट किया गया। बुलडोज की मदद से बगहा एक सीओ और उत्पाद विभाग के अधिकारी नागेंद्र प्रसाद की उपस्थिति में उत्पाद विभाग और पुलिस टीम ने जब्त शराब को विनिष्टीकरण किया ।बतादें की बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून लागू है ऐसे में शराब निर्माण और बिक्री यहां पूरी तरह प्रतिबंधित है ।पुलिस जांच और छापेमारी के दौरान तमाम थानों द्वारा बरामद शराब को एकत्रित पुलिस और उत्पाद विभाग द्वारा जब्त पूर्व में किये गए थे को मजिस्ट्रेट की मौजूदगी विनष्ट किया गया।

### शराब की खेप के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, भेजा गया जेल

बगहा। बगहा पुलिस जिला के नौरंगिया पुलिस ने गुप्त सूचना पर वाहन जांच के दौरान एक शराब तस्कर को 24 अंग्रेजी बोतलों के साथ गिरफ्तार किया है।थाने में तैनात एएसआई पीटीसी 30 विकाश कुमार के कथनानुसार शराब के विरूद्ध छापेमारी के दौरान गुप्त सूचना मिली कि दो युवक बाइक से शराब की खेप लेकर आने वाले है।तभी जाल बिछाते हुए उक्त तस्कर को पकड़ने के लिए सड़क पर वाहन जांच शुरू किया गया।तभी एक बाइक पर दो लोगों को आता देख उन्हें रुकने का इशा-रा किया।बाइक तस्करों ने बाइक को वापस मोड़कर भागने लगा । साथ के सहयोगी बलकर्मी के सहयोग से उसे पकड़ लिया वहीं दूसरा तस्कर अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल हो गया।पकड़े गए युवक की पहचान नौरंगिया थाना स्थित सिरसिया निवासी जितेंद सहनी के रूप में हुई है। उसके पास से 24 बोतल 750 एमएल की 18 लीटर अंग्रेजी शराब रॉयल स्टेग सुपीरियर की बाइक समेत बरामद किया गया।बतादें की बिहार में शराब बनाना, खरीदना,पीना और उसका परिवहन करना पूर्णतः प्रतिबंध है।

### छींटपूट वोकस के साथ शांतिपूर्ण हुआ मतदान

लहलादपुरः प्रखंड अंतर्गत पैक्स अध्यक्ष एवं सदस्य पद के लिये हो रहा मतदान शांति पूर्ण रहा. वहीँ एक्का-दुक्का वोकस मतदान गिरने से इंकार नहीं किया जा सकता. मतदान केंद्रों पर पहुंचे मतदाताओं के बीच ऐसी चर्चा चल रही थी कि वोकस मतदान करने के लिये कुछ मतदाताओं ने दूसरे के नाम का अपना फर्जी आधार कार्ड बनवा लिया है. प्रखंड क्षेत्र के बसहीं पैक्स से अध्यक्ष पद के लिये आशुतोष पांडेय अनल निर्विरोध विजयी हुए, वहीँ दयालपुर पैक्स में कांटे की टक्कर बतायी जा रही है. कुछ पैकसों में अध्यक्षों के बदलाव के आसार नजर आ रहे हैं, जिनमें दंदासपुर, किसुनपुर लौआर तथा बनपुरा पैक्स शामिल हैं.

### खैरा में अवैध देशी कट्टा का प्रदर्शन करने के आरोपी को किया गया गिरफ्तार

छपरा कार्यालय। खैरा थाना को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम-हुसैनपुर में बारात में आर्केष्ट्रा के प्रोग्राम में 01 लड़का कट्टा लहरा रहा है।

उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम हुसैनपुर पहुंचकर बताये गये स्थान पर छापामारी किया गया` छापामारी के क्रम में 01 अभियुक्त दीपक कुमार सिंह, पिता- देवेन्द्र सिंह, साकिन- नैनी वाजितपुर, थाना-मुफ्फसिल, जिला- सारण को 01 दे-शी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया गया।

# रामनगर के रिहायशी इलाके में विशालकाय अजगर के मिलने से अफरातफरी मची

प्रात : किरण, संवाददाता

बगहा। बगहा के रामनगर के रिहाइशी इलाके में करीब 9 फीट लम्बा विशालकाय अजगर निकलने से अफरा तफरी मच गई । हालांकि सूचना के बाद अपनी जान जोखिम में डालकर काफी देर की मशक्कत के बाद सफलतापुर्वक विशालकाय अजगर सांप का रेस्क्यू कर रामनगर थाना में लाया गया । जिसके बाद पुलिस ने वन विभाग को सुचना देकर विशालकाय सांप को वन विभाग की टीम को सौंपा दिया गया है ।

दरअसल विशालकाय अजगर सांप वाल्मीकि टाइगर रिजर्व जंगल से बाहर निकलकर रामनगर के रिहायशी इलाके के मिलबहुअरी स्थित एक घर में घुस गया था जिसके बाद बच्चों की चीख पुकार मच गई लिहाजा परिजनों



नें स्थानीय स्नेक कैचर नोमान खान की मदद से अजगर सांप कों पकड़ा और उसे रामनगर थाने की पुलिस की मौजूदगी में वीटीआर के वन विभाग की टीम के हवाले किया गया जिसे वन कर्मियों नें वीटीआर के घने जंगलों में छोड़ दिया है।

बतादें की बिहार के इकलौते वाल्मीकि टाइगर रिजर्व जंगल में अजगर के कई प्रजापति के विषहीन सांप भारी संख्या में हैं और ये अक़्सर वीटीआर से स्टे रिहायशी इलाकों में पहुंच जा रहें हैं यहीं वजह है की लोगों कों अक़्सर डर बना रह रहा है हालांकि सूचना पर फौरन वन विभाग की टीमें जंगली जीव जंतुओं का सफल रेस्क्यू कर उन्हें वीटीआर जंगल में छोड़ दिया करते हैं ।

# सांसद ने की संविधान को भोजपुरी भाषा में प्रकाशित करने की मांग

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय ।मंगलवार को नई दिल्ली में संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में संविधान दिवस के अवसर पर बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के सपनों एवं जन-जन के आकांक्षाओं का दस्तावेज ह्लसंविधानह्व को नमन करते हुए पुष्प अर्पित कर सांसद लोकसभा महाराजगंज,बिहार जनार्दन सिंह ह्लसीग्रीवालह्व ने निम्नं बातें कहीः-

सर्वप्रथम सांसद सीग्रीवाल ने कहा कि आज दुनिया के सबसे बड़े लोकतान्त्रिक देश भारत के संविधान का संस्कृत एवं मैथली भाषा में प्रकाशन न सिर्फ बिहार के



लिए बल्कि हमारे देश के जन-जन के लिए गर्व का विषय है ' इसके लिए जनार्दन सिंह ह्लसीग्रीवालह्व ने भारत के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हार्दिक बधाई प्रेषित किया '

लोकसभा सांसद जनार्दन सिंह ह्लसीग्रीवालह्व ने इसी के साथ भोजपुरी भाषा में भी संविधान के प्रकाशन का मांग करते हुए कहा कि भोजपुरी भारत सहित विश्व के कई देशों की भाषा है जहाँ पर करोड़ों की संख्या में लोग भोजपुरी लिखने और बोलने का काम करते हैं ' इसलिए भोजपुरी जैसे भाषा में संविधान का प्रकाशन करना बहुत जरुरी है ' भोजपुरी भाषा में संविधान के प्रकाशन से हमारे करोड़ों भोजपुरी भाषियों के बीच संविधान के शब्दों को सरल भाषा में उपलब्ध कराकर नियम एवं कानून के प्रति सजग एवं जागरूक किया जा सकता है ' उन्होंने यह भी कहा कि भोजपुरी भाषा में संविधान के प्रकाशन से हमारे देश के नियम एवं कानून के अनुपालन में भी सरकार एवं प्रशासन को बड़े स्तर पर सहयोग मिलेगा '

अंत में उपर्युक्त बातों को कहते हुए सांसद जनार्दन सिंह ह्लसीग्रीवालह्व ने भारत सरकर से भारत के संविधान का प्रकाशन भोजपुरी भाषा में भी प्रकाशित कराने का अनुरोध किया ताकि देश के करोड़ों भोजपुरी भाषी के भावनाओं का आदर किया जा सके ।

# जिलाधिकारी ने पीएचसी, भितहां का किया औचक निरीक्षण

■ अनुपस्थित एमओआइसी डॉ0 मनोरंजन सहित आयुष मेडिकल ऑफिसर डॉ0 विश्वजीत को शोकॉज करने का निर्देश

■ मरीजों को समुचित ईलाज सहित उनका देखभाल अच्छे तरीके से करने का निर्देश

प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने मंगलवार को पीएचसी भितहां का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रत्येक बिन्दुओं की गहन जांच की गयी। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजी सहित अन्य पंजियों, दवाओं की उपलब्धता, उपकरणों की जांच की गयी।

निरीक्षण के क्रम में एमओआइसी डॉ0 मनोरंजन सहित आयुष मेडिकल ऑफिसर डॉ0 विश्वजीत अनुपस्थित पाये गये। जिलाधिकारी ने अनुपस्थित एमओआइसी तथा आयुष मेडिकल आफिसर को शोकॉज करने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया।



जांच के क्रम में पाया गया कि 294 के विरूद्ध 227 प्रकार की दवाई आपूर्ति की जा रही है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि समय पर दवाओं का इंडेंट करें तथा मरीजों को उपलब्ध कराएं। जो दवाई एक्सपायर होने वाली हो उसकी आपूर्ति प्राथमिकता के आधार पर की जाए तथा विभाग से संपर्क कर जहां आवश्यक हो उपलब्ध कराई जाए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पीएचसी का संचालन विभागीय दिशा-निदेर्शो के अनुरूप होना चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मरीजों का समय पर समुचित ईलाज, देखभाल सहित सरकार द्वारा देय सभी सुविधाएं हर हाल में मिलनी चाहिए।

उन्होंने निर्देश दिया कि पीएचसी में प्रतिनियुक्ति डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टॉफ तथा अन्य कर्मी समय पर उपस्थित रहकर अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों का निवर्हन करें। अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टॉफ एवं अन्य कर्मियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करें।

निबंधन काउंटर के निरीक्षण के दौरान कर्मियों को सही जानकारी मरीजों तथा उनके परिजन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, बगहा सुशांत कुमार सरोज, अनुमंडल पदाधिकारी गौरव कुमार विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा सुजीत कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# शहरी जनजीवन और आगंतुकों को जाम से निजात दिलाना बहुत जरूरी:गरिमा

■ नगर में आवागमन के लिए महत्वपूर्ण सर्किट हाउस चौराहा के चौड़ीकरण-सौंदर्यीकरण का महापौर ने किया निरीक्षण

प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया( कुमार अभिजितम )। नगर के सर्किट हाउस चौराहा चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण कार्य का महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने अवलोकन और निरीक्षण किया। इसके बाद महापौर ने कहा कि अब सर्किट हाउस चौराहा से होकर आवागमन बहुत सुविधाजनक और आसान हो गया है। इस कार्य को पूरा करने में श्रीमती सिकारिया ने महारानी जानकी कुंवर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो ( डॉ) रवींद्र कुमार चौधरी और महाविद्यालय



परिवार का भी चौड़ीकरण कार्य में रचनात्मक भागीदारी और सहयोग के लिए आभार जताया। महापौर ने कहा कि अरेराज होकर पटना के अतिरिक्त सिवान और गोपालगंज से आने का यह अब महत्वपूर्ण रूट बन गया है। नौतन से भी जिला मुख्यालय और मेडिकल कॉलेज आने का यह मुख्य मार्ग है ।पहले इस चौराहे हमेशा जाम जैसी स्थिति रहती थी।

श्रीमती सिकारिया ने बताया कि शहरी जन जीवन को जाम से निजात दिलाने के लिए सेंट जेवियर्स चौक की तरह इसका भी चौड़ीकरण किया जा रहा है। इसके लिए एमजेके कॉलेज की बाउंड्री को पीछे किया गया है, अब सर्किट हाउस चौक की चौड़ाई लगभग दोगुनी हो गई है ।जिससे जाम की समस्या पर काबू पाया जाएगा। उसकी ढलाई कार्य का निरीक्षण के बाद महापौर ने कहा गया कि मैं नगर निगम क्षेत्र के जनजीवन और आगंतुकों को जाम की समस्या से निजात दिलाना बहुत जरूरी है। मैं इस समस्या से शहरी क्षेत्र को मुक्ति दिलाने के लिए मैं लगातार प्रयासरत हूं।

# अवैध देसी कट्टे को गांव में लहराना युवक को पड़ा भारी ,पुलिस ने दबोचा

प्रात : किरण, संवाददाता

बगहा। बगहा के चौतरवा थाना क्षेत्र से अवैध देशी पिस्टल के साथ युवक कों पुलिस नें गिरफ्तार किया है । दरअसल देशी कट्टा गाँव में लहराना एक युवक कों उस वक़्त महंगा पड़ गया जब सूचना मिलते हीं मौके पर पहुंची पुलिस नें उसे दबोच लिया ।जानकारी के मुताबिक युवक देशी कट्टा लेकर गांव में घूम रहा था, जिसकी सूचना स्थानीय लोगों ने चौतरवा थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने युवक को देशी कट्टा के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार करते हुए थाना लाई । इसकी




जानकारी देते हुए चौतरवा थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि सूचना के आलोक में कार्रवाई करते हुए देशी कट्टा के साथ चौतरवा थाना क्षेत्र के बरिअरवा पटखौली निवासी आनंद कुमार राव उर्फ गोलु राव को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर अवैध हथियार रखने और उसे लहराने के आरोप में आर्म्स एक्ट के तहत आरोपी कों न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है ।बतादें की जिलें के बेतिया के बाद बगहा के चौतरवा में अवैध हथियार लहराने के मामले में हुई गिरफ़्तारी के बाद बदमाशों और मंचलों में हड़कंप मचा है ।

# नशा मुक्त भारत अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण, संवाददाता

क्सौल। जिलाधिकारी, पूर्वी चम्पारण सौरभ जोरवाल द्वारा नशा मुक्ति दिवस के तहत नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम समाहरणालय परिसर, मोतिहारी में 100 से अधिक एनसीसी एवं स्काउट एंड गाइड को नशा मुक्त बनाने हेतु शपथ ग्रहण कराया गया। उक्त के पश्चात सभी को जनजागरुकता अभियान हेतु समाहरणालय परिसर से गाँधी समाहरणालय तक निकाले गये प्रभात फेरी सह जागरुकता रथ




को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।प्रभात फेरी के माध्यम से स्काउट एंड गाइड व एनसीसी द्वारा नशा मुक्ति से संबंधित नारा लगाकर लोगों को जागरूक किया गया।

नशा छोड़ो, बोतल तोड़ो, घर को जोड़ो। जन-जन का यही पुकार, नशा मुक्त हो बिहार।

मद्य निषेध हितकारी है, बिटिया की बात प्यारी है। नशा मुक्ति से आई खुशहाली, दूर होगी सबकी बदहाली। गृह क्लेश और मार पिटाई, अब तो छोड़ो यह नशे की लत भाई। उक्त कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए महाविद्यालयों एवं जिले के 50 विद्यालयों में में छात्र - छात्राओं को शपथ ग्रहण के माध्यम से नशा मुक्त पूर्वी चम्पारण बनाने का संकल्प लिया गया। साथ ही सभी प्रखंड एवं अनुमंडल कार्यालय परिसर में नशा मुक्ति से संबंधित शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा पूर्वी चम्पारण जिले को नशा से पूर्ण रूप से मुक्त कराने का आह्वान किया गया।

# अम्बेडकर ज्ञान मंच द्वारा संविधान दिवस कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण, संवाददाता

रक्सौल। अम्बेडकर ज्ञान मंच के तत्वावधान में मंगलवार को संविधान दिवस के मौके पर शहर के अम्बेडकर चौक स्थित संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण सह पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने उपस्थित जनमानस का स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय संविधान देश के समस्त नागरिकों को समता,




स्वतंत्रता, न्याय बंधुता व भाईचारे पर आधारित समाज के निर्माण की गारंटी देता है। इसे अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए हमें एक जिम्मेदार नागरिक बनके जिम्मेदार नागरिक की तरह अपने कर्तव्य निर्वहन करने चाहिए। यूं तो हमारा लक्ष्य समाज को नशामुक्त,शिक्षायुक्त, स्वस्थ तथा स्वच्छ समाज बनाना है। इसके लिए मंच हमेशा अभिवंचित वर्गो के हक और अधिकार के लिए गांव की गलियों तक पहुंच अंधविश्वास, पाखंड, आडंबर, बाल विवाह, बाल मजदूरी से मुक्ति के लिए जागरूकता अभियान चला रहा है ।उन्होंने कहा कि संविधान दिवस का आयोजन तभी सफल होगा, जब हर घर संविधान का वाचन एक राष्ट्रीय ग्रन्थ के रूप में सुचारू होगा तथा इसके आलोक में हम भेदभाव रहित निष्पक्षता के साथ कार्य करेंगे ।कार्यक्रम का शुभारंभ मंच के केंद्रीय अध्यक्ष रविंद्र कुमार,अनुमंडल अध्यक्ष प्रकाश कुमार पासवान,ताराचंद राम,पंकज पासवान,बीरेंद्र राम,चन्दकिशोर पाल,प्रेमचंद कुशवाहा,सोहन राम,रामबाबू यादव,अखिलेशदयाल, राजकिशोर राय उर्फ भगत जी,मनोज यादव,छोटेलाल चौरसिया,रमेश कुमार,अमन कुमार सहित अन्य ने बारी बारी बाबा साहेब के प्रतिमा पर माल्यार्पण सह पुष्प अर्पित कर किया तथा उनके योगदानों को सराहा।

वक्ताओं ने उनकी प्रमुख कृति भारतीय संविधान को राष्ट्रीय ग्रन्थ करार दिया।

कार्यक्रम को बसपा के वरीय नेता चन्दकिशोर पाल,राजद नेता रामबाबू यादव,कांग्रेस के अखिलेश दयाल,भाजपा के राजकिशोर राय उर्फ भगत जी आदि ने उनके जीवनी और कृतित्वों पर प्रकाश भी डाला ।कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र कुमार और संचालन अनुमंडल अध्यक्ष प्रकाश कुमार पासवान ने किया।

# विभिन्न स्कूलों में मनाया गया नशा मुक्ति दिवस

प्रात : किरण, संवाददाता

रक्सौल। प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में मंगलवार को संविधान दिवस सह नशामुक्ति दिवस मनाया गया। इस मौके पर राजकीय मध्य विद्यालय पनटोका की प्रधानाध्यापिका गीता रानी की अध्यक्षता में बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली तथा संविधान के सम्मान और नशे के खिलाफ जागरूकता हेतु नारेबाजी की। वही उत्क्रमित मध्य विद्यालय भरतमही के एचएम छोटेलाल राय की अध्यक्षता में संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के तैलीय चित्र पर पुष्पार्चन किया। इस मौके पर शिक्षक-ों ने बच्चों को संविधान की महता और प्रासंगिकता के बारे में विस्तार से बताया।वही इस मौके पर छात्र-छात्राओं के बीच संविधान हमारा मूल्य धरोहर विषयक वाद विवाद प्रतियोगिता भी आहूत किया गया तथा नशे के खिलाफ उन्हें जागरूक किया गया। इस मौके पर एचएम छोटेलाल राय, गीता रानी, वरीय शिक्षक प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, मुनेश राम, मो. सैफुल्लाह, दिनेश कुमार, संजय कुमार राम, सुरेश कुमार प्रसाद, शिक्षिका रूपा कुमारी, बबिता आदि थे

## संक्षिप्त खबरें

### संस्कृति के ऋषभ ने बढ़ाया भोजपुर का गौरव



प्रात किरण संवाददाता

आरा। संस्कृति पब्लिक स्कूल कायमनगर, आरा के 9वीं कक्षा के छात्र ऋषभ राज ने राष्ट्रीय स्तर पर जम्मू-कश्मीर में अयोजित (अंडर-15) पुरुष वर्ग, 17वीं जूनियर नेशनल ग्रेपलिंग चैंपियनशिप 2024-25 में कांस्य पदक जीतकर स्कूल के साथ पूरा भोजपुर को गौरवान्वित किया। ।। विद्यालय परिवार की तरफ से पूर्व से ही छात्रवृत्ति और कई गतिबिधियो में मेधा प्राप्त इस छात्र के जीत पर डॉ. अजय कुमार सिंह (पूर्व एम..एल.सी) ने बधाई दी इनके आगमन पर भव्य स्वागत की तैयारी है

### वारंटी को भेजा गया जेल

बिक्रमगंज(रोहतास) । पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया । बिक्रमगंज थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि नगर के जयराम नगर तेंदूनी निवासी जन्मेजय उर्फ नन्हक सिंह को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध बिक्रमगंज व्यवहार न्यायालय से स्थाई वारंट निर्गत था ।

### छेड़खानी के मामले में पुलिस ने एक अभियुक्त को भेजा जेल

बिक्रमगंज(रोहतास) : बिक्रमगंज पुलिस ने छेड़खानी करने के मामले में एक अभियुक्त को गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया । बिक्रमगंज थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत मतुली गांव से 112 नंबर की पुलिस ने गिरफ्तार कर एक अभियुक्त को स्थानीय थाना को सौंपा । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त अंशु कुमार दुबे ग्राम गोपालपुर थाना मझियांव जिला गढ़वा झारखंड के रहने वाले बताए जाते हैं । थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नाबालिक किशोरी के परिजन द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर स्थानीय थाना में कांड संख्या 692/24 के आलोक में छेड़खानी करने का मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया ।

### आरा नवादा थानान्तर्गत गुम हुए 02 बच्चे को तलाश कर उसके परिजनों को सौंपा

आरा । आरा नवादा थाना अध्यक्ष ने बताया कि आरा नवादा थाना क्षेत्र के अंतर्गत 19.11.2024 को बस स्टैण्ड कांति पार्क के पास से गुम हुए दो बच्चे 1. अंकुश कुमार उम्र करीब-05 वर्ष, पे०-ओम कुमार 2. चंदन कुमार उम्र करीब 6 वर्ष, पे० विक्की राम दोनो सा०-प्राईवेट बस स्टैण्ड, जवाहर टोला, थाना-आरा नवादा, जिला-भोजपुर खेलते-खेलते कहीं गुम हो गये। इस संबंध में परिजनों के लिखित आवेदन पर आरा नवादा थाना काण्ड सं0-852/24, 19.11.2024, धारा-137 (2) बी.एन.एस. के अन्तर्गत दर्ज किया गया था, पुलिस के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों बच्चों के फोटो युक्त विवरण के साथ नोटिस चिपकाया गया तथा आरा को इस संबंध में फोटो युक्त विवरण सौपा गया, जिसके परिणाम स्वरूप पटना स्टेशन से बाल कल्याण समिति, पटना एवं बाल कल्याण समिति, भोजपुर आरा तथा पुलिस टीम के सहयोग से दोनों गुम हुए बच्चें को तलाश कर उसके परिजनों को सौपा गया है।

### क्रिकेट मैच हुआ संपन्न

छपरा कार्यालय।राजेन्द्र स्टेडियम छपरा में खेल जा रहे सारण जिला सिनियर क्रिकेट लीग प्रतियोगिता में आज चौथा मैच दहियावां क्रिकेट अकेडमी बनाम बिहारी दुर्गा क्रिकेट क्लब दिघवारा के बीच खेला गया जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बिहारी दुर्गा क्लब दिघवारा 24.1 ओवर सभी विकेट खोकर 130 रन बनाए जिसमें कृष्णा 34 सूरज 31 ऋतिक 9 प्रवीण 9 रन बनाए गेंदबाजी करते हुए दहियावां क्रिकेट अकेडमी के तरफ से राजू 2 सचिन 2 प्रिंस 2 सुमित बंटी अनुरेश आदित्य एक एक विकेट लिए जवाब में खेलने उतरी दहियावां क्रिकेट अकेडमी की पूरी टीम 19.1 ओवर में मात्र 66 रनों पर ऑल आउट हो गई जिसमें अभिषेक 19 चन्दन 10 रन बनाए गेंदबाजी करते हुए बिहारी दुर्गा क्रिकेट क्लब दिघवारा के तरफ से राकेश 2 उत्तम 2 रोहित 2 ऋतिक कृष्णा प्रवीण एक एक विकेट लिए ये मैच बिहारी दुर्गा क्रिकेट क्लब ने दहियावां क्रिकेट अकेडमी को 66 रनों से हरा दिया।

# अधिकारियों ने कृषि ज्ञान रथ वाहन को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

**रथ वाहन का उददेश्य किसानों को डिजिटल तरीके से कृषि कार्य में जागरूक बनाना है**

**पराली जलाने से पर्यावरण प्रदूषण, वायु प्रदूषण,मिट्टी की गुणवत्ता में कमी, और जलवायु परिवर्तन आदि की जानकारी दी गई**




प्रात किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास) । काराकाट प्रखंड मुख्यालय गोड़ारी से प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह,प्रभारी कृषि पदाधिकारी प्रवीन कुमार ने संयुक्त रूप से कृषि ज्ञान रथ वाहन का हरी झंडी दिखाकर पंचायत में प्रचार प्रसार हेतु रवाना किया । खेतों में पराली नहीं जलाने हेतु प्रखंड काराकाट के सभी पंचायत में डिजिटल प्रचार प्रसार रथ वाहन द्वारा किसानों के बीच में किया जाएगा । मौके पर उपस्थित कृषि समन्वयक अमृत कुमार पाल,अजित सिंह (प्रखंड तकनीकी प्रबंधक),राजेंद्र सिंह,अजय कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

पराली जलाने से पर्यावरण पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है,जैसे की वायु प्रदूषण,मिट्टी की गुणवत्ता में कमी, और जलवायु परिवर्तन । इसलिए पराली जलाने के बजाय इसका उचित प्रबंधन करना आवश्यक है । बताया कि पराली को जमीन में दबाकर या कम्पोस्ट पिट में डालकर कम्पोस्ट बनाया जा सकता है । यह कम्पोस्ट खाद के रूप में उपयोग किया जा सकता है । पराली को बायोगैस प्लांट में डालकर बायोगैस बनाया जा सकता है । यह बायोगैस ईंधन के रूप में उपयोग किया जा सकता है । पराली को पेलेट बनाने के लिए उपयोग किया जा सकता है । यह पेलेट ईंधन के रूप में उपयोग किया जा सकता है । साथ ही पराली का उपयोग पशुओं के चारे के रूप में किया जा सकता है ।

पराली का उपयोग मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार के लिए किया जा सकता है । पराली जलाने से वायु प्रदूषण होता है,लेकिन पराली प्रबंधन से वायु प्रदूषण में कमी आती है ।

पराली प्रबंधन से मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है । पराली जलाने से जलवायु परिवर्तन होता है, लेकिन पराली प्रबंधन से जलवायु परिवर्तन में कमी आती है । पराली प्रबंधन से किसानों की आय में वृद्धि हो सकती है । मौके पर अधिकारी व कर्मी लोग उपस्थित थे ।

## संविधान सह नशा मुक्ति दिवस पर,प्रोजेक्ट बालिका+2 विद्यालय चरपोखरी के प्रांगण में किया गया निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता

प्रात: किरण संवाददाता



आरा । संविधान सह नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर,स्थानीय प्रोजेक्ट बालिका+2 विद्यालय चरपोखरी के प्रांगण में निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में तकरीबन 40 छात्राओं ने हिस्सा लिया। लेखन और चित्र सृजन कर संविधान दिवस को यादगार बना दिया।

विषय रखा गया था संविधान दिवस और नशामुक्ति दिवस। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि दोनों ही विषय आज के संदर्भ मे प्रसांगिक है। छात्राओं ने चित्र और निबंध में अपने भावनाओं को सृजित किया है। चित्रों का अवलोकन करते हुए वरिष्ठ शिक्षक अजय राय संस्कृत शिक्षक सुनीत त्रिपाठी, मनोज कुमार ने अपने संबोधन में छात्राओं को कहा कि हमारे स्कूल की छात्राएं काफी सृजनशील है। चित्रों में जिवंतता के साथ कलात्मक रूप गढ़ती है। समाजिक विज्ञान शिक्षिका प्रतिमा कुमारी, शिक्षिका संगीता कुमारी, शिक्षिका पिंकी कुमारी, अर्पिता यादव, रिंकी कुमारी, रिंकल कुमारी, इन्दु यादव ने संयुक्त रूप से विजेता छात्राओं को सम्मानित किया। छात्राओं के साथ शिक्षक शिक्षिकाओं ने संकल्प लिया कि बिहार को नशामुक्त बनाने में वह हर संभव कोशिश करते रहेंगे। इस प्रतियोगिता के सम्मान समारोह को सम्बोधित संचालित करते हुए चित्रकार रौशन राय ने कहा कि छात्राओं में असीम संभावनाएं हैं बस उन्हें पहचान कर सही दिशा देने की जरूरत है। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों में मुख्य सुकेश कुमार,जय गोपाल सिंह, सिकंदर कुमार, शुभांशु शर्मा, चर्चिल टैगोर ,मीना देवी, प्रतिमा कुमारी, संगीता कुमारी, पिंकी कुमारी, अर्पिता यादव,अजय राय, मोहम्मद परवेज आलम,सुनीत त्रिपाठी उपस्थित थे।

# संयुक्त किसान मोर्चा,केंद्रीय श्रम संगठन,खेत मजदूर संगठनों के संयुक्त मंच भोजपुर जिलाधिकारी के समक्ष किया एक दिवसीय धरना का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता



आरा । संयुक्त किसान मोर्चा,केंद्रीय ट्रेड यूनियन तथा खेत मजदूर संगठनों के संयुक्त मंच के देशव्यापी आह्वान के तहत आज भोजपुर जिलाधिकारी के समक्ष 18 सूत्री मांगों को लेकर एकदिवसीय धरना आयोजित किया गया !धरना की अध्यक्षता माधव प्रसाद सिंह एवं संचालन बालमुकुंद चौधरी ने किया !

यह धरना सी 2 प्लस 50 फीसदी के आधार पर एमसी कानून की गारंटी के साथ सभी फसलों की खरीद की गारंटी करने,बिजली क्षेत्र का निजीकरण ना हो कोई प्रीपेड मीटर ना लगे,फसलों पशुधन बागवानी सहित कृषि की अन्य क्षेत्र में सार्वजनिक बीमा योजना लागू की जाए,मजदूर विरोधी चार श्रम कोड को निरस्त किया जाए,60 वर्ष से अधिक उम्र के सभी बुजुर्ग खेत मजदूर एवं किसानों के लिए 10000 मानसिक पेंशन योजना लागू करने,बिहार में एसपी कानून के तहत कृषि मंडी को पूरा बहाल करने,बिहार में डी बंदोपाध्याय भूमि सुधार आयोग की रिपोर्ट को सार्वजनिक करने और उसके सिफारिश को लागू करने,आंगनवाड़ी आशा ममता रसोईया सहित सभी योजना कर्मियों एवं संगठित असंगठित मजदूरों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर 26000 रुपया के न्यूनतम मासिक वेतन को लागू करने,मनरेगा में 200 दिन और 600 मजदूरी देने और इससे कृषि पशुपालन वाटरशेड आधारित योजना से जोड़ने की गारंटी करने सहित 18 सूत्री मांगों को लेकर राष्ट्रपति के नाम पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के जरिए भोजपुर जिलाधिकारी को मांग-पत्र दिया गया !धारणा को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि देश के विकास में मजदूर किसानों एवं अन्य मेहनतकश वर्गों का अहम योगदान है उनकी उन्नति ही सही अर्थों में देश की प्रगति का सूचक है लेकिन हमारे देश की सरकारें चाहे केंद्र की हो या राज्यों की बड़े पूंजीपति कॉपोरेट घरानों और बड़े भूस्वामियों के लिए निहित स्वार्थ में काम करती है हमारे देश के शासक वर्ग साम्राज्यवादी शक्तियों के सांठ-गांठ करता है और साम्राज्यवाद परस्त नव उदारवादी नीतियों को लागू करता है फलस्वरूप एक और जहां देश की आम जनता खासकर मेहनत आवाम बदहाली की शिकार है,वही मुट्ठी भर अमीर और धन्ना सेठ हो पूंजीपतियों, भूस्वामियों एवं लुटेरों के साथ देश की धन संपदा का बड़ा हिस्सा गिरवी रख दिया है !धरना के दौरान संविधान दिवस के तहत सभी लोगों ने संविधान के प्रस्तावना का सामूहिक पाठ कर संविधान को बचाने का संकल्प लिया गया !धरना सम्बोधित करने वालों में पूर्व विधायक चंद्रदीप सिंह,पूर्व विधायक मनोज मंजिल,प्रमोद सिंह,विनोद सिंह कुशवाहा,दिलराज प्रीतम,दुदुन सिंह,क्यामुद्दीन अंसारी,शब्बीर कुमार,हरेराम सिंह,मुकेश राय,अजय गांधी,हरेराम सिंह,जगदीश राम,राजेंद्र यादव,रौशन कुशवाहा,पंकज कुशवाहा,साहिल अरोरा आदि थे।

## ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय में उत्साह के साथ मनाया गया संविधान दिवस



प्रात: किरण संवाददाता

आरा। शिक्षा के क्षेत्र में जिला में अग्रिम पंक्ति में खड़े ज्ञान ज्योति अवसीय विद्यालय में संविधान दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। आज के इस महत्वपूर्ण दिन की शुरूआत स्कूल असेंबली से हुई जिसमें प्रतिदिन होने वाली प्रार्थना के पश्चात सभी बच्चों को भारतीय संविधान से सम्बन्धित तथ्यों की जानकारी दी गयी। प्रियेंबल अर्थात प्रस्तावना को पढ़ कर सुनाया गया तथा छब्बीस नवंबर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी उपस्थित बच्चों को संविधान सभा, संविधान निर्मात्री समिति, प्रारूप समिति के अध्यक्ष, संविधान के निर्माण और अंगीकार करने की तिथि के साथ कई अन्य पहलू के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। बच्चों ने इस महत्वपूर्ण दिवस को न सिर्फ स्केचिंग, पेंटिंग एवं स्लोगन लिखकर बल्कि एक अद्भुत और विशालकाय मानव श्रृंखला बनाकर भारतवर्ष की एकता और अखंडता का प्रदर्शन भी किया और साथ ही साथ भारत माता की जय सम्बन्धी नारों को बुलंद भी किया। पूरे दिन की एक्टिविटी में भिन्न भिन्न विधाओं में विभिन्न कक्षाओं के बच्चों ने भाग लिया। संविधान दिवस की सबसे नायाब और सर्वाधिक प्रशंसानीय रहा मानव।

## भारत के संविधान के 75 वें दिवस पर भाकपा-माले ने आरा संविधान बचाओ मार्च निकाला

प्रात: किरण संवाददाता




आरा। 26 नवंबर भारत के संविधान को अपनाये के 75 वें दिवस के अवसर पर भाकपा-माले ने आरा संविधान बचाओ मार्च निकाला !यह संविधान बचाओ भाकपा-माले जिला कार्यालय श्रीटोला आरा से निकलकर शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए अम्बेडकर चौक पहुंचकर कर सभा में तब्दील हो गया !वहां पहुंचने के बाद सबसे पहले संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण अर्पित किया गया !उसके बाद भाकपा-माले जिला कार्यालय सचिव दिलराज प्रीतम ने संविधान के प्रस्तावना का सामूहिक रूप पाठ कर सभी लोगों ने भारतीय संविधान को बचाने का संकल्प लिया गया !

संविधान बचाओ मार्च के दौरान सभा को संबोधित करते हुए भाकपा-माले केन्द्रीय कमेटी सदस्य व पूर्व विधायक मनोज मंजिल ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार देश की संविधान के मूल प्रस्तावना धर्मनिरपेक्षता व समाजवाद को हटाने की लगातार साजिश की जा रही है !इसी प्रस्तावना के तहत देश में एकता अखंडता एवं संप्रभुता के बल देश चल रहा है और यही मूल आत्मा को यह सरकार बदल कर मनुस्मृति को लागू करना चाहती है जो देश की न्याय,धर्मनिरपेक्षता में विश्वास करने वाली जनता बर्दाश्त नहीं करेगी और संविधान को बचाने के लिए हर तरह की कुबार्नी देकर इस संविधान को बचाएगी !

संविधान बचाओ मार्च में भाकपा-माले राज्य कमेटी सदस्य विजय ओझा,राज्य कमेटी सदस्य सुधीर कुमार सिंह,राज्य कमेटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी,आइसा राज्य सचिव शब्बीर कुमार,जिला स्थाई समिति सदस्य राजनाथ राम,दीनानाथ सिंह,अमित कुमार बंटी,आइसा जिला सचिव विकास कुमार,नगर कमेटी सदस्य राजेन्द्र यादव,मिल्टन कुशवाहा,बब्लू गुप्ता,रौशन कुशवाहा,पंकज कुशवाहा,सुरेंद्र राम,साहिल अरोरा सहित कई लोग शामिल थे !

## आरा सिविल कोर्ट में न्यायिक पदाधिकारीयों एवं कर्मचारियों ने मनाया संविधान दिवस



आरा। आरा में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निदेर्शानुसार सभी न्यायिक पदाधिकारी एवं कर्मचारी गण व्यवहार न्यायालय आरा परिसर में संविधान दिवस के अवसर पर डॉ आंबेडकर द्वारा रचित भारत के संविधान उद्देशिका को पढ़कर संविधान के हर हाल में अनुपालन करने का शपथ लिया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बताया की संविधान का अनुपालन करने से राष्ट्र की एकता एवं अखंडता अकछुन्न रहती है एवम संविधान को लागू करने में न्यायपालिका का महत्वपूर्ण योगदान है। इसके साथ-साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव महोदय ने बताया कि संविधान के अनुपालन करने से प्रत्येक व्यक्ति में सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक न्याय का विचार आने लगता है।

## आदित्य बिजय जैन को कर्मयोगी सम्मान से किया गया सम्मानित



आरा। ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय के निदेशक डॉ. आदित्य बिजय जैन को महाराष्ट्र के आचार्यकुल के राष्ट्रीय सम्मेलन के अवसर पर सारस्वत कर्मयोगी सम्मान से कर कमलों द्वारा सम्मानित किया गया। उक्त सम्मान कार्यक्रम गया के श्रीपुर स्थित बोधी ट्री विद्यालय में आयोजित था।आचार्यकुल के राष्ट्रीय संयोजक आचार्य (डॉ.) धर्मेन्द्र कुमार तिवारी ने समाज कल्याण के लिए सदैव समर्पित रहने वाले डॉ. आदित्य बिजय जैन को शुभकामना दिया। सम्मान कार्यक्रम में ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय, आरा की प्राचार्या डॉ. सीपी जैन व जिनवाणी जैन ने भी भाग लिया।

## स्मार्ट प्रीपेड मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर प्राथमिकी दर्ज

दिनारा(रोहतास) । प्रखंड-दिनारा अंतर्गत गुप्त सुचना के आधार पर कनीय विद्युत अभियंता दिनारा विकाश कुमार के नेतृत्व मे एक जाँच दल का गठन किया गया। जाँच दल द्वारा पाया गया की स्मार्ट प्रीपेड मीटर से पहले तार मे कटिंग करके, एक अतिरिक्त तार जोड़कर तथा मीटर बाईपास करते हुए अवैध रुप से विद्युत ऊर्जा की चोरी करने को लेकर ग्राम-बिलासपुर के राम नागेश्वर सिंह पर 49505 तथा सरना में सरोज कुमार सिंह पर 19024 रुपये दंडित राशि लगायी गयी है। उक्त उपभोक्ताओं के द्वारा मीटर बाईपास करने के कारण वास्तविक मान पठन अवरुद्ध हो रहा था तथा विभाग के राजस्व की क्षति हो रही थी। आगे बताते चलें की बिना कोई विद्युत कनेक्शन लिए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर सरना के हीं लालबाबू सिंह पर 39980 रुपये जुमार्ना लगायी गयी है। उक्त परिसर मे मीटर भी नहीं लगे हुए थे एवं बिजली सम्बंधित कागजात की मांग करने पर कोई कागजात भी प्रस्तुत नहीं की गयी। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमे स्मार्ट प्रीपेड मीटर रिचार्ज नहीं कराने वाले उपभोक्ताओं के परिसर का सघन जांच की जा रही है। जांच में स्मार्ट प्रीपेड मीटर या नॉर्मल मीटर की सील टूटी हुई, टेम्परिंग या बाईपास पाए जाने पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराया जा रहा है।जाँच दल में क्षेत्रीय मानवबल जितेन्द्र शर्मा, रवि कुमार एवं राजेश कुमार सिंह मौजूद थें।

## संविधान दिवस पर लिया नशामुक्ति का शपथ




काराकाट(रोहतास) : प्रखंड काराकाट परिसर में संविधान दिवस के अवसर पर नशा मुक्ति हेतु काराकाट प्रखंड के पदाधिकारी एवं कर्मियों ने खुद नशा मुक्त रहने ,अपने परिवार एवं परिवेश को नशा मुक्त करने के लिए शपथ लिया ।नशा मुक्ति शपथ में प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी अनुज कुमार, प्रखंड समन्वयक (स्वच्छता) आलोक आनंद, प्रधान लिपिक धनंजय कुमार, नाजिर दिनेश कुमार सिंह,जनसेवक शैलेंद्र कुमार सिंह,संतोष कुमार, शोभराज,श्याम बिहारी,शिक्षक अनिल कुमार पासवान सहित प्रखंड के सभी विभाग के कर्मी शामिल थे ।

## गोल्डन बेबी फुटबॉल एकैडमी आरा के तत्वावधान में सभी बच्चे खिलाड़ीयों का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का किया गया आयोजन

आरा ।गोल्डन बेबी फुटबॉल एकैडमी आरा के तत्वावधान में सभी बच्चे खिलाड़ीयों का एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बीर कुंअर सिंह स्टेडियम आरा में हुआ, खिलाड़ियों ने जबरदस्त अपना फुटबॉल का कला दिखलाया। प्रशिक्षण सचिव राजीव रंजन सिंह के निगरानी में सम्पन्न हुआ, मुख्य अतिथि के रूप में भोजपुर जिले के नामी पूर्व फुटबॉलर मनी जी थे जिनका भोजपुर जिले के टौप गोल करने का आज भी कोई उनका रेकड नहीं तोड़ा है, उनके साथ में पूर्व फुटबॉलर खिलाड़ी जीतू चंद्रवंशी थे।मनी जी को कमिटी के अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने माला पहनाकर स्वागत किया। उपस्थित गणमान्य गार्जियन में अशीश कुमार केशरी,बबलू सिंह,शशी भूषण सिंह,मो०मजहर खान ,विनित गौतम मुख्य रूप से थे। बच्चे खिलाड़ीयों में अमितराज, शशांक देव सिंह,अरव कुमार,समरिधि गुप्ता,अशिता सिंह,कवलेस सिंह, सत्यम,मो० हैरीसवैस थे।

# प्रसैनन स्कूल में साइंस एवं आर्ट प्रदर्शनी का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। जिले के कोइलवर स्थित आरपीपीएस प्रसैनन स्कूल में साइंस एवं आर्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आरपीपीएस के छात्र-छात्राओं ने साइंस एवं आर्ट के विभिन्न मॉडलों के प्रदर्शनी का आयोजन किया।प्रदर्शनी में बच्चों ने एक से बढ़कर एक मॉडल प्रस्तुत किये जिनमे प्रदूषण से होने वाली हानि, मौसम चक्र, जलवायु परिवर्तन,सौरमण्डल,आधुनिक एवं परम्परागत कृषि,स्मार्ट एवं ग्रीन सिटी,यातायात एवं सड़क सुरक्षा,भूकंप पूर्व आसूचना,जल संचयन एवं संरक्षण,वर्षा जल संचय एवं पुनर्प्रयोग, रॉकेट साइंस ,रासायनिक विस्फोट,रसायनिक अभिक्रिया,गणितीय ट्रिक,त्रिकोणमिति, ज्यामितिय ट्रिक समेत तीन दर्जन से अधिक मॉडलो का प्रदर्शन किया। इन प्रदर्शनी में नवी व दसवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा जलवायु, भूमि प्रदूषण से होने वाली हानि, ज्यामितीय तरीके से ऊंचाई एवं लंबाई तथा दूरी,फूड वेस्ट से खाद बनाने, गीले एवं सूखे कचरे का पुनर्प्रयोग,जल संचयन एवं पुनर्प्रयोग तथा रसायनिक विस्फोट की प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रहा।कार्यक्रम के अंत में परफॉर्मेंस के आधार पर बच्चों का मूल्यांकन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान स्कूल के निदेशक रविकांत राय ने बताया कि इस तरह के आयोजन से बच्चो की आंतरिक प्रतिभा सामने आती है और विज्ञान के प्रति दिलचस्पी बढ़ती है। भविष्य में विज्ञान के विभिन्न आयामो पर छात्र छात्राओं को प्रयोग करने को सिखाया जाएगा।

कार्यक्रम के अंत मे प्रदर्शनी में शामिल प्रतिभागियों को विभिन्न केटेगरी में पुरस्कार प्रदान किये गए। इस दौरान नवी कक्षा के राहुल,आयुष,अमन, दसवी के चंदन, अंकित, प्रिंस,रौशन,आठवी के अमन, सातवी कक्षा के यशी, राजनंदिनी,खुशी,छठी के प्रिया,खुशी,सोनम,पांचवी के वंदना,चौथी के नव्या राज और पहली कक्षा की आशी को पुरस्कृत किया गया। मौके पर विद्यालय के अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# दूसरा चरण के पैक्स मतदान के लिए बूथ के लिए कर्मी हुए रवाना

प्रात: किरण संवाददाता



संझौली(रोहतास)। तीसरे चरण के पैक्स चुनाव के लिए संझौली प्रखंड से मंगलवार को मतदान कर्मियों को मतपेटी, बैलेट पेपर वोटर लिस्ट समेत अन्य चुनाव सामग्री देकर आवंटित बूथों के लिये रवाना कर दिया गया है। संझौली प्रखंड अंतर्गत पांच पैक्सो में आज बुधवार को मतदान कराया जाएगा। निर्वाचन कार्यालय के अनुसार मतदान के लिए 19 बूथ बनाए गए हैं , जो 11 हजार 107 मतदाता, अपने-अपने मतदान केंद्र पर मतदान करेंगे। पैक्स चुनाव की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गयी है। सभी बूथों पर सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गयी है। बूथों पर बेसिक सुविधाओं को उपलब्ध कराया गया है, ताकि मतदान कर्मियों से लेकर मतदाताओं को कोई दिक्कत न हो। मतदान सुबह सात बजे से मतदान शुरू होगा जो संध्या 4.30 बजे तक चलेगा। बूथों पर पुलिस बल की भी तैनाती की गयी है। विशेषकर संवेदनशील बूथों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। बीडीओ सह निर्वाचन पदाधिकारी प्रभा कुमारी ने बूथों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक, भोजपुर की अध्यक्षता में जिला अभियोजन का किया गया समीक्षात्मक बैठक

## मजिस्ट्रेट न्यायालय में लम्बित एवं निष्पादित कांडों की समीक्षा की गई

प्रातः किरण संवाददाता




आरा। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक, भोजपुर की अध्यक्षता में जिला अभियोजन की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में सामान्य वाद के अंतर्गत मजिस्ट्रेट न्यायालय में लम्बित एवं निष्पादित कांडों की समीक्षा की गई। जिला अभियोजन पदाधिकारी को सभी मजिस्ट्रेट न्यायालय से समन्वय स्थापित कर निष्पादित कांडों की संख्या में वृद्धि सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया।

सहायक अभियोजन पदाधिकारी को अगली बैठक में अद्यतन रजिस्टर के साथ बैठक में भाग लेने का निदेश दिया गया।

मानव व्यापार विरोधी वादों के मासिक समेकित प्रतिवेदन में गवाही पर दो एवं उपस्थिति पर दो मामले प्रतिवेदित किए गए।

विधायक सांसद सदस्यों के विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज वादों की समेकित विवरणी में सुनवाई पर एक चार्जशीट पर तीन साक्ष्य हेतु दो गवाही पर एक बहस पर एक एवं उपस्थिति हेतु दस मामले प्रतिवेदित किए गए। ऐसे कुल मामलों की संख्या अठारह प्रतिवेदित है।

समीक्षा के क्रम में अनुमंडल अभियोजन पदाधिकारियों के अंतर्गत निष्पादित लंबित मामलों की समीक्षा की गई। जिसके दौरान वैसे मामले जो डॉक्टर अनुसंधानकर्ता एवं साक्षी की उपस्थिति हेतु लंबित हैं तीन सौ छत्तीस प्रतिवेदित किए गए। सम्बंधित मामलों के सम्बन्ध में जिला अभियोजन पदाधिकारी को उक्त मामलों की विस्तृत सूची जिला विधि शाखा प्रभारी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

जिला अभियोजन पदाधिकारी एवं जिला विधी शाखा प्रभारी पदाधिकारी को ससमय बैठक की कार्यवाही निदेशालय को अग्रसारित करने का निदेश दिया गया साथ ही जिला अभियोजन पदाधिकारी को मानव व्यापार संबंधी 5 सदस्यीय समिति की बैठक हर माह कराने का निर्देश दिया गया।जिलाधिकारी द्वारा पुलिस, प्रशाशन एवं न्यायालय में बेहतर समन्वय हेतु सभी पदाधिकारियों को समय समय पर जिला विधि शाखा के माध्यम से प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।इस समीक्षात्मक बैठक के दौरान अपर समाहर्ता श्रीमती मोना झा, वरीय उप समाहर्ता, विधि शाखा प्रभारी, ऋषभ राज, जिला अभियोजन पदाधिकारी, सभी अनुमंडल अभियोजन पदाधिकारी, सभी सहायक अभियोजन पदाधिकारी पब्लिक प्रॉसिक्यूटर, सभी विशेष अभियोजन पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

# नशा मुक्ति दिवस पर उत्पाद एवं मध्य निषेध विभाग ने प्रभात फेरी निकाला

प्रातः किरण संवाददाता

अरवल। जिला पदाधिकारी के निदेर्शानुसार नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर उत्पाद एवं मद्यनिषेध विभाग द्वारा बालिका उच्च विद्यालय अरवल से इन्डोर स्टेडियम तक प्रभात फेरी का आयोजन किया गया, जहाँ जिले के विभिन्न विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राओं एवं जीविका दीदी ने भाग लिया।

प्रभात फेरी को अपर समाहर्त्ता अनुपमा कुमारी एवं उप विकास आयुक्त विनोद कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर विभागीय मंत्री द्वारा अभिभाषण कार्यक्रम का छ५ी श्रीङ्ग र३१ँल्लॅ समय 11:00 बजे से समाहणालय सभा कक्ष में प्रसारित किया गया। जिला पदाधिकारी कुमार गौरव के अध्यक्षता में नशा मुक्ति से संबंधित कार्यक्रम में सभी जिला स्तरीय अधिकारी एवं जीविका दीदी उपस्थित रहे जिसमें विभिन्न निबंध, भाषण, वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें निबंध प्रतियोगिता में सफल प्रथम प्रतिभागी जुगनू प्रवीण, हाईस्कूल, जयपुर, अरवल द्वितीय प्रतिभागी रौनक प्रवीण, बालिका हाईस्कूल, अरवल एवं तृतीय प्रतिभागी सदफ नाज, हाई स्कूल, कलेर तथा भाषण प्रतियोगिता में प्रथम प्रतिभागी सलोनी कुमारी, हाईस्कूल, बेलाँव द्वित्तीय प्रतिभागी कोमल कुमारी, हाईस्कूल, फखरपुर एवं तृतीय प्रतिभागी आलिया परवीन, बालिका हाई स्कूल, अरवल एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागी विशाल कुमार, जी०ए० उच्च विद्यालय, अरवल, द्वितीय प्रतिभागी आरती कुमारी, बालिका उच्च विद्यालय, अरवल एवं तृतीय प्रतिभागी कोमल कुमारी, हाईस्कूल फखरपुर को पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

जिला पदाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी पदाधिकारियों/ कर्मियों को नशा न करने का शपथ दिलाया गया एवं नशा न करते हुए नशा मुक्त अस्वल बनाने का संकल्प लिया गया।

नशा के दुष्प्रभाव की चर्चा करते हुए नशा से परिवार समाज और देश को बचाने का संकल्प लिया गया तथा स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर सुश्री मुस्कान एवं डॉक्टर सुश्री अर्पणा चित्रांश द्वारा नशा से दूर रहने एवं नशा के दुष्प्रभाव से होने वाले रोग एंव उपचार के लिए नशा मुक्ति केन्द्र आने का अनुरोध किया गया।

इस कार्यक्रम में बंदोबस्त पदाधिकारी,प्रभार कुमार झा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, श्री देव ज्योति, निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग पदाधिकारी, अरवल श्री दिलीप कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारीदीपक कुमार सिन्हा, डी०पी०एम० जीविका, अरवल रागिनी कुमारी एवं अन्य पदाधिकारी भी शामिल रहें।

# पैक्स चुनाव के पहले चरण में मतदान कार्य का निरीक्षण करने क्रेंद पर पहुंचे जिला पदाधिकारी

प्रातः किरण संवाददाता



गया।गया।जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पैक्स) सह जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम के निर्देशन में पैक्स चुनाव का प्रथम चरण का मतदान, भयमुक्त, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण माहौल में प्रारंभ हो चुका है। मतदाता गण काफी उत्साह एवं उमंग के साथ शांतिपूर्ण और निर्भीक वातावरण में अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं।पैक्स चुनाव के अवसर पर आज प्रथम चरण में हो रहे मतदान कार्य का निरीक्षण करने जिला पदाधिकारी स्वमं बोधगया पहुच कर अनेको मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया है। मतदान करवा रहे मतदान कर्मियों, स्टेटिक पदाधिकारी, जोनल एव सुपर जोनल पदाधिकारी से क्षेत्रो में हो रहे शांतिपूर्ण मतदान संबंधित जानकारी भी लेते रहे। उन्होंने कतार में लगे अनेको मतदाताओं का मतदाता सूची एव पहचान पत्र से मिलान भी किया है। इस अवसर पर कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बोधगया, प्रखंड विकास पदाधिकारी बोधगया, अंचलाधिकारी बोधगया सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

# जीविका दीदियों ने मनाया नशा मुक्ति दिवस

प्रातः किरण संवाददाता

गया।गया जिले में जीविका सामुदायिक संगठनों से जुड़ी जीविका दीदियों ने 26 नवंबर को नशा मुक्ति दिवस के रूप में मनाया गया है। इस उन्होंने बड़े उत्साहपूर्वक विभिन्न ग्राम संगठनों और संकुल संघों में बिहार में नशा मुक्ति की जरूरत एवं संविधान के महत्व पर गहन चर्चा की गई है। दीदियों ने अपने अनुभव साझा किये।

उन्होंने कहा नशा घरेलू हिंसा को बढ़ता है। स्वास्थ्य को प्रभावित करता है एवं परिवार को गरीब बना देता है। इसे लागू रहना चाहिए।सामुदायिक संगठनों की बैठकों के दौरान जीविका दीदियों ने नशा मुक्ति के प्रति समाज को जागरूक करने पर जोर दिया।

### मद्यनिषेध दिवस के अवसर पर भव्य रूप प्रभात फेरी के कार्यक्रम का आयोजन

गया ।मद्यनिषेध दिवस के अवसर पर भव्य रूप प्रभात फेरी के कार्यक्रम का आयोजन कराया गया है।जिसमे सरकारी विद्यालयो +2 हरिदास सेमिनरी, गया, +2 जिला स्कूल गया, हादी हाशमी विद्यालय, अनुग्रह कन्या उच्च विद्यालय, रामरुचि कला इंटर विद्यालय, उर्दू गर्ल्स विद्यालय, महावीर इंटर विद्यालय, राजकीय कन्या इंटर स्कूल, गया उच्च विद्यालय एव टी० मॉडल इंटर विद्यालय के लगभग 1500 विद्यार्थियो के द्वारा भाग लिया गया है।

# संविधान स्वंत्रत भारत की सबसे बड़ी उपलब्धि: कुलपति

प्रातः किरण संवाददाता

गया। आजाद भारत के पिछले 75 वर्षों की सबसे बड़ी उपलब्धि हमारा संविधान है जिसमें देश के नागरिकों को बिना किसी भेदभाव के समान अधिकार दिए गए हैं। हमें संविधान का पालन करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए।यह वक्तव्य दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय सीयूएसबी के कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने 26 नवंबर को मनाए जाने वाले संविधान दिवस के अवसर पर कहा है।जन संपर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मो. मुदस्सीर आलम ने बताया कि मंगलवार 26 नवंबर को सीयूएसबी में दिन की शुरूआत भारतीय संविधान की प्रस्तावना उद्देशिका को पढ़ने के साथ हुई है।कुलपति की अगुवाई में विवि के मुख्यद्वार पर प्राध्यापकगण, अधिकारीगण एवं छात्र - छात्राएं इकठ्ठा हुए और सबने सच्ची निष्ठा से भारतीय संविधान की प्रस्तावना उद्देशिका को पढ़ा है

कुलपति प्रो के. एन. सिंह ने इस विशेष कार्यक्रम की अगुवाई करते हुए स्वयं प्रस्तावना को पढ़ा जिसे मुख्य द्वार पर उपस्थित लोगों ने दोहराया है ।कुलपति ने कहा कि संविधान दिवस हमें संविधान निमार्ताओं के अटूट एवं अथक प्रयास की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि यह दिन भारत के इतिहास में स्वर्णिम अवसर की तरह है और हमें अपने संविधान पर गर्व है ।

उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित युवाओं से गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान और शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ ह्यविकसित भारत@2047 अभियान के तहत भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए उचित योगदान देने की अपील की है।

इसके पश्चात सीयूएसबी के विधि एवं शासन प्रणाली पीठ एसएलजी द्वारा आयोजित सप्ताह भर चल रहे संविधान दिवस के कार्यक्रम के अंतर्गत करहरा ग्राम के विद्यालय में सबके लिए न्याय एवं संविधान विषय पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया है।

एसएलजी के डीन एवं विभागाध्यक्ष प्रो. संजय प्रकाश श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में विभाग के अन्य प्राध्यापकों क्रमशः डॉ. सुरेंद्र कुमार, मणि प्रताप कार्यक्रम समन्वयक, डॉ. अनंत प्रकाश नारायण, डॉ. देव नारायण सिंह ने बच्चों एवं ग्रामीणों को संवैधानिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया है।

इस टीम प्रतीक्षा बीए एलएलबी एवं टीम आकांक्षा बीबीए एलएलबी ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से संवैधानिक महत्व यथा लोकतंत्र एवं संविधान और अस्पृश्यता विषय को बड़े ही सरल भाषा में बतलाया है ।

इसमें जज की भूमिका में डॉ. पारिजात प्रधान, डॉ. नेहा शुक्ला एवं डॉ. कफिल अहमद नसीम रहें हैं।जागरूकता कार्यक्रम में आशीष, रंजन, सुमंत, दीक्षा, नंदिनी, ऋषि आदि छात्रों की सहभागिता रही है।

### शहर के सभी वर्ग के लोगों ने समाजसेवी शिवराम डालमिया को दी श्रद्धांजलि

गया। धामी टोला स्थित डालमिया सदन में सोमवार को चर्चित समाजसेवी, वस्त्र व्यवसायी सह उधोगपति बैकुंठ वासी शिवराम डालमिया जी की दसवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रालय पाठशाला के आचार्य श्री रामाचार्य एवं जगद्गुरु वेंकटेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि सभा की शुरूआत की। उन्होंने स्वर्गीय शिवराम डालमिया के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और मंत्रोंच्चारण के साथ उनके दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। वही सभा में जगद्गुरु वेंकटेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने कहा कि शिवराम डालमिया ने पूरे जीवन समाज की हर वर्ग के लोगों के निस्वार्थ से परे होकर सेवा की। धर्म आचरण के साथ पितृपक्ष मेले में तीर्थ यात्रियों की सेवा में हमेशा आगे रहे। सामाजिक, धार्मिक पुरुष और शिवराम बाबू करुणा, मृदुभाषी और मानवता के संरक्षक थे। वे समाज के सभी वर्गों के चहेते थे।

## संक्षिप्त खबरें

### हमारा संविधान हमारा सम्मान पर हुआ संगोष्ठी

प्रातः किरण संवाददाता

गया ।अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं आई.क्यू.ए.सी.के संयुक्त तत्वाधान में संविधान दिवस के अवसर पर *हमारा संविधान हमारा सम्मान * विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के द्वारा किया गया है। तत्पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत की प्रस्तुति हुई है।इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए डॉ श्वेता सिंह, कार्यक्रम पदाधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना ने स्वागत अभिभाषण देते हुए विषय परिचय कराया। राजनीतिशास्त्र विभाग,के सह- प्राध्यापक डॉ मजहर किबरीया ने अपने वक्तव्य में कहां कि भारत के संविधान में लोगों को सभी प्रकार के हितों की सुरक्षा की गई है ।महाविद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ राजेश कुमार सिंह ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक देश के लिए संविधान देश के नागरिकों के अधिकार और कर्तव्य को तय करता है। ।इस अवसर डॉ अमृतेन्दु घोषाल, अंग्रेजी विभाग, डॉ मोहन सिंह, मनोविज्ञान विभाग, डॉ मीनाक्षी कुमारी डॉ श्याम शरण गुप्त, डॉ विनोद कुमार सिंह, अर्थशास्त्र विभाग,डॉ दिलीप कुमार, पाली विभाग,डॉ निधि त्रिपाठी,रसायन विभाग,नागेंद्र प्रताप सिंह, लाइब्रेरियन, फिरोज अंसारी, सोनाली, शिवम ,विभा, प्रभा, प्रिया, शीतल,प्रीतम, इत्यादि उपस्थित रहे हैं।

### राष्ट्रीय विधिक सेव प्राधिकार में संविधान की प्रस्तावना पढ़कर संविधान दिवस मनाया गया

गया ।राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत व्यवहार न्यायालय गया में संविधान दिवस के सुअवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गया के मदन किशोर कौशिक एवं अपने न्यायिक पदाधिकारीगण एवं कर्मचारीगण के साथ विशेष आमंत्रित स्कूली बच्चों के माध्यम से संविधान की प्रस्तावना पढ़कर बहुत ही विशेष रूप से संविधान दिवस मनाया गया है ।जिसके माध्यम से समाज एवं बच्चों को भी संविधान के मूल उद्देश्यों एवं तत्वों के प्रति जागरूक किया गया है ।इस सु अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार मदन किशोर कौशिक के द्वारा उपस्थित बच्चों को चॉकलेट देकर प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया गया है।

# चार दिवसीय राज स्तरीय विद्यालय रग्बी बालक अंडर 14 खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




प्रातः किरण संवाददाता

अरवल । बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, बिहार, पटना एवं जिला प्रशासन, अरवल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित चार दिवसीय राज्य स्तरीय विद्यालय रग्बी बालक अन्डर-14 खेल प्रतियोगिता 2024-25 का अंतिम दिन पहला सेमीफाइनल अरवल और भोजपुर के बीच खेला गया, जिसमें अरवल और भोजपुर निर्धारित समय में बराबरी पर रहा। अतिरिक्त समय में अरवल के आयुष कुमार ने गोल्डेन ट्राई मारकर टीम को फाइनल मैच में प्रवेश कराया।

दूसरे सेमीफाईनल मैच में पटना ने नवादा को 20 अंक से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच कृति कमल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, ऋषिकेश तिवारी वरीय उप समाहर्त्ता, डॉ० सुनैना कुमारी जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, गीताजंली कुमारी सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी एवं श्री दिलीप कुमार उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा, अरवल के उपस्थिति में हुआ। फाइनल मैच के मुकाबला में पटना ने अरवल को हराकर ट्रॉफी अपने नाम किया। विजेता एवं टीम को अतिथि द्वारा ट्रॉफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।

तीसरे स्थान पर भोजपुर की टीम रही उन्हें भी ट्रॉफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।अतिथि द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम को शुभकामना देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना का आशीर्वाद देकर प्रतियोगिता का समापन किये।

# संविधान दिवस पर विशेष कार्यक्रम का महाराजगंज में हुआ आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता




महाराजगंज । संविधान दिवस के अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो,छपरा द्वारा महाराजगंज स्थित गोरख सिंह महाविद्यालय में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन।कार्यक्रम की शुरूआत पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलन कर श्री बी एन सिंह सेवानिवृत प्रधान न्यायाधीश प्रो अभय सिंह निदेशक गोरख सिंह महाविद्यालय श्री दिनेश कुमार सिंह सचिव अधिवक्ता संघ महाराजगंज, प्राचार्य महाविद्यालय द्वारा सम्मिलित रूप से किया गया।

इस अवसर पर सीबीसी,छपरा के सर्वजीत सिंह ने विषय प्रवेश में कहा कि आज संविधान दिवस पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन के तहत तीन नए आपराधिक कानून जो कि जुलाई 2024 में लागू हुए है उस पर चर्चा भी करेंगे।इन कानूनों का मुख्य उद्देश्य भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली को आधुनिक बनाना, उसे अधिक कुशल और न्यायसंगत बनाना है।संविधान हमे मजबूत,सशक्त और जिम्मेदार बनाता है।यह समानता का अधिकार के साथ कई प्रकार के मौलिक अधिकार भी नागरिकों को प्रदान करता है।

कार्यक्रम को संबंधित करते हुए सेवानिवृत न्यायाधीश श्री बी एन सिंह ने कहा कि हमारा देश संविधान से चलता है।हमे अपने कानूनों की जानकारी होनी चाहिए ताकि हम एक जिम्मेदार नागरिक की जिम्मेदारी बखूबि निभा सके। अंग्रेजी हुकूमत के समय से चले आ रहे कानूनों का वर्तमान समय में बदलाव किया गया। यह तीन नए कानून है भारतीय न्याय संहिता,भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम।वर्तमान समय सूचना और प्रौद्योगिकी का है जिसमें यह कानून लोगों को सहूलियत देने वाला साबित होगा।अब प्राथमिकी ई माध्यम से दर्ज करवाया जा सकेगा। मुकदमों के निष्पादन में तेजी आएगी क्यों की तय समय सीमा में अब कार्य किए जाएंगे।जांच के दायरे को वैज्ञानिक आधार प्रदान किया जाएगा जिसका कानून में प्रावधान है। इस तरह से नया कानून मील का पत्थर साबित होगा।

वही दिनेश कुमार (सचिव) अधिवक्ता संघ महाराजगंज,ने बताया कि भारत की अखंडता मजबूत संविधान का परिचय देता है।भारत के हर नागरिक को संविधान की जानकारी होनी चाहिए।आज जानकारी के अभाव में कई बार लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।देश को आज से पांच महीने पहले तीन नए आपराधिक कानून मिले है। इन कानूनों में कई सुविधाएं भी है मसलन सख्त समय सीमा के साथ तीव्र परीक्षण,छोटे-मोटे अपराधों के लिए सजा के रूप में सामुदायिक सेवा आदि। संशोधन के बाद जो भी कानून बनाए जा रहे हैं उसकी सही और सटीक जानकारी हमें रखनी होगी तभी हम राष्ट्र के प्रगति में सहायक होंगे।

महाविद्यालय के प्राचार्य श्री ए के सिंह ने कहा कि संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ राजेंद्र प्रसाद थे जो कि यही के रहने वाले थे।महान विभूतियों ने भारत का संविधान बनाया। हमे अगर अपने देश को विकसित राष्ट्र बनाना है तो कानून का पालन करना होगा।डॉ भीम राव अंबेडकर ने भारतीय संविधान को अंतिम रूप दिया।आज नए युग में नए कानून व्यवस्था से निश्चय ही हम सभी को लब मिलेगा।कार्यक्रम के दौरान संविधान दिवस शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। छात्रों के साथ स्थानीय लोगों ने विषय पर आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और सभी जवाब दे कर पुरस्कार जीता।

कार्यक्रम के अंतर्गत एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण अतिथियों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का संचालन रिशु और रानी ने किया वही धन्यवाद ज्ञापन नोडल पदाधिकारी सर्वजीत सिंह ने किया।इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक एवं विभाग के अशोक कुमार और निशांत कुमार उपस्थित थे।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना।

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–56 वर्ष 2024–25

समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदकों/ख्याति प्राप्त फार्मो/निबंधित दुकानदारों/कम्पनियों (जिसे Cupboard and Kitchen के कार्य करने का अनुभव हो उसे विशेष प्राथमिकता दी जायेगी) से निम्नलिखित कार्य के लिए मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता है, जो अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, भवन निर्माण विभाग, पटना, एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 30.11.2024 के अपराहन 12:30 अपराहन बजे तक प्राप्त किया जायेगा एवं उसी दिन 3:00 बजे अपराह्न में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।
कार्य का विवरणी :–

| क्र0 | सामग्री का नाम एवं विशिष्टयॉ |
|---|---|
| 1 | S/F/F Cupboard & Modular Kitchen & Curtain rod in officer's flat (Type -D) (Block-07 flat No.-302,303 & 304) at Gardanibagh, Patna for the year 2024 -25 |

➢ कार्य समाप्ति की अवधि : 20 दिन
➢ विशेष जानकारी हेतु बेबसाईट बेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्यावधि में सम्पर्क करें।

PR- 13347 ( B C D ) 2024-25
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।
कार्यपालक अभियंता,
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भ0नि0वि0, पटना

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना।

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–60 वर्ष 2024–25

समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदकों/ख्याति प्राप्त फार्मो/निबंधित दुकानदारों/कम्पनियों (जिसे Cupboard and Kitchen के कार्य करने का अनुभव हो उसे विशेष प्राथमिकता दी जायेगी) से निम्नलिखित कार्य के लिए मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता है, जो अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, भवन निर्माण विभाग, पटना, एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 30.11.2024 के अपराहन 12:30 अपराहन बजे तक प्राप्त किया जायेगा एवं उसी दिन 3:00 बजे अपराह्न में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।
कार्य का विवरणी :–

| क्र0 | सामग्री का नाम एवं विशिष्टयॉ |
|---|---|
| 1 | S/F/F Cupboard & Modular Kitchen & Curtain rod in officer's flat (Type -D) (Block-07 flat No.-803 & 804) at Gardanibagh, Patna for the year 2024 -25 |

➢ कार्य समाप्ति की अवधि : 20 दिन
➢ विशेष जानकारी हेतु बेबसाईट बेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्यावधि में सम्पर्क करें।

PR- 13343 ( B C D ) 2024-25
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।
कार्यपालक अभियंता,
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भ0नि0वि0, पटना

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना।

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–64 वर्ष 2024–25

समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदकों/ख्याति प्राप्त फार्मो/निबंधित दुकानदारों/कम्पनियों (जिसे Cupboard and Kitchen के कार्य करने का अनुभव हो उसे विशेष प्राथमिकता दी जायेगी) से निम्नलिखित कार्य के लिए मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता है, जो अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, भवन निर्माण विभाग, पटना, एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 30.11.2024 के अपराहन 12:30 अपराहन बजे तक प्राप्त किया जायेगा एवं उसी दिन 3:00 बजे अपराह्न में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।
कार्य का विवरणी :–

| क्र0 | सामग्री का नाम एवं विशिष्टयॉ |
|---|---|
| 1 | S/F/F Cupboard & Modular Kitchen & Curtain rod in officer's flat (Type -D) (Block-05 flat No.-401,402 & 403) at Gardanibagh, Patna for the year 2024-25 |

➢ कार्य समाप्ति की अवधि : 20 दिन
➢ विशेष जानकारी हेतु बेबसाईट बेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्यावधि में सम्पर्क करें।

PR- 13339 ( B C D ) 2024-25
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।
कार्यपालक अभियंता,
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भ0नि0वि0, पटना

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना।

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–51 वर्ष 2024–25

समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदकों/ख्याति प्राप्त फार्मो/निबंधित दुकानदारों/कम्पनियों (जिसे Cupboard and Kitchen के कार्य करने का अनुभव हो उसे विशेष प्राथमिकता दी जायेगी) से निम्नलिखित कार्य के लिए मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता है, जो अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, भवन निर्माण विभाग, पटना, एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 30.11.2024 के अपराहन 12:30 अपराहन बजे तक प्राप्त किया जायेगा एवं उसी दिन 3:00 बजे अपराह्न में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।
कार्य का विवरणी :–

| क्र0 | सामग्री का नाम एवं विशिष्टयॉ |
|---|---|
| 1 | S/F/F Cupboard & Modular Kitchen & Curtain rod in officer's flat (Type -D) (Block-07 flat No.-701,702 & 703) at Gardanibagh, Patna for the year 2024-25 |

➢ कार्य समाप्ति की अवधि : 20 दिन
➢ विशेष जानकारी हेतु बेबसाईट बेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्यावधि में सम्पर्क करें।

PR- 13354 ( B C D ) 2024-25
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।
कार्यपालक अभियंता,
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भ0नि0वि0, पटना

## राजद का एक दिवसीय धरना का आयोजन होगा कल

प्रातः किरण संवाददाता

गया ।राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश नेतृत्व के द्वारा निर्देशित संवाददाता सम्मेलन दिनांक 28 नवंबर 2024 को निर्धारित है जिसमें गया जिले के अंतर्गत पंचायत से लेकर नगर निकाय तमाम राष्ट्रीय जनता दल के पदाधिकारी एवं समर्थकों से भारी से भारी संख्या में आने का आह्वान किया गया है।प्रेस वार्ता के माध्यम से उपरोक्त पदाधिकारी के द्वारा किया गया है।क्योंकि महागठबंधन सरकार के द्वारा बिहार में 500 करोड रुपए खर्च कर नेता तत्कालीन उपमुख्यमंत्री वर्तमान नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व में जातीय गणना कराकर शोषित समाज जो सदियों से वंचित थे जिसमें दलित महादलित पिछड़ा अति पिछड़ा समाज को सामाजिक न्याय के मुख्य धारा में लाने के लिए 65% आरक्षण की व्यवस्था की गई है।जिसे वर्तमान केंद्र एवं राज्य सरकार लागू करने में आनाकानी कर रही है राष्ट्रीय जनता दल के उपरोक्त तमाम पदाधिकारी ने 65% आरक्षण को अभिलंब लागू करने के लिए कृत संकल्पित है।

# शहरी स्वास्थ्य केंद्र अम्बेडकर नगर के अंतर्गत पुरुष नसबंदी पखवाड़ा मेला का आयोजन

## परिवार नियोजन के प्रचार प्रसार पर दिया गया जोर

प्रातः किरण संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)। स्वास्थ्य विभाग सहयोगी संस्था के सहयोग से पुरुष नसबंदी पखवाड़ा पर जागरूकता बढाने एवं परिवार नियोजन के महत्व पर जोर देकर प्रचार प्रसार के साथ प्रगति को आगे बढ़ाते हुए मेला का आयोजन किया गया। प्रखंड परिवार कल्याण परामर्शी और अन्य समाज सेवी के उपस्थिति में 21 नवम्बर 2024 को ह्यपुरुष नसबन्दी पखवाड़ा मेला का आयोजन किया गया। डीसीएम राजेश कुमार ने बताया की इस कार्यक्रम के अंतर्गत पूरे शहर मे जनसंख्या स्थिरीकरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना, परिवार नियोजन कार्यक्रम अंतर्गत उपलब्ध सेवाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना है तथा योग्य दम्पतियों को इच्छित सेवा प्रदान करना है। समुदाय स्तर पर आमजन को उत्प्रेरित करने में आशा, आंगनबाड़ी सेविका, जीविका दीदी, विकास मित्र आदि की भागीदारी सुनिश्चित किया गया।जनसंख्या स्थिरीकरण की आवश्यकता, सही उम्र मे शादी, पहले बच्चे में देरी, बच्चों के बीच सही अंतर तथा छोटा परिवार के लाभ के बारे में आमजन के मध्य चर्चा कर, माँ और शिशु स्वास्थ्य को बेहतर करने तथा गर्भनिरोधक उपायो को अपनाने हेतु परामर्श दिया जाय। पखवाड़ा के दौरान परिवार नियोजन सेवाओं के तहत प्रदान की जाने वाली सेवा यथा- कॉपर-टी, गर्भनिरोधक सूई एमपीए , बंध्याकरण एंव नसबंदी की सेवा प्रदान करने पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया जाना है। समीर, बीसीएम और अमित कुमार, पीएसआई के प्रताप कोसायरी, सतीश कुमार के द्वारा आमजन में जागरूकता के उद्देश्य से ई-रिक्शा (सारथी रथ) के माध्यम से रूट चार्ट के अनुसार पंचायत के हाट बजार, महादलित टोला, हैंड टू रीच एरिया इत्यादि में 5 दिवस तक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, साथ ही ई-रिक्शा पर आशा फैसिलिटेटर को प्रतिनियुक्त किया गया है ताकि उनके द्वारा आशा से समन्वय स्थापित किया जा सके एवं आमजन द्वारा गर्भनिरोधक का स्थायी उपाय तथा अस्थाई उपाय छाया, माला एन का वितरण किया जाएगा। मौके पर डॉ शाहबुद्दीन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अभिषेक रंजन चिकित्सा पदाधिकारी ,चंद्रकिशोर जिला शहरी सलाहकार, रिंकी प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, समीर प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक,अमित अयान उपस्थित थें।

# छपरा में ट्रैफिक व्यवस्था का खुली पोल

प्रातः किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। सारण जिले जाम के नाम से जाना जाता है आखिर इसका लगे का मुख्य श्रेय सारण पुलिस की जिसका आज छपरा ट्राफिक व्यवस्था ने सारी हदें पार कर दी छपरा पटना मुख्य मार्ग महमदा ओभर ब्रीज के पास छपरा से डोरीगंज की ओर आने वाले सड़क पर बालु खनन प्रारंभ के बाद निरंतर जाम की समस्या उत्पन्न हो गई थी जिसको लेकर जिला प्रशासन एक बैठक कर पुर्व की तरह महमदा ओभर ब्रीज के पास पुलिस पदाधिकारी की तैनाती कर डोरीगंज ओर खाली ट्रक यानी भारी वाहन की प्रवेश बंद कर महमदा ओभर ब्रीज से गड़खा भेल्दी थाने के रास्ते मढ़िहान होते हुए दिघवारा फोर लेन से डोरीगंज होते हुए आरा की ओर जाएगा लेकिन महमदा ओभर ब्रीज के पास तैनात पुलिस पदाधिकारी के दलालों के माध्यम से पांच सौ से छः सौ रुपए लेकर भारी संख्या में पुलिस पदाधिकारी के द्वारा खाली ट्रकों को डोरीगंज की ओर छोड़ दिया जिससे ओर ब्रीज से लाल बाजार तीन महुआ लेकर डोरीगंज तक ट्रकों का महा जाम उत्पन्न हो गई और छोटी बड़ी गाड़ियों का जाम अनियंत्रित हो गया और शादी समारोह और स्कूली बच्चे डिप्टी पर जाने वाले कर्मचारी अधिकार महाराज में फस काफी परेशान हो।

इस महाजाम की सूचना और अपनी ट्राफिक व्यवस्था की पुलिस पदाधिकारी की नाकामी को प्रत्यक्षदर्शी देख खुश को डोरीगंज के झंगा चौक पर डोरीगंज थाने की पुलिस पदाधिकारी के साथ महाजाम कमान संभाली और जितने भी महमदा ओभर ब्रीज से ट्राफिक पुलिस पदाधिकारी के द्वारा छोड़ी ट्रक थी उसे पुनः छपरा फोर लेन से गरखा की ओर भेजी गई सबसे बड़ी सावल है कि आखिर जिला प्रशासन निरंतर इस जाम से लोगों को निजात दिलाने के लिए परिक्षण कर रही है लेकिन वरिये अधिकारी के द्वारा दी गये निर्देश का खुद ही उनके की पुलिस पदाधिकारी कानून को ताख पर रख दलालों के माध्यम से भारी वाहन की प्रवेश वर्जित वाले सड़को रात दिन पैसे की उगाही कर ट्रक को वनवे से छोरने की शिलशिला जारी है।

जिसका आज खुद ही उनके अधिकारी ने अपनी नजरों से देख जाम से निजात दिलाने के लिए खुद को कमान संभाली अब देखना होगा कि क्या ट्राफिक व्यवस्था में सुधार होगा कि ये सिलसिला जारी

## संविधान दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा आयोजित की गई कार्यक्रम



छपरा कोर्ट। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार सारण के तत्वाधान में सारण जिला में संविधान दिवस के अवसर पर तीन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार नीरज कुमार द्वारा संविधान की प्रस्तावना को सभी न्यायिक पदाधिकारीगण एवं न्यायालय कमी के साथ शपथ लेकर न्याय सदन में प्रारंभ किया गया। उसके बाद शिक्षा विभाग सारण के सहयोग से राजेंद्र कॉलेजिएट सह इंटर कॉलेज छपरा में राइट टू एजुकेशन एंड फंडामेंटल ड्यूटीज पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया ।उक्त सेमिनार में मुख्य लैंड्स जिला विधिक सेवा प्राधिकार पूर्णेन्दु रंजन द्वारा विस्तार से बतलाया गया जिसमे सभी छात्र एवं शिक्षक उपस्थित थे ।दोपहर 1:00 बजे अपराहन में जिला स्कूल छपरा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार छपरा के पैनल अधिवक्ता दुर्गेश प्रकाश बिहारी एवं विधिक स्वयंसेवक आलोक कुमार श्रीवास्तव द्वारा चिल्ड्रेन एंड देयर प्रोटक्शन स्कीम 2015 के संबंध में तथा संविधान के अनुसार बच्चों तथा बच्चियों के अधिकार के बारे मे विस्तार रूप से बतलाया गया। कार्यक्रम में जिला स्कूल की प्राचार्या सहित शिक्षक एवं कर्मचारी तथा छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थी।

# धूमधाम से मनाया गया संविधान दिवस

प्रातः किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम) ।जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिम चंपारण बेतिया के तत्वाधान में धूमधाम से संविधान दिवस मनाया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार के अध्यक्ष आनंद नंदन सिंह के कुशल नेतृत्व में व्यवहार न्यायालय परिसर बेतिया में व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायिक पदाधिकारी, कर्मचारी, एवं अधिवक्तागण के साथ संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराया गया। वहीं प्राधिकार के सचिव अमरेंद्र कुमार राज ने सुबह में प्रभात फेरी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं विपिन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सचिव द्वारा हुआ उपस्थित सभी बच्चे एवं बच्चियों को संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराया गया एवं उनको संविधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जिला जज ने बताया कि बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश के आलोक में सभी कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। वही 26 नवंबर से 2 दिसंबरके बीच संविधान दिवस सप्ताह अभी मनाया जाएगा जिसमें आम लोगों को नालसा एवं बालसा से संबंधित चुनाव एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा तथा विभिन्न विद्यालयों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। न्यायालय परिसर में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अमित कुमार दीक्षित ने प्रस्तावना का पाठ कराया।

## अवैध खनन को लेकर पुलिस ने चार लोगों पर किया मुकदमा दर्ज

प्रातः किरण संवाददाता

शेरघाटी।शेरघाटी थाना क्षेत्र के शेरपुर बालू घाट से छापेमारी के दौरान पुलिस ने बालू लदे ट्रैक्टर हुए को जप्त किया है।

व उक्त मामले में जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि अवैध खनन के मामले में प्रियांशु सिंह,बुटन सिंह, दीपू सिंह, अनु सिंह आदि के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

उन्होंने बताया कि अवैध खनन एवं भंडारण को लेकर विभाग द्वारा दिए गए सूचना के आलोक में लगातार कार्रवाई की जा रही है,जिससे राजस्व की हानि हो रही है।

खनन विभाग के पदाधिकारी के द्वारा छापेमारी करते हुए ट्रैक्टर पर हुए बालू समेत ट्रैक्टर को जप्त किया है।

वही उक्त मामले में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया मामले की छानबीन की जा रही है।

## बेतिया में मतदान कर सड़क किनारे बैठे वोटरों को तेज रफ्तार कार ने रौंदा

बेतिया।बेतिया में मंगलवार को सड़क हादसा हुआ जहां नौतन प्रखंड के महुआहा बूथ पर पैक्स चुनाव में मतदान कर सड़क किनारे बैठे वोटरों को तेज रफ्तार कार ने रौंद दिया. इस घटना में आधा दर्जन वोटरों के घायल होने की सूचना है. सभी वोटर बगीचे के किनारे बैठे थे, तभी जगदीशपुर से मच्छरगावां जा रही कार ने सभी को रौंदकर घायल कर दिया.घायलों में तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है. जिनका इलाज जीएमसीएच बेतिया में चल रहा है. वहीं चालक कार छोड़ फरार हो गया। बता दें कि नौतन प्रखंड में पैक्स का चुनाव चल रहा था।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी. बताया जा रहा है कि इस घटना में वरदाहा मनियारी गांव के गोविन्द राम, रामचंद्र साह की पत्नी, घूटन महतो की बहू सुगांनती देवी, वीरू यादव और उनकी बहन घायल हो गए हैं.वहीं इस घटना में पैक्स प्रत्याशी विजय साह की बाइक दुर्घटना ग्रस्त हो गई है. हादसे के बाद मतदान केंद्र के आसपास घंटों अफरा-तफरी मची रही. उधर टक्कर मारने वाली कार को ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बुझाकर मामले की जांच की बात कही।वही नौतन थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि लोगों को शांत कर दिया गया। गाड़ी की पहचान कर ली गई है.

## केंद्रीय टीम ने किया सदर अस्पताल का निरीक्षण, स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा

समस्तीपुर। भारत सरकार द्वारा प्रायोजित स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन और उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने के लिए पांच सदस्यीय केंद्रीय टीम ने मंगलवार को सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। इस टीम ने अस्पताल में उपलब्ध सेवाओं, चिकित्सा उपकरणों, दवाओं की आपूर्ति और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं का बारीकी से अध्ययन किया। टीम ने अस्पताल के विभिन्न विभागों का दौरा किया, जिसमें इमरजेंसी वार्ड, प्रसूति वार्ड, बच्चों का वार्ड, ऑपरेशन थियेटर और ओपीडी शामिल थे। निरीक्षण के दौरान टीम ने डॉक्टरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों से बातचीत कर स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभाव और मरीजों को होने वाली समस्याओं की जानकारी ली। टीम ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत), जननी सुरक्षा योजना और टीकाकरण कार्यक्रम जैसे प्रयासों पर चर्चा की और इनके बेहतर क्रियान्वयन के लिए सुझाव दिए। टीम ने यह भी सुनिश्चित किया कि अस्पताल प्रशासन इन योजनाओं का लाभ अधिकतम जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रभावी कदम उठाए। अस्पताल प्रशासन ने टीम को आश्वस्त किया कि वे सुझावों के आधार पर सुधारात्मक कदम उठाएंगे और आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने की दिशा में काम करेंगे। निरीक्षण के बाद केंद्रीय टीम ने अपनी रिपोर्ट तैयार करने का आश्वासन दिया, जो सदर अस्पताल के स्वास्थ्य ढांचे को बेहतर बनाने में सहायक साबित होगी। इस दौरान टीम के द्वारा सिविल सर्जन डॉ एसके चौधरी के साथ बैठक भी की। केंद्रीय टीम के निरीक्षण के दौरान सदर अस्पताल के डीएस डॉ गिरीश कुमार, सदर अस्पताल के मैनेजर आदि थे।

# विनोद पंजीयार की सुपुत्री की शादी समारोह में पहुंचे सुढ़ी संघ दानापुर के सभी पदाधिकारी, दी शुभकामनाएं






प्रातः किरण संवाददाता

पटना ।सोमवार को हृदय सम्राट लालगंज के विनोद पंजीयार के सुपुत्री अंकिता की शादी समारोह में सुढ़ी संघ दानापुर के सारे पदाधिकरी मांगलिक कार्य में उपस्थित हुए।

जिसमें अध्यक्ष अरविन्द बिहारी लाल और अजीत बिहारी लाल,पवन कुमार, मंटु जी,सुजीत कुमार,संतोष कुमार,सुबोध कुमार,मुकेश कुमार,ब्यापुर से प्रदीप कुमार विजय कुमार बिहटा से अजय कुमार पत्रकार अभय आर्या जी इस शादी समारोह में सम्मिलित होकर वर वधु को आशीर्वाद दिए और पूरे बिहार के समाज और गणमान्य लोगों का पदार्पण हुआ।

# प्री-मैच्योर एजाकुलेशन एवं इरेक्टाइल डिस्फंक्शन का आयुर्वेद से पूरा इलाज संभव : डॉ. साजन दूबे



प्रातः किरण संवाददाता

पटना। वर्ल्ड फेमस आयुवेर्दाचार्य, समाजसेवी एवं दूबे क्लिनिक के निदेशक डॉ. सुनील कुमार दूबे के सुपुत्र डॉ. साजन दूबे ने कहा है कि पुरुषों में शीघ्रपतन एवं नपुंसकता आज एक बड़ी समस्या बन चुकी है। जिसे आयुर्वेदिक इलाज से पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि पुरुषों में एक

सामान्य यौन विकार शीघ्रपतन एवं नपुंसकता है, जिसे एक अनैच्छिक स्खलन के कारण व्यक्ति के साथ-साथ साथी को भी संकट हो सकता है। अमेरिकन यूरोलॉजिकल एसोसिएशन (युएए) ने परिभाषित किया है कि स्खलन जो प्रवेश से पहले या बाद में शीघ्रता से होता है, शीघ्रपतन के रूप में एक या दोनों भागीदारों के लिए संकट पैदा करता है। डॉ. साजन ने आगे कहा कि शीघ्रपतन का सटीक कारण अभी भी ज्ञात नहीं है। लेकिन कुछ ज्ञात जोखिम कारणों में प्रमुख तौर पर मस्तिष्क का असामान्य स्तर, ल्यूटिलाइजिंग हार्मोन, प्रोलैक्टिन और थायरायड हार्मोन विकारों का असामान्य स्तर, प्रोस्टेट या मूत्र मार्ग की सूजन या संक्रमण इत्यादि शामिल है। इसके अतिरिक्त कुछ मनोवैज्ञानिक कारण भी हो सकते हैं, जिसमें डिप्रेशन, घबराहट, तनाव, सेक्स अपेक्षाएँ पूरी न होना, यौन दमन का इतिहास, आत्मविश्वास की कमी, यौन शोषण एवं रिश्ते की समस्या प्रमुख है।

डॉ. दूबे ने आगे कहा कि कुछ सरल घरेलू उपाय करके इसे काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। इसमें अश्वगंधा का उपयोग फायदेमंद हैं। बेहतर नियंत्रण और शक्ति के लिए जिंक, सेलेनियम, कैल्शियम एवं आयरन से भरपूर आहार का उपयोग करें ।

एमबीबीएस डॉ. साजन दूबे ने आगे कहा कि डॉक्टरों एवं सेक्सोलॉजिस्ट के शोध के अनुसार आजकल पुरुषों में नपुंसकता एवं शीघ्रपतन की समस्या बढ़ती जा रही है। अगर आयु के अनुसार देखें तो 60 से कम आयु के पुरुषों में लगभग 12 प्रतिशत, जबकि 60 से अधिक आयु के लोगों में यह दर 22 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि नपुंसकता एवं शीघ्रपतन का आयुर्वेद में सम्पूर्ण एवं सटीक इलाज मौजूद है।

## संविधान के 75वीं वर्षगांठ पर मैथिली और संस्कृत में संविधान की प्रति प्रकाशित

हाजीपुर। सोनपुर मंडल द्वारा कार्तिक पूर्णिमा मेला के अवसर पर 14 एवं 15 नवंबर, 2024 को मेला में आये कुल 36,000 यात्रियों को (सोनपुर में 22,000 यात्री और हाजीपुर में 14,000 यात्री) जारी टिकट द्वारा 20 लाख कोचिंग आय की प्राप्त हुई है। इस दौरान कोई असामान्य घटना नहीं हुई है, और आज सुबह से स्टेशनों पर कोई असामान्य भीड़ भी नहीं है। इस वर्ष पहली बार सोनपुर मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा रेलग्राम सोनपुर की रेलवे परिसंपत्तियों का मुद्रीकरण किया है और अब तक इससे 2.80 करोड़ रुपये के आय अनुबंध को अंतिम रूप दिया गया है ।सोनपुर मंडल को इस वर्ष कार्तिक पूर्णिमा मेला अवधि के दौरान विभिन्न आय अनुबंधों से 75 लाख रुपये का आय प्राप्त होगा।

# दो दिवसीय प्रमंडल स्तरीय किसान मजदूर सम्मेलन संपन्न आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता

सहरसा। संयुक्त किसान मोर्चा बिहार के तत्वावधान में किसान संघर्ष समिति बिहार द्वारा आयोजित कोसी प्रमंडल स्तरीय किसान मजदूर सम्मेलन ग्राम काँठो के मटेश्वर धाम काँठो के धर्मशाला बलवाहाट सिमरी बख्तियारपुर सहरसा मैं दो दिवसीय सम्मेलन रविवार एवं सोमवार को संपन्न हुई। इसमें प्रथम दिन के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि के तौर पर श्री अनिरुद्ध मेहता, अध्यक्ष किसान मजदूर संघ पूर्णिया श्री शत्रुघ्न प्रसाद यादव, पूर्णिया श्री सुरेश गांधी मजदूर नेता ने कहा की कोसी प्रमंडल के किसानों के साथ बहुत शोषण हो रहा है यहां किसानों में एकता संगठन की कमी है जिसमें किसान ,जनता आकृति और कमिश्नर को अपनी मांगों का ज्ञापन सोपेगी कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री जवाहर यादव निराला अध्यक्ष किसान संघर्ष समिति बिहार ने की जवाहर यादव निराला ने कहा कोशी प्रमंडल में किसानों को एकजुट करने के लिए बहुत जल्द किसान महासभा का आयोजन करेगी एवं प्रमंडल आयुक्त को एक ज्ञापन दिया जाएगा

इस सम्मेलन में पॉच जिले से तीन संगठन के 25 प्रतिनिधि एवं सैकड़ो किसान मजदूर ग्रामीणों ने भाग लिया

दूसरे दिन दूसरे सत्र में भाग लेने वाले मुख्य विचार रखने वाले श्री नाथो प्रसाद यादव पूर्व मुखिया कॉटो पंचायत, पांडव कुमार ,किसान नेता जगदीश यादव, किसान नेता अशोक कुमार पोद्दार ,सरवन कुमार, संतोष कुमार यादव, संटू कुमार, बंटी कुमार, मिथिलेश यादव, संग जिला सुपौल प्रमोद कुमार यादव सुपौल भाई सुधाकर, सहरसा मुकेश कुमार सिंह, सहरसा सुरेश कुमार, गुढ़ियारी मनोज कुमार यादव ,ढोलन कुमार छैला ,मोहम्मद नूर आलम, रामअवतार यादव ,संजीव कुमार सिंह सहरसा, रोशन कुमार ,हर्ष यादव विक्रम कुमार ,रामप्रसाद यादव, विजेंद्र यादव और सभी अपने-अपने विचार रखें।

### किसानों की मुख्य मांगे

1. स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के अनुसार सभी फसलों पर सी2+50 प्रतिशत के फामूर्ला के आधार पर एमएसपी की गारंटी किया जाए।

2. एसकेएम के प्रतिनिधियों को शामिल करते हुए, सभी फसलों की कानूनी गारंटी के लिए एमएसपी पर एक नई समिति को गठित किया जाए।

3. किसानों और मजदूरों को सभी तरह के कर्ज से मुक्त किया जाए। उर्वरक सहित कृषि लागत कीमतों को कम किया जाए।4. बिजली संशोधन विधेयक, 2022 को वापस लिया जाए। किसानों को खेती के लिए मुफ्त बिजली और ग्रामीण परिवारों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली मुहैया किया जाए।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना।

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–47 वर्ष 2024–25

समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदकों/ख्याति प्राप्त फार्मो/निबंधित दुकानदारों/कम्पनियों (जिसे Cupboard and Kitchen के कार्य करने का अनुभव हो उसे विशेष प्राथमिकता दी जायेगी) से निम्नलिखित कार्य के लिए मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता है, जो अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, भवन निर्माण विभाग, पटना, एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 30.11.2024 के अपराहन 12:30 अपराहन बजे तक प्राप्त किया जायेगा एवं उसी दिन 3:00 बजे अपराह्न में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।
कार्य का विवरणी :–

| क्र0 | सामग्री का नाम एवं विशिष्टयॉ |
|---|---|
| 1 | S/F/F Cupboard & Modular Kitchen & Curtain rod in officer's flat (Type -D) (Block-08 flat No.-603,604 & 701) at Gardanibagh, Patna for the year 2024 -25 |

➢ कार्य समाप्ति की अवधि : 20 दिन
➢ विशेष जानकारी हेतु बेबसाईट बेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्यावधि में सम्पर्क करें।

PR- 13319 ( B C D ) 2024-25
कार्यपालक अभियंता,
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भ0नि0वि0, पटना
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
CENTRAL BUILDING DIVISION, PATNA
Govt. of Bihar
SHORT TIME QUOTATION INVITATION NO.- 75 YEAR 2024-25
(For Special Condition, Description and Quantity are available in Website :- State.bihar.gov.in/prdbihar)

Quotation Invited From Registered Contractors/Reputed Firms/Companies for the Following Works on Dated 10.12.2024 at 12:30 PM in Sealed Envelope. The Place of Submitting Quotation Will be Office at Undersigned, Office of Superintending Engineer, S.B.C., B.C.D., Patna. Received Quotation will be Opened on Same Day at 1:00 PM in front of Quotationer or Their Representatives.

Price of Quotation (in Rs.) With Quotation Letter Rate of Quotation Paper Through ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) in the Designation (Name of Executive Engineer, Central Building Division, Patna) Deposite Mandatory, Which After The Date of Publication of Quotation. Computerized O-Grass Receipt, Which is Before the Date of Quotation should be, is not Entertained. For Rs. 0 to 50,000 – Rs. 250, For Rs. 50,001 to 2,50,000 – Rs. 500, For Rs. 2,50,001 to 5,00,000 – Rs. 750, For Rs. 5,00,001 to 10,00,000 – Rs. 1,250, For Rs. 10,00,001 to 15,00,000 – Rs. 2,500
Details of Works :-

| Sl No. | Name of Work/Specification |
|---|---|
| 01. | Renovation of Wardrobe, Sanitary Work and Furniture Work in Chamber and Cell of Hon'ble Education Minister at Vikash Bhawan, Patna for the year 2024-25. |
| 02. | Renovation of Partition in Hon'ble Education Minister Chamber and Cell at Vikash Bhawan , Patna for the year 2024-25. |
| 03. | Renovation of Partition in Hall No.- 414 of Education Deptt. at 4th Floor at Vikash Bhawan, Patna for the year 2024-25. |
| 04. | Renovation of Hall No.- 414 of Education Deptt. at 4th Floor at Vikash Bhawan, Patna for the year 2024-25. |
| 05. | S/F/F of Furniture for Hall No.- 414 Education Deptt. at 4th Floor at Vikash Bhawan, Patna for the year 2024-25. |

विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या वेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prd bihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

PR. No. 013332(BCD) 2024-25
Executive Engineer,
Central Building Division, Patna
विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पुनपुन बाढ़ सुरक्षा प्रमंडल, अनिसाबाद, पटना
जल संसाधन विभाग, पटना
अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–30 वर्ष 2024–25

जल संसाधन भवन, अनिसाबाद, पटना में स्थित कार्यालय परिसर के विभिन्न कार्यालय के वार्षिक संधारण/संचालन हेतु निबंधित संवेदक/आपूर्तिकर्ता से मुहरबंद लिफाफा में कोटेशन आमंत्रित की जाती है।

यह कोटेशन दिनांक–02.12.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3:30 बजे अपराह्न में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।

कार्य विवरणी :–कार्यालय/अन्य संबंद्व भवनों तथा परिसरों के वार्षिक संधारण/संचालन का कार्य ।

उपरोक्त कोटेशन से संबंधित शर्त एवं विशेष जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में (कार्यालय अवधि में) एवं मोबाईल संख्या– 9308636962 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 13248 (WRD) 2024-25
कार्यपालक अभियंता
पुनपुन बाढ़ सुरक्षा प्रमंडल
अनिसाबाद, पटना
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
CENTRAL BUILDING DIVISION, PATNA
Govt. of Bihar
SHORT TIME QUOTATION INVITATION NO.- 73 YEAR 2024-25
(For Special Condition, Description and Quantity are available in Website :- State.bihar.gov.in/prdbihar)

Quotation Invited From Registered Contractors/Reputed Firms/Companies for the Following Works on Dated 07.12.2024 at 12:30 PM in Sealed Envelope. The Place of Submitting Quotation Will be Office at Undersigned, Office of Superintending Engineer, S.B.C., B.C.D., Patna. Received Quotation will be Opened on Same Day at 1:00 PM in front of Quotationer or Their Representatives. Price of Quotation (in Rs.) With Quotation Letter Rate of Quotation Paper Through ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) in the Designation (Name of Executive Engineer, Central Building Division, Patna) Deposite Mandatory, Which After The Date of Publication of Quotation. Computerized O-Grass Receipt, Which is Before the Date of Quotation should be, is not Entertained. For Rs. 0 to 50,000 – Rs. 250, For Rs. 50,001 to 2,50,000 – Rs. 500, For Rs. 2,50,001 to 5,00,000 – Rs. 750, For Rs. 5,00,001 to 10,00,000 – Rs. 1,250, For Rs. 10,00,001 to 15,00,000 – Rs. 2,500
Details of Works :-

| Sl No. | Name of Work/Specification |
|---|---|
| 01. | Supply and Installation of TV and VC Setup in Director Chamber Social Welfare Department at 4th Floor Vikash Bhawan, Patna for year 2024-25. |
| 02. | Exhibition Stall Decoration and Project Model Display Organized on Jal Jivan Hariyali, Patna for the year 2024-25. |

विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या वेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prd bihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय

PR. No. 013231 (BCD) 2024-25
Executive Engineer,
Central Building Division, Patna
For further details please visit : www.state.bihar.gov.in/prdbihar
यौन जनित रोग छुपाओ नहीं ईलाज कराओ, खुद के साथ अपने जीवन साथी को भी सुरक्षित करें।

## तुम हमेशा दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा रहोगे, ऋषभ पंत के जाने से सह-मालिक ने जताया दुख

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली कैपिटल्स के सह मालिक पार्थ जिंदल ने मंगलवार को ऋषभ पंत के टीम से अलग होने पर दुख जताने के साथ उम्मीद भी व्यक्ति की कि भविष्य में वे फिर कभी साथ आएंगे। दिल्ली ने आईपीएल की मेगा नीलामी से पहले कप्तान पंत को रिलीज कर दिया था। पंत को रिकॉर्ड 27 करोड़ रुपए में लखनऊ सुपर जाइंट्स ने खरीदा।



दिल्ली ने राइट टू मैच का प्रयोग करके पंत को वापस लेने की कोशिश भी की लेकिन लखनऊ की आखिरी बोली का मुकाबला नहीं कर सके। जिंदल ने एक्स पर भावुक पोस्ट में लिखा, 'ऋषभ तुम मेरे छोटे भाई हो और हमेशा रहोगे। मैं तहेदिल से तुम्हे प्यार करता हूं। मैने हमेशा कोशिश की कि यह सुनिश्चित करूं कि तुम खुश हो और तुम्हारे साथ अपने परिवार की तरह रहा। जेएसडब्ल्यू स्पोटर्स और जीएमआर टीम के सह मालिक हैं। पंत ने टीम से मतभेदों के बाद खुद को नीलामी में शामिल किया। जिंदल ने कहा, 'तुम्हे जाता देखना दुखद है और मैं इसे लेकर काफी भावुक हूं। तुम हमेशा दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा रहोगे और उम्मीद है कि एक दिन हम फिर साथ होंगे। शुक्रिया ऋषभ। याद रखना कि हम हमेशा तुमसे प्यार करते रहेंगे। दुनिया जीत लो। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से शुभकामनाएं।

दिल्ली कैपिटल्स ने कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, ट्रिस्टन स्टब्स और अभिषेक पोरेल को बरकरार रखा। टीम ने जेक फ्रेजर मैकगुर्क को 9 करोड़ में फिर खरीदा जबकि केएल राहुल पर 14 करोड़ रूपये खर्च किए।

## आईपीएल 2025 के ऑक्शन में आरसीबी के खरीदते ही खुल गई इस खिलाड़ी की किस्मत

● देश की टेस्ट टीम में मिला मौका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल को खिलाड़ियों की तकदीर का ताला कहते हैं. और, ये इसलिए क्योंकि बीसीसीआई की इस लीग में पैसे बरसते है, जिससे खिलाड़ी मालामाल होते हैं. लेकिन, एक खिलाड़ी ऐसा है जिसके लिए ऑक्शन में आरसीबी का उसे खरीदना इतना लकी रहा कि अब वो देश की टेस्ट टीम के लिए डेब्यू करने जा रहा है. हम बात कर रहे हैं. आरसीबी के जैकब बेथेल की, जो न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट में इंग्लैंड के लिए डेब्यू करने जा रहे हैं.

**आरसीबी ने खरीदा, देश की टेस्ट टीम में मिला मौका** - 21 साल के इंग्लैंड के ऑलराउंडर जैकब बेथेल 1.25 करोड़ की बेस प्राइस के साथ आईपीएल 2025 के ऑक्शन में उतरे थे. और, उन्हें आरसीबी ने 2.60 करोड़ में खरीद लिया. जैकब को खरीदने के लिए बोली पंजाब किंग्स ने भी लगाई थी लेकिन आखिर में बाजी आरसीबी के नाम रही. एक तरह इंग्लैंड के इस खिलाड़ी के जुड़ने से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को ये फायदा हुआ है कि उसकी ताकत में इजाफा देखने को मिला है. वहीं खुद जैकब को ऑक्शन के अगले ही दिन देश के लिए टेस्ट खेलने का चांस मिला है.

**क्राइस्टचर्च में डेब्यू करेंगे जैकब** - इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट सीरीज की शुरुआत 28 नवंबर से हो रही है. दोनों देशों के बीच 3 टेस्ट की सीरीज खेली जाएगी, जिसका पहला मैच क्राइस्टचर्च में होगा. पहले टेस्ट में डेब्यू करने जा रहे जैकब बेथेल इससे पहले इंग्लैंड के लिए वनडे और टी-20 डेब्यू कर चुके हैं. उनके फर्स्ट क्लास रिकॉर्ड को देखें तो सिर्फ 20 मैच खेले हैं, जिसमें 738 रन बनाने के अलावा 7 विकेट लिए हैं. जैकब बेथेल पहली बार आईपीएल खेलते हुए दिखेंगे. इससे पहले उन्होंने द हण्ड्रेड और टी-20 ब्लास्ट के मुकाबले खेले हैं. द हण्ड्रेड में उनका स्ट्राइक रेट 127 से ऊपर का है. वहीं ज्ञ20 ब्लास्ट में 141 से ज्यादा का है. टी-20 क्रिकेट में स्ट्राइक रेट मायने रखती है. लेकिन जैकब बेथेल के छोटे फॉर्मेट के आंकड़े उतने प्रभावशाली नहीं हैं. अब देखना ये है कि वो ऋष्क्र के लिए कितने फायदेमंद साबित होते हैं.

इंग्लैंड-न्यूजीलैंड

# न्यूजीलैंड से पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग 11 का ऐलान

### बेथल का डेब्यू; नई भूमिका में दिखेंगे ओली पोप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच के लिए इंग्लैंड ने मंगलवार (26 नवंबर) को प्लेइंग 11 घोषित कर दी। जैकब बेथेल पदार्पण करेंगे। युवा ऑलराउंडर को नंबर 3 पर बल्लेबाजी के लिए चुना गया है। बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल में ओली पोप को नंबर 6 पर रखा गया है। वह विकेटकीपिंग करते दिखेंगे। पहला टेस्ट 28 नवंबर से क्राइस्टचर्च में शुरू होगा।

बेथेल पिछले महीने ही 21 साल के हुए हैं। उन्होंने पहले कभी प्रथम श्रेणी क्रिकेट में नंबर 3 पर बल्लेबाजी नहीं की है। वारविकशायर के लिए खेलने वाले बैटिंग ऑलराउंडर ने 20 मैचों में 25.44 की औसत से 738 रन बनाए हैं। उन्होंने अपने प्रथम श्रेणी करियर में सात विकेट भी लिए हैं। उन्होंने बर्मिंघम फीनिक्स के लिए 7 मैचों में 165 रन बनाने के बाद इंग्लैंड



के लिए अपना टी20 और वनडे डेब्यू भी किया था।

**जॉर्डन कॉक्स चोटिल होने के कारण डेब्यू नहीं कर पाएंगे** - इस बीच विकेटकीपर जॉर्डन कॉक्स चोटिल होने के कारण डेब्यू नहीं कर पाएंगे। क्वीन्सटाउन में नेट सेशन के दौरान उनका अंगूठा टूट गया। इसके कारण उन्हें सीरीज से बाहर होना पड़ा। कॉक्स पहले नियमित विकेटकीपर बल्लेबाज जेमी स्मिथ की जगह आए थे, जो पितृत्व अवकाश पर हैं। अब पोप विकेटकीपिंग करते दिखेंगे।

यह पोप के लिए एक महत्वपूर्ण सीरीज है। उन्होंने पाकिस्तान में तीन मैचों में केवल 55 रन बनाए थे। उनका खराब फॉर्म अगस्त और सितंबर में स्वदेश में श्रीलंका के खिलाफ भी जारी रहा। तीसरे टेस्ट में 154 रन बनाने के बावजूद उन्होंने तीन मैचों की सीरीज में अपनी शेष पांच पारियों में केवल 37 रन बनाए।

**बेन डकेट और जैक क्रॉली ओपनिंग करेंगे** - बल्लेबाजी क्रम में बेन डकेट और जैक क्रॉली ओपनिंग करेंगे। जो रूट नंबर 4 और हैरी ब्रूक नंबर 5 पर बल्लेबाजी करेंगे। बेन स्टोक्स को नंबर 7 पर होंगे। इंग्लैंड ने तीन तेज गेंदबाजों क्रिस वोक्स, गस एटकिंसन और ब्रायडन कार्स को टीम में शामिल किया है, जबकि शोएब बशीर हेगले एकमात्र स्पिनर होंगे।

### इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन

जैक क्रॉली, बेन डकेट, जैकब बेथेल, जो रूट, हैरी ब्रूक, ओली पोप (विकेटकीपर), बेन स्टोक्स (कप्तान), क्रिस वोक्स, गस एटकिंसन, ब्रायडन कार्से, शोएब बशीर।

## सचिन और विराट की विरासत को आगे बढ़ा सकता है ये खिलाड़ी, ग्रेग चैपल ने की बड़ी भविष्यवाणी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व कोच ग्रेग चैपल का मानना है कि यशस्वी जायसवाल में सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली की बल्लेबाजी में उत्कृष्टता की परंपरा को आगे ले जाने का माद्दा है ।'सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड' के लिये अपने कॉलम में चैपल ने कहा कि वह आस्ट्रेलिया के खिलाफ यहां पहले टेस्ट में 161 रन की पारी खेलने वाले जायसवाल से काफी प्रभावित हैं । भारत ने पहला टेस्ट 295 रन से जीता। चैपल ने लिखा कि यह युवा सलामी बल्लेबाज निर्भीक है और सचिन तेंदुलकर तथा विराट कोहली की तरह उत्कृष्ट बल्लेबाजी की विरासत को आगे ले जा सकता है।वर्ष 2005 से 2007 के बीच भारत के कोच रहे चैपल ने पारंपरिक प्रारूप में युवाओं को तैयार करने में भारतीय और आस्ट्रेलियाई क्रिकेट बोर्ड की रणनीति में भारी अंतर को भी रेखांकित किया।

### जायसवाल का सफर शानदार

उन्होंने लिखा कि जायसवाल का सफर दिखाता है कि भारत की रणनीति और बुनियादी ढांचे ने कैसे विश्व क्रिकेट में उसका दबदबा बनाया है ।भारत के लिये खेलने का सपना पूरा करने के लिये उसे सर्वश्रेष्ठ प्रतिस्पर्धाओं की तलाश में दस वर्ष की उम्र में यह युवा बल्लेबाज मुंबई आया था ।भारतीय अंतिम एकादश में जगह बनाना कितना मुश्किल है , यह देखते हुए उसकी प्रतिबद्धता गजब की है । भारत में इतने सारे खिलाड़ी हैं जो टेस्ट क्रिकेट खेल सकते हैं लेकिन कइयों को प्रदेश की टीम में भी मौका नहीं मिलता।

### मैकस्वीनी से कई गुना आगे यशस्वी

ग्रेग चैपल ने आगे लिखा कि ऑस्ट्रेलिया के नाथन मैकस्वीनी से तुलना कर लीजिये ।बाईस वर्ष के जायसवाल ने 14 टेस्ट, 30 प्रथम श्रेणी मैच, 32 लिस्ट ए मैच और 53 आईपीएल मैच खेल लिये हैं ।वहीं 25 वर्ष के मैकस्वीनी ने पदार्पण टेस्ट खेलने के अलावा 34 प्रथम श्रेणी, 22 लिस्ट ए और 18 टी20 मैच खेले हैं।

# पृथ्वी शॉ को मिली ऐसी सजा, लग गया 8 करोड़ का चूना, इस दिग्गज ने कहा- शर्म आनी चाहिए

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पृथ्वी शॉ को अपनी लापरवाही की कीमत चुकानी पड़ी है. उन्हें उसके चलते सजा भुगतनी पड़ी है. और, सजा भी ऐसी मिली कि 8 करोड़ रुपये का चूना ही लग गया. पृथ्वी शॉ का गुनाह क्या है? यही सोच रहे हैं ना आप. ये भी सोच रहे होंगे कि सजा क्या मिल गई? दरअसल, आईपीएल ऑक्शन में जिन वजहों से वो चर्चा में रहे हैं वही उनकी सजा है. गलती इतनी थी कि उन्होंने अपने खेल में लापरवाही बरती. फिटनेस पर ध्यान नहीं दिया और दिल्ली कैपिटल्स में मिले मौकों को अच्छे से भुनाया नहीं, जिसका खुलासा दिल्ली फ्रेंचाइजी से जुड़े रहे मोहम्मद कैफ ने भी किया है.

**पृथ्वी शॉ को लगा 8 करोड़ रुपये का चूना** - आईपीएल 2025 के ऑक्शन में चुनना तो दूर उन पर बोली तक नहीं लगाई. जी नहीं, दिल्ली कैपिटल्स ने भी नहीं, जिससे वो 2018 से लगातार जुड़े रहे थे. ऐसा तब हुआ जब पृथ्वी शॉ ने अपनी बेस प्राइस सिर्फ 75 लाख रुपये रखी थी. अब इससे बड़ी शर्मिंदगी क्या होगी? इससे बड़ी सजा क्या होगी? किसी आईपीएल फ्रेंचाइजी का हिस्सा नहीं बनने के चलते पृथ्वी शॉ को 8 करोड़ रुपये का चूना



लगा है. ये वो रकम है जो पिछले सीजन में दिल्ली कैपिटल्स से उन्हें मिल रहे थे.

**शॉ के लिए शर्मनाक स्थिति- कैफ** - पृथ्वी शॉ के ऑक्शन में अनसोल्ड रहने को मोहम्मद कैफ ने उनके लिए शर्मिंदगी वाली बात बताई है. कैफ ने जियो सिनेमा से बात करते हुए कहा कि शर्म आनी चाहिए कि उन्हें कोई खरीददार नहीं मिला. उन्होंने शॉ को लेकर तब के अनुभव शेयर किए जब वो दिल्ली कैपिटल्स के कोचिंग पैनल में होते थे. कैफ ने कहा कि दिल्ली कैपिटल्स ने उन्हें काफी सपोर्ट किया है. वो इकलौते ऐसे प्लेयर हैं जो इस बात की शिकायत नहीं कर सकते कि उन्हें प्लेइंग इलेवन में मौका नहीं मिला.

**शॉ ने कैसे अपने लिए हालात बिगाड़े, कैफ की बातों से समझें** - कैफ ने कहा कि दिल्ली कैपिटल्स ने शॉ को प्लेइंग इलेवन में लगातार मौके दिए, इसके बावजूद भी वो टीम में अपनी जगह नहीं पक्की कर सके. कैफ ने इसे समझाने के लिए टीम सेलेक्शन से जुड़ा किस्सा भी बताया. उन्होंने कहा कि रात में हम डिसाइड करते थे कि पृथ्वी शॉ को प्लेइंग इलेवन में नहीं रखेंगे. लेकिन फिर अगले दिन मैच से पहले हमें अपना फैसला बदलना पड़ता था क्योंकि हम ये सोचते थे कि हो सकता है कि वो बड़ी पारी खेल जाएं. अगर वो चले तो फिर जीत भी पक्की. लेकिन इस उम्मीद पर वो कभी खरे नहीं उतरे.

## चैम्पियंस ट्रॉफी में अपनाया जाएगा हाइब्रिड मॉडल, पाकिस्तान की निकली हेकड़ी आईसीसी ने दिया दखल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर अभी भी सस्पेंस बना हुआ है. भारत ने तो साफ कर दिया है कि वह इस टूर्नामेंट में साफ हिस्सा नहीं लेगा. इसी बीच अब इस पूरे मामले में इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिलिंग ने दखल दिया है. सूत्रों के अनुसार, आईसीसी के कार्यकारी बोर्ड के मेंबर्स फाइनेंशियल इंसेटिव वृद्धि के वादे पर अगले साल की चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हाइब्रिड मॉडल को स्वीकार करने के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को मनाने की कोशिश कर रहे हैं. इस टूर्नामेंट का शेड्यूल अभी घोषित नहीं किया गया है, क्योंकि भारत ने आईसीसी को इस प्रमुख आयोजन के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने में असमर्थता के बारे में जानकारी दे दी है. आईसीसी इस जटिल मुद्दे का समाधान खोजने के लिए आज (26 नवंबर) अपने एग्जीक्यूटिव बोर्ड की बैठक बुलाने वाला है. एक अंदरूनी सूत्र ने पीटीआई से कहा- पीसीबी हाइब्रिड मॉडल के तहत आयोजन की मेजबानी करने के लिए तैयार नहीं है।

# कोहली के ओपनिंग पार्टनर हो सकते हैं 11.50 करोड़ में खरीदा गया खिलाड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के लिए आरसीबी ने 22 खिलाड़ियों का दल तैयार किया है। आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले इस टीम ने विराट कोहली, रजत पाटीदार और यश दयाल के रूप में तीन खिलाड़ियों को रिटेन किया था और फिर नीलामी में 19 खिलाड़ियों को खरीदा। आरसीबी ने इस नीलामी में तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को सबसे महंगा 12.50 करोड़ में खरीदा। अगले सीजन के लिए आरसीबी के कप्तान कौन होंगे इसे लेकर कुछ साफ नहीं है। इस बार आरसीबी ने जो टीम खरीदी है उसमें कई बेहतरीन गेंदबाज भी शामिल हैं। इस बार आरसीबी ने जोश हेजलवुड, भुवनेश्वर कुमार को अपने साथ जोड़ा तो शानदार फास्ट बॉलर हैं तो वहीं टीम में यश दयाल, लूंगी नगीडी भी हैं जबकि इस टीम में स्पिनर के रूप सुयश शर्मा भी जुड़े हैं। आइए अब बात करते हैं इस टीम की बेस्ट प्लेइंग इलेवन अगले सीजन के लिए



क्या हो सकती है। अगले सीजन में विराट कोहली के साथ अपनिंग की जिम्मेदारी फिल साल्ट निभा सकते हैं जिसे इस बार टीम ने 11.50 करोड़ में खरीदा है। वहीं तीसरे नंबर पर लियाम लिविंगस्टोन हो सकते हैं जो आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। चौथे नंबर पर देवदत्त पडीक्कल हो सकते हैं जिसे आरसीबी ने इस बार 2 करोड़ में खरीदा है। इसके बाद टीम डेविड और फिर रजत पाटीदार हो सकते हैं जिसे टीम ने रिटेन किया था। अगले सीजन की प्लेइंग इलेवन में ऑलराउंडर क्रुणाल पांड्या हो सकते हैं जो स्पिन होने के साथ-साथ शानदार बैटिंग भी करते हैं। क्रुणाल पांड्या को आरसीबी ने इस बार 5.75 करोड़ में खरीदा है। आरसीबी की प्लेइंग इलेवन में तेज गेंदबाज के रूप में भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड और यश दयाल हो सकते हैं जबकि स्पिनर के रूप में ये टीम सयश शर्मा के साथ उतर सकती है।

### आईपीएल 2025 के लिए आरसीबी की बेस्ट प्लेइंग इलेवन

फिल साल्ट, विराट कोहली, लियाम लिविंगस्टोन, देवदत्त पडिक्कल, टिम डेविड, रजत पाटीदार, क्रुणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, यश दयाल, जोश हेजलवुड, सुयश शर्मा।

### आईपीएल 2025 के लिए आरसीबी की पूरी टीम

विराट कोहली (21 करोड़), रजत पाटीदार (11 करोड़), यश दयाल (5 करोड़), लियाम लिविंगस्टोन- 8.75 करोड़, फिल साल्ट- 11.50 करोड़, जितेश शर्मा- 11 करोड़, जोश हेजलवुड- 12.50 करोड़, रसिकदार- 6 करोड़, सुयांश शर्मा- 2.60 करोड़, क्रुणाल पांड्या- 5.75 करोड़, भुवनेश्वर कुमार- 10.75 करोड़, स्वप्निल सिंह- 50 लाख, टिम डेविड- 3 करोड़, रोमारियो शेफर्ड- 1.50 करोड़, नुवान तुषारा- 1.60 करोड़, मनोज भांडगे- 30 लाख, जैकल बेथेल- 2.60 करोड़, देवदत्त पडीक्कल- 2 करोड़, सात्विक चिकारा- 30 लाख, लूंगी नगीडी- 1 करोड़, अभिनंदन सिंह- 30 लाख, मोहित राठी- 30 लाख।

# आईपीएल ऑक्शन के टॉप-5 सरप्राइज

### वेंकटेश की सैलरी ?15.75 करोड़ बढ़ी, वॉर्नर-शार्दूल अनसोल्ड; 13 साल का अनकैप्ड प्लेयर बना करोड़पति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल का मेगा ऑक्शन 24 और 25 नवंबर को सऊदी अरब के जेद्दाह में हुआ। नीलामी इंडियन प्लेयर्स के लिए वाकई मेगा साबित हुई, क्योंकि सबसे महंगे पांचों टॉप खिलाड़ी भारत के ही रहे। ऑक्शन इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ। पहली बार ही 2 खिलाड़ियों की बोली 25 करोड़ रुपए पार भी कर गई।

ऑक्शन में कई और चौंकाने वाले फैसले भी देखने को मिले। आईपीएल चैंपियन कप्तान डेविड वॉर्नर और भारतीय ऑलराउंडर शार्दूल ठाकुर को खरीदार ही नहीं मिला। इंग्लिश ऑलराउंडर सैम करन की कीमत 16.10 करोड़ रुपए घट गई, वहीं 13 साल के अनकैप्ड बैटर वैभव सूर्यवंशी आईपीएल में करोड़पति बनने वाले सबसे युवा प्लेयर बने।

### स्टोरी में ऑक्शन के टॉप-5 सरप्राइज

1. वेंकटेश की कीमत 3 गुना बढ़ी भारत के वेंकटेश अय्यर और अफगानिस्तान के नूर अहमद की कीमतों ने हैरान किया। कोलकाता ने वेंकटेश को 23.75 करोड़ रुपए में खरीदा, वह पिछले सीजन चयक्र से ही खेले थे। हालांकि, तब उनकी सैलेरी 8 करोड़ रुपए ही थी, उन्हें इस बार 3 गुना ज्यादा रकम मिल गई। वेंकटेश के लिए बेंगलुरु ने भी बोली लगाई थी, लेकिन केकेआर ने आखिर में बाजी मार ली। उन्होंने पिछले सीजन हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल फाइनल में फिफ्टी लगाई थी। वेंकटेश ने केकेआर के लिए 51 मैचों में 137.12 के स्ट्राइक रेट से 1326 रन बनाए हैं।
2. विल जैक्स और नूर अहमद का इस्तेमाल इंग्लैंड के विल जैक्स और अफगानिस्तान के नूर अहमद की खरीदी ने भी चौंकाया। जैक्स को 5.25 करोड़ रुपए में मुंबई और नूर को 10 करोड़ रुपए में चेन्नई ने खरीदा।

ऑक्शन में मुंबई ने जैक्स पर 5.25 करोड़ रुपए की बोली लगाई, आरसीबी यहां राइट टु मैच कार्ड यूज कर सकती थी, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। आरसीबी के पास



पर्स में रकम भी बहुत थी। इस फैसले के बाद एमआई के आकाश अंबानी अपनी टेबल से उठकर आरसीबी मालिक से हाथ मिलाने पहुंच गए। जैक्स ने पिछले सीजन आरसीबी के लिए 8 मैचों में 175.57 की स्ट्राइक रेट से 230 रन बनाए थे।

अफगानिस्तान के नूर पर ऑक्शन में चेन्नई ने 5 करोड़ रुपए की बोली लगाई। यहां गुजरात ने आरटीएम इस्तेमाल कर लिया। चेन्नई से फाइनल बिड करने को कहा गया, टीम ने सीधे 10 करोड़ रुपए बोली लगा दी। गुजरात ने मना किया और नूर 10 करोड़ में ही सीएसके के हो गए। नूर पिछले सीजन 30 लाख रुपए में बिके थे, इस बार उनकी सैलरी करीब 33 गुना तक बढ़ गई।

3. 13 साल के वैभव बने अनकैप्ड करोड़पति ऑक्शन में कई अनकैप्ड प्लेयर्स भी करोड़पति बन गए। इनमें 13 साल के वैभव सूर्यवंशी का नाम सबसे चौंकाने वाला रहा। 30 लाख की बेस प्राइस पर उनके लिए राजस्थान और दिल्ली ने बोली लगाई। आखिर में राजस्थान ने उन्हें 1.10 करोड़ रुपए में खरीदा। इसी के साथ वह आईपीएल इतिहास के सबसे युवा करोड़पति बन गए।

वैभव बिहार से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं और फर्स्ट क्लास डेब्यू कर चुके हैं। लेफ्ट हैंड ओपनिंग बैटर ने 2 महीने पहले ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम के खिलाफ अनऑफिशियल टेस्ट में शतक भी लगाया था। इसलिए उनका नाम तेजी से उभरा, जिसका फायदा उन्हें ऑक्शन में भी मिला।

4. शार्दूल-वॉर्नर को नहीं मिला खरीदार 2016 में हैदराबाद को आईपीएल चैंपियन बनाने वाले डेविड वॉर्नर को ऑक्शन में खरीदार ही नहीं मिला। उन्होंने पिछला सीजन दिल्ली से खेला था, वह 8 मैचों में 168 रन ही बना सके थे। उनके नाम आईपीएल करियर के 184 मैचों में 6565 रन हैं। ऑलराउंडर शार्दूल ठाकुर भी अनसोल्ड रहे, उनका नाम 2 बार ऑक्शन में आया, लेकिन किसी भी टीम ने बोली नहीं लगाई। शार्दूल को 2023 में कोलकाता ने 10 करोड़ रुपए में खरीदा था। वह पिछले सीजन सीएसके से 9 मैचों में 5 ही विकेट ले सके थे। उनके नाम करियर के 95 मैचों में 307 रन और 94 विकेट हैं।
5. करन की कीमत 7.7 गुना घटी, स्टार्क भी आधी कीमत पर आए 2023 के मिनी ऑक्शन में सबसे ज्यादा कीमत पाने वाले लेफ्ट आर्म पेसर मिचेल स्टार्क को इस बार आधी कीमत भी नहीं मिली। वहीं 18.50 करोड़ रुपए में बिकने वाले सैम करन की वैल्यू इस बार 7.7 गुना तक कम हो गई। करन को सीएसके ने महज 2.40 करोड़ रुपए में खरीद लिया, उन्होंने पिछले सीजन 13 मैचों में 16 विकेट लिए थे। करन को अब 16.10 करोड़ रुपए कम मिलेंगे। स्टार्क को पिछले सीजन केकेआर ने 24.75 करोड़ रुपए में खरीदा था। इस बार उन्हें दिल्ली ने 11.75 करोड़ में खरीद लिया। उनकी कीमत में 47.69त्न की गिरावट हुई, उन्हें पिछली बार से पूरे 13 करोड़ रुपए कम मिलेंगे। जो इस बार के खिलाड़ियों में करन के बाद सबसे कम है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### ग्रेटर नोएडा में सोफा बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग, जिंदा जल गए 3; एक मथुरा और दो बिहार के मजदूर

**नोएडा एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा में सोफा बनाने वाली एक फैक्ट्री में भीषण आग लग जाने से तीन लोगों की मौत हो गई है। तीनों इस फैक्ट्री में काम करते थे। जिस वक्त आग लगी वे अंदर सो रहे थे। मारे गए लोगों में एक मथुरा और दो बिहार के रहने वाले हैं। आग पर काबू पा लिया गया है। फायर ब्रिगेड के मुताबिक, मंगलवार को थाना बीटा 2 थाना क्षेत्र में साइट फॉर फैक्ट्री नंबर 4जी में आग लगने की सूचना मिली थी। यहां सोफा बनाने का काम होता है। तत्काल स्थानीय पुलिस और फायर स्टेशन की गाड़ियां मौके पर पहुंची और राहत-बचाव का काम शुरू किया गया। आग बुझाने के बाद तलाशी के दौरान तीन शव पाए गए। मृतकों के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतकों की पहचान कर ली गई है। गुलफाम (23) पुत्र पप्पु निवासी ग्राम भूडा थाना राया जिला मथुरा, मजहर (29) आलम पुत्र जाहिद निवासी बैराजाल थाना बारसोई जिला कटिहार बिहार और दिलशाद (24) निवासी अरहरिया बिहार ने इस भीषण अग्निकांड में अपनी जान गंवाई है। पुलिस ने मतृकों के परिवारों को सूचना दी है।

### जींद के खनोरी बॉर्डर पर किसान आंदोलन: पुलिस ने रात 3 बजे जगजीत सिंह डल्लेवाल को हिरासत में लिया

**जींद, एजेंसी।** खनोरी बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन में पुलिस ने रात के समय बड़ी कार्रवाई की। पुलिस बल ने मंगलवार रात करीब 3 बजे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को धरनास्थल से हिरासत में ले लिया। डल्लेवाल आमरण अनशन पर बैठने की तैयारी कर रहे थे। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद खनोरी बॉर्डर पर किसानों की संख्या बढ़ने लगी। आंदोलन स्थल पर तनाव का माहौल है। सूत्रों के मुताबिक, डल्लेवाल ने अनशन पर बैठने से पहले अपनी संपत्ति, जमीन और जायदाद अपने बेटे, बहू और पोते के नाम कर दी थी। पुलिस बल ने आधी रात के बाद यह कार्रवाई की, जब धरना स्थल पर अपेक्षाकृत कम संख्या में किसान मौजूद थे। किसान नेताओं ने पुलिस की इस कार्रवाई की कड़ी निंदा की है और इसे आंदोलन को दबाने की कोशिश करार दिया है। जगजीत सिंह डल्लेवाल की हिरासत के बाद आंदोलन स्थल पर किसानों का आक्रोश बढ़ रहा है। बड़ी संख्या में किसान खनोरी बॉर्डर पर जुटने लगे हैं। किसान संगठनों ने डल्लेवाल को रिहा करने की मांग की है और सरकार पर आरोप लगाया है कि वह आंदोलन को खत्म करने के लिए दबाव बना रही है।

### शिवसेना-यूबीटी ने नेता प्रतिपक्ष के पद पर दावा किया ? नए विधायकों ने विधानसभा सचिव से की मुलाकात

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) ने अपने विधायक दल के नेता का चयन कर लिया है. शिवसेना (यूबीटी) के नवनिर्वाचित 20 विधायकों की बैठक सोमवार 25 नवंबर को मातोश्री में हुई. इस बैठक में कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए और भास्कर जाधव को विधायक दल का नेता चुना गया. वहीं, आदित्य ठाकरे को सदन का नेता चुना गया. इस बीच, शिवसेना (यूबीटी) के नवनिर्वाचित विधायकों ने विधानसभा के सचिव से मुलाकात की और उन्हें पत्र सौंपा. मुलाकात के बाद शिवसेना (यूबीटी) विधायक दल के नेता भास्कर जाधव ने बताया, मातोश्री में नवनिर्वाचित 20 विधायकों की बैठक हुई. इसमें विधायक दल के नेता और सदन के नेता का चयन किया गया. हमने विधानसभा सचिव से मुलाकात की और उन्हें इस चयन से संबंधित पत्र सौंपा. इस बीच, सचिव से मुलाकात के बाद सभी विधायकों ने विधान भवन में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का माल्यार्पण किया. इस अवसर पर आदित्य ठाकरे, महेश सावंत, सुनील प्रभु, सचिन अहीर आदि विधायक मौजूद थे. इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए भास्कर जाधव ने कहा, हमने विधानसभा के सचिव से मुलाकात की और चर्चा की कि विपक्ष के नेता पद के लिए क्या नियम हैं? क्या मापदंड हैं? हमने सचिव से यह भी मांग की कि वे हमें बताएं कि विपक्ष के नेता पद के लिए कितने सदस्यों की आवश्यकता है? इसके लिए क्या प्रक्रिया है? और इसके लिए क्या कानून है? हालांकि, इस दौरान सचिव भ्रमित दिखे.

# परिवार के 32 वोट भी नहीं मिले, ईवीएम के खिलाफ आंदोलन की तैयारी में शरद पवार की एनसीपी



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस, एनसीपी और उद्धव सेना के गठजोड़ को करारी हार मिली है। नतीजा आए तीन दिन हो गए हैं, लेकिन अब तक महाविकास अघाड़ी के नेता इस हार को स्वीकार नहीं कर पाए हैं। संजय राउत तो लगातार ईवीएम पर सवाल उठा रहे हैं और उनका कहना है कि बैलेट पेपर से चुनाव कराने चाहिए। इस बीच शरद पवार की एनसीपी के सीनियर नेता जितेंद्र अव्हाड ने भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि हम अपनी हार के लिए कोई एक कारण नहीं मान सकते। यही नहीं अव्हाड ने कहा कि मुझे तो यकीन नहीं होता कि लड़की बहिन योजना का इतना असर हो सकता है।

उन्होंने कहा, कोई एक कारण सामने नहीं आ रहा है। चुनाव के बाद कुछ बदला नहीं था। बेरोजगारी और महंगाई में इजाफा हुआ है। लड़कि बहिन योजना का कोई इतना असर नहीं होता है। जैसे चंद्रपुर की सीट आप देखेंगे तो वह हमने 2 लाख 40 हजार के अंतर से जीती थी। अब आप देखिए कि वह 2 लाख 40 हजार तो गए ही उसके ऊपर 1 लाख वोट और कैसे चले गए। ऐसा नहीं हो सकता। यहां तक कि जीते हुए विधायकों ने भी कहा कि साहब हम जीतकर आए हैं, लेकिन कहीं न कहीं ईवीएम का बड़ा मसला है। इसके खिलाफ पूरे राज्य में आंदोलन खड़ा हो सकता है। अभी कई गांव खड़े हुए हैं। वहां लोगों का कहना है कि जब हमने वोट ही नहीं दिया तो आए कहां से।

अव्हाड ने कहा, एक परिवार में 32 वोट हैं। उन सभी लोगों ने अपने घर के कैंडिडेट को वोट दिया है। फिर भी उसे जीरो वोट दिखाया है। ऐसा कैसे हो सकता है? इससे पहले संजय राउत ने मांग उठाई थी कि दोबारा चुनाव होने चाहिए और वोटिंग बैलेट पेपर से कराई जाए। राउत ने कहा, 'ईवीएम को लेकर हमें करीब 450 शिकायतें मिलीं। बार-बार आपत्ति जताए जाने के बावजूद इन मामलों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। हम कैसे कह सकते हैं कि ये चुनाव निष्पक्ष तरीके से हुए? इसलिए मेरी मांग है कि नतीजों को रद्द किया जाए और दोबारा चुनाव मत पत्रों के जरिए कराए जाएं।' संजय राउत बोले- कैंडिडेट के परिवार में 65 वोट, पर मिले सिर्फ 4

उन्होंने कहा कि नासिक में एक उम्मीदवार को कथित तौर पर केवल चार वोट मिले, जबकि उसके परिवार के 65 वोट थे। उन्होंने कहा कि डोंबिवली में ईवीएम की गिनती में विसंगतियां पाई गईं और चुनाव अधिकारियों ने आपत्तियों को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। शिवसेना यूबीटी के नेता ने कुछ उम्मीदवारों की भारी जीत की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठाते हुए कहा, 'उन्होंने ऐसा कौन सा क्रांतिकारी काम किया जो उन्हें 1.5 लाख से अधिक वोट मिले? यहां तक ??कि हाल में पार्टी बदलने वाले नेता भी विधायक बन गए। इससे संदेह पैदा होता है।

## रात में हैवान बन जाता था पति, पत्नी को बेहोश कर 11 वर्षीय बेटी से करता था दुष्कर्म; मां ने सुनाई करतूत

**गाजियाबाद एजेंसी।** गाजियाबाद के विजयनगर थाना क्षेत्र में एक सौतेले पिता द्वारा 11 साल की बेटी के साथ दुष्कर्म करने का शर्मनाक मामला सामने आया है। पुलिस ने उसकी पत्नी की शिकायत पर आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। इस घटना के संबंध में पीड़ित बच्ची की मां ने ही केस दर्ज कराया है। विजयनगर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने बताया कि वह घरों में काम कर गुजर-बसर करती है। नौ साल पहले उसके पहले पति की मौत हो चुकी है। इसके बाद करीब छह साल पहले रोजी कॉलोनी निवासी आरिफ से उसका संपर्क हुआ। आरिफ ने उसे प्रेमजाल में फंसाकर उसकी और बच्ची की परवरिश का भरोसा दिया था। महिला के मुताबिक, आरिफ ने मंदिर में उसके साथ शादी की और तभी से वह साथ रह रहा था। कुछ दिनों से उसकी 11 वर्षीय बेटी की तबीयत खराब थी। मां द्वारा पूछताछ पर बच्ची ने आरिफ की घिनौनी हरकत के बारे में उसे बताया। बच्ची ने एक माह से दुष्कर्म करने की बात बताई। महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी रात में उसे नशीला पदार्थ देकर बेसुध कर देता था और फिर बेटी के साथ हैवानियत करता था। एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी का कहना है कि पॉक्सो ऐक्ट और दुष्कर्म का केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, एक दूसरे मामले में गाजियाबाद के ही खोड़ा निवासी दुष्कर्म पीड़िता किशोरी को सोमवार को अस्पताल से छुट्टी मिल गई, जबकि उसका बच्चा अभी दिल्ली में ही भर्ती है। दोनों की हालत में सुधार है।

## देश के लिए शहीद हो गए पापा, बेटी की शादी में कन्यादान कराने पहुंचे सीआरपीएफ जवान



**जींद, एजेंसी।** सीआरपीएफ के डीआइजी कोमल सिंह की टीम ने हरियाणा के जींद में शहीद सतीश कुमार की बेटी का कन्यादान किया। इसकी तस्वीरें और वीडियो फुटेज सोशल मीडिया पर वायल हो रहे हैं। इंटरनेट यूजर्स ने इसकी जमकर तारीफ की है और इसे दिल छू लेने वाली पहल बताया है। वीडियो में दिख रहा है कि शहीद की बेटी निशा की शादी में कई सीआरपीएफ जवान मौजूद हैं। दुल्हन और दूल्हा सोफे पर बैठकर अपने शहीद पिता की तस्वीर पकड़े हुए हैं। उनके पीछे खड़े जवान उन्हें आशीर्वाद देते नजर आ रहे हैं। मालूम हो कि सतीश कुमार 20 मार्च 2015 को जम्मू-कश्मीर के कठुआ में शहीद हो गए थे।

हरियाणा में जींद जिले के उचाना के छातर गांव से शहीद सतीश कुमार का ताल्लुक था। बीते शनिवार को शहीद की बेटी निशा की शादी हुई। वधू पक्ष की ओर से सीआरपीएफ जवानों ने ही बारात का जोरदार स्वागत किया। सीआरपीएफ अफसर ने पिता का फर्ज निभाते हुए कन्यादान किया और पूरे गांव ने अपनी बेटी को आशीर्वाद देकर विदा किया। शहीद सतीश की बेटी को शादी में अपने पिता की कमी महसूस न हो, इसका पूरा प्रयास रहा। ग्रुप सेंटर सोनीपत से डीआईजी कोमल सिंह, डिप्टी कमांडेंट वेदपाल, असिस्टेंट कमांडेंट कृष्ण कुमार और अन्य जवान पहुंचे थे। गांव में सुबह ही सीआरपीएफ के अधिकारियों और जवानों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। इन्होंने गांव वालों के साथ मिलकर शादी का पूरा माहौल बना दिया। सीआरपीएफ के डीआइजी कोमल सिंह ने पीटीआई से बातचीत में कहा, निशा हमारे शहीद सतीश की बेटी है। उससे हमारा खून का रिश्ता तो नहीं है मगर वह हमारे परिवार की बेटी है। वह सीआरपीएफ फैमिली का हिस्सा है। हम लोग यहां पर उसका सम्मान बढ़ाने के लिए आए हैं। हम उसे इस बात पर गर्व महसूस कराने आए हैं कि उसके पिता ने सर्वोच्च बलिदान दिया है।

# महाराणा प्रताप के वंशजों में मेवाड़ की गद्दी के लिए टकराव क्यों?



**मेवाड़, एजेंसी।** राजस्थान में महाराणा प्रताप के वंशजों के बीच टकराव ने हिंसक रूप ले लिया है। उदयपुर में राजपरिवार के बड़े बेटे महेंद्र सिंह मेवाड़ के बेटे विश्वराज सिंह मेवाड़ को गद्दी पर बैठाने की परंपरा निभाई गई। दूसरी तरफ, महेंद्र सिंह के छोटे भाई अरविंद सिंह मेवाड़ ने इस रस्म को ग़ैरक़ानूनी करार दिया है। उनका कहना है कि गद्दी पर अधिकार उनके बेटे लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ का है। विश्वराज सिंह मेवाड़ का अपने चाचा अरविंद सिंह मेवाड़ के साथ कानूनी विवाद के बीच राजतिलक हुआ है। विवाद ने हिंसक रूप ले लिया है। उदयपुर की गद्दी को लेकर विवाद काफ़ी पुराना है। बड़े बेटे महेंद्र सिंह मेवाड़ और छोटे बेटे अरविंद सिंह मेवाड़ के बीच इसे लेकर कई बार टकराव भी हो चुका है। कई अदालतों में यह मामला चल रहा है। हालांकि अभी मेवाड़ चैरिटेबल ट्रस्ट के ज़रिए छोटे बेटे अरविंद सिंह मेवाड़ ही उदयपुर राज घराने की गद्दी को संभालते हैं और सिटी पैलेस में रहते हैं। मगर आसपास की रियासतों में बड़े बेटे यानी महेंद्र सिंह मेवाड़ का प्रभाव ज़्यादा है। विश्वराज सिंह के पिता महेंद्र सिंह मेवाड़ का हाल ही में निधन गया है। विश्वराज सिंह मेवाड़ राजतिलक होने के बाद अपने समर्थकों के साथ उदयपुर के जगदीश चौक के बाहर मौजूद हैं। परंपरा के तहत धूणी दर्शन के लिए उदयपुर पहुंचे हैं, जहां पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रास्ता रोक रखा है। मौके पर भारी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात हैं। विश्वराज मेवाड़ और उनके समर्थक धूणी के दर्शन करने की बात पर अड़े हैं, जबकि सिटी पैलेस के लोग किसी को भी अंदर नहीं जाने दे रहे हैं। प्रशासन दोनों पक्षों में विवाद शांत कराने के लिए समझाइश कर रहा है। इस बीच विश्वराज सिंह मेवाड़ और रणधीर सिंह भींडर कार से उतरकर बैरिकेडिंग से आगे सिटी पैलेस वाली रोड की तरफ पैदल निकले। कई घंटे से विश्वराज सिंह मेवाड़ अपनी कार में बैठे हुए थे। वहीं, उनके समर्थक लगातार नारेबाजी कर रहे हैं. फिलहाल, जिला प्रशासन द्वारा दोनों के बीच वार्तालाप का दौर जारी है, लेकिन अभी तक सहमति नहीं बन पाई है। वहीं, सिटी पैलेस के बाहर एकाएक जब समर्थकों का हुजूम गेट की ओर बढ़ा तो पैलेस के अंदर से पत्थरबाजी शुरू हो गई। वहीं भीड़ और पुलिस प्रशासन थोड़ी देर के लिए सभी वहां से भागने लगे। हालांकि इस दौरान तीन लोगों को पत्थर से गहरी चोट आई है। जो लोग घायल हुए हैं उन्हें तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। वहीं पत्थरबाजी के बाद बड़ी पोल से लेकर धूणी और जनाना महल तक के क्षेत्र के लिए कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए तुरंत रिसीवर नियुक्त किया गया है। बता दें सोमवार को विश्वराज सिंह मेवाड़ का राजतिलक हुआ। विश्व विख्यात ऐतिहासिक चित्तौड़गढ़ दुर्ग स्थित फतह प्रकाश महल में उनके राजतिलक की रस्म निभाई गई।

# पाकिस्तान में शिया-सुन्नी समुदाय सीजफायर पर सहमत



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में जारी संघर्ष के बीच 7 दिन के संघर्ष विराम पर सहमति बन गई है। सरकारी कोशिशों के बाद आपस में लड़ रही दोनों जनजातियां इसके लिए तैयार हो गई। खैबर पख्तूनख्वा सरकार ने दोनों समुदायों के बीच विवाद को सुलझाने के लिए उच्च स्तरीय आयोग बनाने का फैसला किया है। खैबर पख्तूनख्वा सरकार के प्रवक्ता मुहम्मद अली सैफ ने बताया कि सरकार ने दोनों समुदायों के नेताओं से बात की है। जिसके बाद सात दिन के संघर्ष विराम और एक-दूसरे को शव और बंदी लौटाने पर सहमति बनी। पिछले हफ्ते इस संघर्ष की शुरुआत तब हुई जब खैबर पख्तूनख्वा के कुर्रम जिले में अलीजई (शिया) और बागान (सुन्नी) जनजाति के संघर्ष में पैसेंजर वैन काफिले पर फायरिंग की गई। ये सभी गाड़ियां एक काफिले में पारचिनार से खैबर पख्तूनख्वा की राजधानी पेशावर जा रही थी। दोनों समुदायों के बीच तीन दिन चली इस हिंसा में अब तक 64 से ज्यादा लोगों की जान चली गई है और सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। हालांकि, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में मरने वाली संख्या 100 से भी ज्यादा बताई जा रही है।

पाकिस्तान में ज्यादातर आबादी सुन्नी मुस्लिम की है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक अफ्गानिस्तान बॉर्डर के पास कुर्रम की 7.85 लाख की आबादी में से आधी आबादी शिया मुस्लिम की है। इस वजह से दोनों समुदायों के बीच सांप्रदायिक तनाव बना रहता है। शुक्रवार को भी हिंसा जिले के उन इलाकों में ज्यादा हुई, जहां शिया और सुन्नी समुदाय के लोग आस-पास रहते हैं।

**सीमा विवाद की वजह से बना आतंकियों की पनाहगाह:** खैबर पख्तूनख्वा को लेकर हमेशा से पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव रहा है। इस वजह से कई आतंकी गुट इसे पनाहगाह की तरह इस्तेमाल करते हैं। यहां पर होने वाली आतंकी घटनाओं की एक बड़ी वजह बॉर्डर एरिया को लेकर दोनों देशों में आपसी सहमति न होना है। दरअस्ल, पाकिस्तान और अफगानिस्तान एक सीमा के जरिए अलग होते हैं। इसे डूरंड लाइन कहा जाता है। पाकिस्तान इसे बाउंड्री लाइन मानता है, लेकिन तालिबान का साफ कहना है कि पाकिस्तान का खैबर पख्तूनख्वा राज्य उसका ही हिस्सा है। पाकिस्तानी सेना ने यहां कांटेदार तार से फेंसिंग की है।

## बांग्लादेश अडाणी के साथ बिजली डील की जांच करेगा

**ढाका, एजेंसी।** अमेरिका में रिश्वत देने के आरोप में घिरे अडाणी ग्रुप की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। बांग्लादेश में शेख हसीना के पीएम रहते अडाणी ग्रुप के साथ हुए पावर एग्रीमेंट की जांच के लिए एक एजेंसी गठित करने की सिफारिश की गई है। अंतरिम सरकार की तरफ से गठित समिति ने इस एजेंसी के गठन की सिफारिश की है। साथ ही शेख हसीना के पीएम रहते हुए छह अन्य बड़े एनर्जी और पावर एग्रीमेंट के जांच की भी मांग की गई है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया- पावर, एनर्जी और खनिज संसाधन मंत्रालय की समीक्षा समिति ने 2009 से 2024 तक पावर प्रोडक्शन एग्रीमेंट को लेकर किए गए समझौते की जांच के लिए एजेंसी नियुक्त करने की सिफारिश की है।

**समिति की मांग- समझौतों को रद्द या पुनर्विचार करें:** अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस के ऑफिस से जारी बयान में कहा गया- समीक्षा समिति सात प्रमुख एनर्जी और पावर प्रोजेक्ट की समीक्षा कर रही है। इसमें अडाणी (गोड्डा) बीआईएफपीसीएल 1234.4 मेगावाट कोल फायर्ड प्लांट भी शामिल है। छह अन्य समझौतों में से एक चीनी कंपनी के साथ हुआ है, जिसने 1320 मेगावाट का कोल फायर्ड इलेक्ट्रिसिटी प्लांट बनाया है।

बयान में यह भी कहा गया है कि समिति ने कई सबूत जुटाए हैं, जिनके आधार पर अंतरराष्ट्रीय कानूनों और प्रक्रियाओं के मुताबिक समझौतों को रद्द या पुनर्विचार किया जाना चाहिए। इसके अलावा कई अन्य कॉन्ट्रेक्ट की जांच के लिए एक्स्ट्रा टाइम मांगा गया है।

**2016 में हसीना सरकार के साथ करार किया था:** अडाणी ग्रुप का गोड्डा पावर प्लांट ग्रुप का पहला इंटरनेशनल पावर प्लांट है। इसमें झारखंड के गोड्डा में 1600 मेगावाट का थर्मल पावर प्लांट लगाया था। इससे ट्रांसमिशन लाइन के जरिए बांग्लादेश पावर डेवलपमेंट बोर्ड को बिजली की सप्लाई की जा रही है। 2016 में इसे लेकर शेख हसीना सरकार के साथ करार किया गया था। अडाणी पावर लिमिटेड ने 10 अप्रैल 2023 से अपने पावर प्रोजेक्ट के जरिए बांग्लादेश को बिजली एक्सपोर्ट शुरू किया था।

# रब्बी मौत मामले में जारी की गई गिरफ्तार संदिग्धों की तस्वीरें



**अबू धाबी , एजेंसी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने यहूदी धर्मगुरु रब्बी जवी कोगन की हत्या मामले में तीन संदिग्धों के नाम और तस्वीरें जारी की। रब्बी जवी कोगन का शव पिछले सप्ताह मिला था। द टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल ने इस हत्या को यहूदी विरोधी आतंकवादी घटना बताया है। यूएई के अनुसार, तीनों व्यक्ति उज्बेक नागरिक हैं। तीनों संदिग्धों की पहचान 28 वर्षीय ओलम्पी तोइरोविच, 28 वर्षीय मखमुदजोन अब्दुरखिम और 33 वर्षीय अजीजबेक कामलोविच के रूप में हुई है।

इन तस्वीरों में उनके हाथों में हथकड़ी और आंखों पर पट्टी बंधी हुई दिख रही है, सबने नीली रंग की जेल की वर्दी पहन रखी है। मंत्रालय ने तीनों को मोल्दोवा नागरिक की हत्या के लिए जिम्मेदार बताया है। कोगन के पास इजरायल और मोल्दोवन की दोहरी नागरिकता थी।

इजरायली मीडिया की कई रिपोर्टों के अनुसार, संदिग्धों को मृत्युदंड का सामना करना पड़ सकता है। वह 2020 के आखिर में अमेरिका की मध्यस्थता में अब्राहम समझौते के तहत यूएई के साथ इजरायल के संबंधों को सामान्य होने के बाद से अबू धाबी चबाड चैप्टर के साथ जुड़े थे। कोगन का अंतिम संस्कार सोमवार रात 11 बजे यरुशलम में स्थित माउंट ऑफ ओलिव्स पर किया गया है।

कोगन, इजरायल रक्षा बल के पूर्व सैनिक थे और संयुक्त अरब अमीरात में यहूदी धार्मिक संस्था चबाड के रब्बी और दूत थे। वह गुरुवार को लापता हुए थे। इजरायली अधिकारियों ने रविवार की सुबह बताया कि उनका शव अमीराती शहर अल ऐन में मिला, जो ओमान की सीमा पर स्थित है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अधिकारियों को संदेह है कि ईरान द्वारा भर्ती किए गए कई उज्बेक नागरिकों ने रब्बी पर हमला किया और बाद में तुर्की भाग गए।

चैनल 12 की रिपोर्ट के अनुसार, तीनों संदिग्धों को संयुक्त अरब अमीरात में गिरफ्तार नहीं किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, उन्हें ढूंढने और गिरफ्तार करने का अभियान कई देशों तक चलाया गया था।

## भारतीय-अमेरिकियों ने हिंदुओं को निशाना बनाए जाने के विरोध में निकाली रैली

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** कनाडा और बांग्लादेश में लगातार हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। कभी मंदिरों तो कभी उनके घरों को नुकसान पहुंचाया जा रहा। इस बीच, सिलिकॉन वैली में भारतीय अमेरिकियों ने हिंदुओं के प्रति अपनी एकजुटता दिखाने के लिए रैली निकाली।

मिलपिटास सिटी हॉल में बड़ी संख्या में भारतीय अमेरिकियों को संबोधित करते हुए प्रमुख सामुदायिक नेताओं ने हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों के बारे में बात की। साथ ही अमेरिकी नेताओं से मानवाधिकार उल्लंघनों की निंदा करने और कनाडा तथा बांग्लादेश की सरकारों को उनकी हिंदू अल्पसंख्यक आबादी की सुरक्षा के लिए जवाबदेह ठहराने का आग्रह किया।

**दो लाख से अधिक रहते हैं भारतीय-अमेरिकी**

खाड़ी क्षेत्र दो लाख से अधिक भारतीय अमेरिकियों का घर है। बताया जा रहा कि रैली में शामिल लोगों ने ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में श्रद्धालुओं पर हुए हमले की सही तरीके से जांच नहीं होने पर निराशा जताई।

रैली में लोगों ने खालिस्तानी आतंकवाद बंद करो, कनाडाई-हिंदुओं की रक्षा करो, इस्लामी आतंकवाद बंद करो, बांग्लादेशी-हिंदुओं की रक्षा करो के नारे लगाए। उन्होंने कहा, हमने खालिस्तानी समर्थकों के मंदिर परिसर में घुसकर पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को पीटने के वीडियो देखे हैं। यह देखना भयावह है कि दिवाली मनाने गए हिंदुओं का उन द्वारा पीछा किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हमने देखा कि पुलिस खालिस्तान समर्थकों के साथ पहले से ही साठगांठ कर रही थी और हिंदू श्रद्धालुओं को पीट रही थी। कनाडा में हिंसा की स्वतंत्रता को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के रूप में तैयार किया जा रहा है। कनाडाई-हिंदुओं के बुनियादी मानवाधिकारों की रक्षा को लेकर ट्रूडो सरकार से हमारा भरोसा उठ चुका है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129